CMYK

अधिकतम :39°C
न्यूनतम: 25°C
तापमान

सेंसेक्स 82,391.72
निफ्टी 25,104.25

सोना 99,070
चांदी 1,09,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, बुधवार 11 जून 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 308 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 14 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**कैटरीना कैफ बनीं मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**यार्कशायर के लिए खेलेंगे ऋतुराज गायकवाड़**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## विदेश मंत्री का दावा: पाक को फिर उसी की भाषा में समझाएंगे

# पाक का तबाह एयरबेस राफेल की दक्षता का सबूत

**संघर्ष के मूल कारण यथावत बने हुए हैं, भारत ने दी पाकिस्तान को चेतावनी**



**ब्रुसेल्स।** भारत ने पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लगभग तीन सप्ताह बाद पुनः चेतावनी दी है कि संघर्ष के मूल कारण अब भी यथावत बने हुए हैं और आगे कभी भी आतंकवादी हमलों से उकसाए जाने पर भारत पाकिस्तान में कहीं भी और किसी भी हद तक हमला करने के लिए तत्पर है।

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने ब्रुसेल्स की यात्रा के दौरान बेल्जियम के समाचारपत्र पोलिटिको के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि यह (पाकिस्तान) एक ऐसा देश है जो राज्य की नीति के साधन के रूप में आतंकवाद के उपयोग में पूरी तरह से लिप्त है। यही पूरा मुद्दा है। यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले महीने युद्ध शुरू होने की परिस्थितियां अभी भी हैं, उन्होंने कहा कि यदि आप आतंकवाद के प्रति प्रतिबद्धता को तनाव का मूल कारण कहते हैं, तो बिल्कुल, यह है। दस मई को सैन्य कार्रवाई रोकने के बाद से एक भारतीय अधिकारी द्वारा भारतीय पक्ष को हुए नुकसान के बारे में कुछ टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा कि भारत के लड़ाकू विमानों और मिसाइलों ने पाकिस्तानी वायुसेना को इसके विपरीत कहीं अधिक व्यापक नुकसान पहुंचाया है, जिससे पाकिस्तान को शांति के लिए गुहार लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि जहां तक मेरा संबंध है, राफेल कितना प्रभावी था या अन्य प्रणालियां कितनी प्रभावी थीं – स्पष्ट रूप से, मेरे लिए प्रसन्नता का सबूत पाकिस्तानी पक्ष में नष्ट और अक्षम हवाई क्षेत्र हैं। लड़ाई 10 तारीख को एक कारण से और केवल एक कारण से बंद हुई, जो यह था कि 10 तारीख की सुबह हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर प्रहार किया और उन्हें अक्षम कर दिया।

## आतंकवाद का एकमात्र उद्देश्य भय फैलाना और समाज को अस्थिर करना है: नित्यानंद राय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि आतंकवाद का एकमात्र उद्देश्य दुनिया भर में भय फैलाना और समाज को अस्थिर करना है इसलिए इसे निर्णायक रूप से पराजित करना जरूरी है। श्री राय ने मंगलवार को यहां 23वें राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति, विकास और मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारा अनुभव है कि आतंकवाद को पूरी तरह से हराने के लिए हमें केवल सैन्य कार्रवाई से ज्यादा की जरूरत है। इसके लिए वैश्विक सहयोग जरूरी है। देशों को एक साथ आना चाहिए, खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए और आतंकवादियों के इरादों तथा तंत्र का पर्दाफाश करना चाहिए जिससे कि उनके नेटवर्क को प्रभावी ढंग से खत्म किया जा सके। आतंकवाद की प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह किसी एक देश की भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है।

## यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर लगा 15 हजार हर्जाना

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने तथ्यों को छिपाकर निगरानी याचिका दाखिल करने पर यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर 15 हजार रुपये का हर्जाना लगाकर याचिका खारिज कर दी। यह मामला बरेली के एक मकान व इमामबाड़े के पास की 17 दुकानों की वक्फ डीड का था। न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह फैसला यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से दाखिल पुनरीक्षण (निगरानी) याचिका पर दिया। इसमें विवादित संपत्तियों के लिए मुतवल्लियों की तैनाती के वक्फ ट्रिब्यूनल के वर्ष 2024 के एक फैसले को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था।

## बेंगलुरु भगदड़: आरसीबी के मार्केटिंग हेड को राहत नहीं

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने आरसीबी के मार्केटिंग प्रमुख निखिल सोसले को अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया है। अदालत ने 11 जून तक आदेश सुरक्षित रखा है। चार जून को बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने और उसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इस मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को किसी प्रकार की अंतरिम राहत देने से मंगलवार को इन्कार कर दिया। अदालत ने सोसले की याचिका पर अपना आदेश 11 जून तक सुरक्षित रखा। सोसले को केंद्रीय अपराध शाखा ने छह जून को गिरफ्तार किया था। सोसले ने अपनी याचिका में छह जून को सुबह उन्हें गिरफ्तार किए जाने की वैधता पर सवाल उठाया था।

# पिछले 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में दिया गया आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देशवासी भारत को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ जिस तरह से एकजुट हुए हैं यह देखकर खुशी होती है: मोदी**



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि देश में पिछले 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और सरकार ने रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के मौके पर शीर्ष नेतृत्व की ओर से सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया जा रहा है।

इसी कड़ी में प्रधानमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में देशवासियों के सामूहिक संकल्प और रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भरता तथा प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता की ओर ले जाने के अटूट दृढ़ संकल्प पर गर्व व्यक्त किया। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि पिछले 11 वर्षों में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जिसमें आधुनिकीकरण और रक्षा उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। देशवासी भारत को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ जिस तरह से एकजुट हुए हैं यह देखकर खुशी होती है।

## राजघाट पर अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की प्रदर्शनी आज से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी में राजघाट पर 11 से 15 जून तक एक प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है, जिसमें सशक्तिकरण, समावेशिता और सांस्कृतिक गौरव के साथ सरकार की विभिन्न उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार राजघाट पर गांधी दर्शन के बिरसा मुंडा लॉन में 'लोक संवर्धन पर्व' नाम से इस कार्यक्रम की परिकल्पना समावेशी विकास के उत्सव के रूप में की गई है।

## यूपी में बदलेगा मौसम, गरजेंगे बदरा

**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी और लू का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में अगले 36 घंटों में आंधी और गरज चमक के साथ वर्षा का अनुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 36 घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं वर्षा अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं, वहीं 12 जून से पूरे प्रदेश में कहीं-कहीं आंधी और बूंदाबांदी का अनुमान है। मौसम का बदला मिजाज 16 जून तक जारी करने की संभावना है। इस दौरान आंधी और वर्षा के चलते गर्मी से फौरी राहत मिलने की आशा है। विभाग के अनुसार मंगलवार को प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में झांसी और आगरा में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। इस दौरान उष्ण हवाएं (लू) और उमस भरी गर्मी लोगों को झुलसाती रही।

# दिल्ली के अपार्टमेंट में आग, कूदने से दो बच्चों समेत तीन की मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला स्थित एक अपार्टमेंट में आग लगने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। यह घटना पूर्वाह्न करीब 10:00 बजे द्वारका सेक्टर 13 स्थित शब्द अपार्टमेंट की है। आग की लपटों में घिरे फ्लैट से जान बचाने के लिए करीब 35 साल के यश और उनके परिवार के दो अन्य बच्चों ने सातवीं मंजिल की बालकनी से छलांग लगा दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को तत्काल पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि आग की इस घटना में यश की पत्नी और बड़े बेटे भी घायल हो गए। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने दमकल की आठ गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया।



## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई में एमबीबीएस तीसरे वर्ष के छात्र ने की आत्महत्या

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में सरकारी सहायता प्राप्त मेडिकल कॉलेज और सर जे जे अस्पताल में एमबीबीएस के तीसरे वर्ष के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा प्राथमिक जांच से पता चला है कि छात्र अवसाद में था। पुलिस के अनुसार रोहन रामफेर प्रजापति (22) ने रविवार रात सर जे जे अस्पताल परिसर में अपने छात्रावास के कमरे के छत पंखे से कथित तौर पर फांसी लगा ली। घटना का पता तब चला जब उसका रूममेट रितेश विश्वकर्मा उसी दिन रात 10-50 बजे छात्रावास के कमरे में आया। उन्होंने बताया कि प्रजापति को अस्पताल के आपातकालीन खंड में ले जाया गया लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रजापति का शव उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है और जांच जारी है।

### बस्ती में हाईटेंशन तार से चिपककर सगे भाइयों की मौत

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र मे मंगलवार को हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दो सगे भाईयों ी मौत हो गई। पुलिस सूत्रो ने बताया कि क्षेत्र के खुटहन गांव निवासी विश्वबल्लभ यादव (23) और शशि भूषण (25) सगे भाई है। मंगलवार को किसी काम के लिए दोनो एक लोहे की सीढ़ी ले जा रहे थे कि रास्ते में सीढ़ी हाईटेंशन तार में स्पर्श हो गई और दोनो गंभीर रुप से झुलस कर अचेत हो गए। दोनो को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि 10 फिट पर लटक रहे हाईटेंशन तार को ऊपर करने के लिये कई बार बिजली विभाग में शिकायत किया गया लेकिन बिजली विभाग द्वारा कुछ नहीं किया गया।

### आरक्षण पर जम्मू-कश्मीर कैबिनेट ने मसौदा तैयार किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मौजूदा आरक्षण नीति के खिलाफ शिकायतों पर गौर करने के लिए पिछले साल गठित जम्मू-कश्मीर कैबिनेट उप-समिति ने अपनी रिपोर्ट का मसौदा तैयार कर लिया है, जिसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। यह जानकारी कैबिनेट उप-समिति की प्रमुख जम्मू-कश्मीर की मंत्री सकीना इटू ने दी है।

### फारूक अब्दुल्ला वंदे भारत में सवार हुए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को श्रीनगर के नौगाम रेलवे स्टेशन से कटरा तक वंदे भारत ट्रेन में सफर किया और इस सेवा की सराहना की तथा इसे स्थानीय लोगों और पर्यटन के लिए वरदान बताया। गौरतलब है कि नौगाम रेलवे स्टेशन उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो कश्मीर को जम्मू क्षेत्र और शेष भारत से जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई घाटी को जम्मू के कटरा शहर से जोड़ने वाली दो सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों का परिचालन सात जून को शुरू हुआ। अब्दुल्ला ने ट्रेन में सवार होने से पहले संवाददाताओं से कहा कि ट्रेन सेवा पर्यटन को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी और निवासियों के लिए यात्रा को आसान बनाएगी।

# भारतीयों पर अत्याचार को लेकर ट्रम्प से बात करें पीएम

■ अमेरिकी राष्ट्रपति दबाव बना रहे: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका में भारतीयों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीयों पर हो रहे अत्याचार को रोकने में विफल रहे हैं, इसलिए अब श्री मोदी को तत्काल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इस बारे में बात करनी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका में भारतीय नागरिकों के सम्मान को ठेस पहुंचाई जा रही है और अपमानित करने की घटना ट्रम्प के राष्ट्रपति पद पर बैठने के साथ से आरंभ हो गई थी जो रुकने का नाम नहीं ले रही है। रमेश ने कहा कि मोदी सरकार भारत और भारतीयों के सम्मान की रक्षा करने में विफल हो रही है। पहली बार किसी अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष ने वॉशिंगटन डीसी में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति लगातार भारत पर दबाव बनाए रखने का श्रेय ले रहे हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी युद्ध विराम या अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाए हैं। भारत और भारतीयों के सम्मान की रक्षा करना पीएम की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से एक है। हम मांग करते हैं कि मोदी राष्ट्रपति ट्रंप से बात करें और भारतीयों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और अमेरिका में भारतीय छात्रों में व्याप्त भय के मामले में हस्तक्षेप करने की अपील करें।

# छह राज्यों में लू का अलर्ट, बारिश की संभावना नहीं

■ 47.3 डिग्री पारे के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म, असम में अब भी 1.63 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित

**नई दिल्ली, वार्ता**



देश के उत्तरी राज्यों में तेज गर्मी का दौर जारी है। देश के 6 राज्यों के 18 शहरों का तापमान सोमवार को 45 डिग्री के ऊपर रहा। इन राज्यों में राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली और ओडिशा शामिल हैं। राजस्थान का श्रीगंगानगर 47.3 डिग्री पार के साथ देश में सबसे गर्म रहा।

दिल्ली-एनसीआर समेत पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मंगलवार को भी हीट वेव और तेज गर्मी की चेतावनी जारी रही। दिल्ली में आज भी तापमान 45 डिग्री पार के पास जा सकता है। राज्य में अगले दो दिन के लिए हीट वेव-गर्मी का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने राजस्थान में तेज हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है।

सबसे ज्यादा असर पश्चिमी जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, पाली, जालोर, सिरोही में है। हरियाणा में भी सोमवार को तापमान 45 डिग्री के आंकड़े को भी पार कर गया। प्रदेश में सिरसा 46.4 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार तो हुआ है, लेकिन राज्य के 1.63 लाख लोग अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य में इस साल बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में 27 लोगों की मौत हो चुकी है। फिलहाल कोई भी नदी खतरे के निशान के ऊपर नहीं बह रही है। पिछले 6 साल की तुलना में इस साल आंध्र प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून पहले आया, लेकिन यह भरपूर नहीं रहा। जून के पहले नौ दिनों में 59प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई। इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून 4 जून की अपनी सामान्य तारीख से 9 दिन पहले 26 मई को आंध्र प्रदेश पहुंचा था।

इन दिनों में राज्य में 24.4 एमएम की सामान्य औसत बारिश के मुकाबले केवल 10.1 एमएम औसत बारिश दर्ज की गई। पूरे राज्य में चार जिलों- कोनासीमा, बापटला, पूर्वी गोदावरी और कृष्णा के अलावा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के खास इलाके में पहले 9 दिनों में बारिश नहीं हुई। आंध्र प्रदेश के तटीय इलाके, यनम मंडल के दो जिले अनकापल्ली-विजयनगरम में सामान्य वर्षा हुई। श्रीकाकुलम में ज्यादा बारिश हुई। एलुरु में 80प्रतिशत, गुंटूर 95 प्रतिशत, काकीनाड़ा 66 प्रतिशत, एनटीआर 81प्रतिशत, एसपीएसआर नेल्लोर 64 प्रतिशत और पश्चिम गोदावरी जिलों में 96 प्रतिशत कम बारिश हुई।

## सीएम योगी ने सपा पर हमला बोलते हुए पूछा सवाल

# विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ क्यों नहीं बोली

**बहराइच, वार्ता**



■ सुहेलदेव समेत सभी महापुरुषों का सम्मान क्यों नहीं किया गया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि मुस्लिम वोट बैंक के कारण समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के नेता विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोलते थे। कांग्रेस, सपा व अन्य दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि सपा कांग्रेस के लोगों ने क्या किया।

महाराजा सुहेलदेव समेत अन्य महापुरुषों को पहले क्यों सम्मान नहीं मिल पाया। इनके नाम पर भव्य स्मारक, मेडिकल कॉलेज, विश्व. विद्यालय पहले क्यों नहीं बना, क्योंकि उन्हें वोटबैंक की चिंता थी। महापुरुषों का नाम रखने पर तुष्टिकरण की नीति फेल न हो जाए। जब भाजपा देश-प्रदेश में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के नाम पर सरदार पटेल की सबसे बड़ी प्रतिमा केवड़यि गुजरात में स्थापित कराई, तब सपा राष्ट्रतोड़क जिन्ना का गुणगान कर रही थी। जब हम लोग महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव को मनाने की बात करते थे, तब सपा व कांग्रेस में होड़ लगती थी कि गाजी मियां का विवाह होना चाहिए। हमने कहा कि विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन बंद और राष्ट्रनायकों का सम्मान होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को चित्तौरा ब्लॉक के मसीहाबाद ग्रामसभा में महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होने 40 करोड़ से बने महाराजा सुहेलदेव स्मारक का उद्घाटन और महाराजा सुहेलदेव की कांस्य की 40 फिट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने 1243 करोड़ की 384 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास भी किया। उन्होने यहां 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण भी किया। गाजी के नाम पर होने वाले आयोजनों को इस बार से पूरी तरह से बंद कराने वालों को सीएम ने धन्यवाद दिया। उन्होने जयंती पर महाराजा बलभद्र सिंह को भी याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार वर्ष पहले महाराजा सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांताओं को जवाब देने की मिसाल प्रस्तुत की थी, लेकिन इतिहास में उन्हें जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला। पीएम मोदी के विकास व विरासत के अभियान को बढ़ाते हुए भाजपा की डबल इंजन सरकार ने उन्हें सम्मान देने का संकल्प लिया था।

### बदायूं, बिजनौर समेत चार जिलों के धार्मिक स्थलों की विकास योजनाओं को मिली स्वीकृति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक और विरासत पर्यटन को सशक्त बनाने के प्रयासों के तहत पर्यटन विभाग ने बदायूं, कौशांबी, प्रतापगढ़ और बिजनौर जिले के महत्वपूर्ण धार्मिक एवं बौद्ध स्थलों के विकास के लिए दो करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य न केवल पर्यटन स्थलों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना है, बल्कि पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना तथा पर्यटन क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को गति देना भी है।

### खुद को तपाकर मोदी ने भारतीयों को बनाया विश्वास का प्रतीकः सीएम

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के अब तक के 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार देते हुए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 11 वर्ष का यह कार्यकाल नए भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर, स्वर्णिम कालखंड के रूप में प्रस्तुत करता है। इस स्वर्णिम कालखंड के लिए हम उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश वासियों की ओर से प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, आजादी के 65 वर्षों में कांग्रेस नेतृत्व और अन्य अस्थिर सरकारों के कारण आमजन का विश्वास टूटा था, विश्वास खंडित हुआ था, वैश्विक मंच पर भारत की छवि तार-तार हुई थी। पिछले 11 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के रूप में भ्रष्टाचार से मुक्त, परिवारवाद से मुक्त, तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्त, एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला एक ऐसा नेतृत्व मिला है जिन्होंने पूरे भारत को विश्वास का प्रतीक बनाकर भारत को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की एक सुदृढ़ नींव का निर्माण करते हुए अगले 25 वर्ष के व्यापक कार्य योजना पूरे भारतवासियों के सामने प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में भारत में न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बल्कि सुरक्षा की मोर्चे पर, सुशासन के मोर्चे पर और आर्थिक मोर्चे पर भी एक नई पहचान बनाई है। शासन की नीति स्पष्टता, कार्य प्रणाली की पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही अब शासन की एक नई पहचान बनी है।

# यूपी में जल्द आएंगे नए ईएसआई अस्पताल

■ मेरठ, शाहजहांपुर व बरेली में चल रहा तेजी से निर्माण कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का श्रम एवं सेवायोजन विभाग कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के तहत श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर रहा है और इसी कड़ी में सरकार ने मेरठ, बरेली, शाहजहांपुर, गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के निर्माण के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईएसआई योजना के तहत वर्तमान में श्रमिकों को प्राथमिक और द्वितीयक चिकित्सा देखभाल, सुपर स्पेशियलिटी उपचार और आकस्मिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके तहत बीमांकित कर्मचारियों और उनके परिजनों को राजकीय मेडिकल कॉलेजों या जिला अस्पतालों में रेफर कर उपचार सुनिश्चित किया जाता है, साथ ही स्वयं के खर्च पर उपचार की प्रतिपूर्ति भी की जाती है। प्रदेश में ईएसआई निगम के 109 अनुबंधित निजी चिकित्सालयों में कैशलेस उपचार उपलब्ध है। इसके अलावा, रोग रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। डाट्स सेंटर के माध्यम से टीबी की निष्शुल्क जांच और उपचार प्रदान किया जा रहा है। चिकित्सा अवकाश प्रमाणीकरण की सुविधा भी इस योजना का हिस्सा है। उन्होने बताया कि सरकार की भावी योजनाओं में स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार और आधुनिकीकरण प्राथमिकता पर है। मेरठ, शाहजहांपुर और बरेली में नए अस्पतालों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जबकि गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी करने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त, 12 नए औषधालयों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के पीआईपी प्लान के तहत 237.50 लाख रुपये और 2025-26 के लिए 80.90 लाख रुपये के उपकरणों की स्वीकृति ईएसआई निगम से प्राप्त हो चुकी है, जिससे अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से शेयर बाजार की तेजी थमी

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, दूरसंचार, और रियल्टी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार चार दिनों की तेजी आज थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 53.49 अंक गिरकर 82,391.72 अंक रह गया वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 25104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2991 कंपनियों के शेयरों में से 1609 में तेजी जबकि 1302 में गिरावट रही वहीं 80 में टिकाव रहा। बीएसई के आठ समूहों में बिकवाली हुई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 199 अंक की तेजी के साथ 82,643.73 अंक पर खुला, लेकिन भारी बिकवाली से थोड़ी देर बाद ही 82,240.40 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,445.21 अंक के मुकाबले 0.06 प्रतिशत उतरकर 82,391.72 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी25,199.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,103.20 अंक की तुलना में मामूली बढ़त के साथ 25,104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एशियन पेंट 1.27, बजाज फाइनेंस 1.16, टाटा स्टील 0.99, बजाज फिनसर्व 0.92, आईसीआईसीआई बैंक 0.84, मारुति 0.82, रिलायंस 0.69, महिंद्रा एंड मलहद्रा 0.65, एचडीएफसी बैंक 0.64, भारती एयरटेल 0.62, इटरनल 0.45, एसबीआई 0.37, सन फार्मा 0.29 और टाइटन 0.28 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, टेक महिंद्रा 2.27, टाटा मोटर्स 2.01, इंफोसिस 1.51, एचसीएल टेक 1.18, इंडसइंड बैंक 1.17, टीसीएस 1.16, अल्ट्रासिम्को 1.16, आईटीसी 0.96, एक्सिस बैंक 0.93, नेस्ले इंडिया 0.78, एनटीपीसी 0.64, अदानी पोर्ट्स 0.51, कोटक बैंक 0.42, पावरग्रिड 0.18 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर लाभ में रहे।

### यूपी को निवेश का हब बनाने के लिए जुटेंगे निवेशक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से 10 जून को लखनऊ में एक दिवसीय ' वैश्विक क्षमता केंद्र कॉन्क्लेव' का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उद्योग जगत के निवेशकों, नीति निर्माताओं और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ गहन विचार-विमर्श भी होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार, तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग यादव इस कॉन्क्लेव के मुख्य वक्ता होंगे। इनके साथ नासकॉम के उत्तर भारत क्षेत्र के प्रमुख अमित वर्मा भी उपस्थित रहेंगे, जो उद्योग की दृष्टि साझा करेंगे।

# खाद्य तेल चढ़ा, अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस पर रहे दालों में भी रहा टिकाव

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव बढ़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल महंगा हो गया, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 40 रिंगिट उतरकर 3880 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की तेजी के साथ 47.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल में 182 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16666 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 13919 रुपये, पाम ऑयल 13765 रुपये और वनस्पति तेल 14798 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# यूपी के 28 हजार चौराहों का होगा कायाकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम कनेक्टिविटी युक्त प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में 2000 रुपए की धनराशि खर्च कर 28,830 चौराहों का कायाकल्प करेगी। लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस विषय में एक खाका तैयार किया गया है। इसके अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2021 से 24 के बीच 1435 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक व अल्पकालिक सुधार कार्यों को पूरा किया गया है। वहीं, प्रदेश में बड़े स्तर पर दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गों को न्यूनतम दो लेन (पेव्ड शोल्डर युक्त) करने की तैयारी है जिससे पैदल यात्रियों को सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही, 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने की तैयारी है। इन सभी कार्यों के जरिए प्रदेश में रोड सेफ्टी को बढ़ावा देने और यातायात सुधार की प्रक्रिया में तेजी लायी जाएगी। विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, ऐसे राज्य मार्ग जिनकी चौड़ाई 2 लेन से कम है या फिर दो लेन होने के बावजूद वहां पेव्ड शोल्डर कार्यों को पूरा नहीं किया गया है उसे पूरा करने पर योगी सरकार का फोकस है। प्रक्रिया के जरिए 748 करोड़ रुपए की लागत से 895 पेव्ड शोल्डर की चौड़ाई के कार्यों को पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी राज्यमार्ग कम से कम 2 लेन चौड़े तथा पेव्ड शोल्डर युक्त हों जिससे पैदल यात्रियों व साइकिल इत्यादि से चलने वाले राहगीरों की सुविधा व सुरक्षा में इजाफा होगा। प्रक्रिया के अंतर्गत 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी है। इसके लिए कुल 102 कार्य निर्धारित हैं जिसके जरिए 8,887-88 किमी की लम्बाई पर इन कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में ऐसे स्थान जहां यातायात परिवहन की वास्तविक गति उसने निर्माण के दौरान प्रस्तावित डिजाइन गति से 50 प्रतिशत या कम है, ऐसे सभी मार्गों को चिन्हित कर लिया गया है।

# निजीकरण का टेंडर होते ही करेंगे हड़ताल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की राष्ट्रीय कोर कमेटी की दिल्ली में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का टेंडर होते ही पूरे देश के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे।

कोऑर्डिनेशन कमिटी के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया यह भी निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश में चल रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में आगामी 02 जुलाई को पूरे देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उप्र में चल रही बिजली की निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में आगामी 09 जुलाई को देशभर के तमाम बिजली कर्मी निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने केंद्र सरकार से मांग की है कि किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और गरीब उपभोक्ताओं के व्यापक हित में केंद्र सरकार तत्काल हस्तक्षेप कर उत्तर प्रदेश में चल रही बिजली की निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराए। बैठक में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल अभिमन्यु धनकड़, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के जनरल सेक्रेटरी मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी सुदीप दत्ता, ऑल इंडिया पावर मेंस फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी आर के शर्मा, तमिलनाडु इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी ए सेकीजार, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के ए के जैन ,यशपाल शर्मा और सत्यपाल मुख्यतया उपस्थित थे। लखनऊ में आगामी 22 जून को किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की हो रही महापंचायत में कोऑर्डिनेशन कमेटी के राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। 22 जून की महापंचायत बिजली के निजीकरण के विरोध में निर्णायक जन आंदोलन का फैसला लिया।

### निजीकरण के खिलाफ उपभोक्ता परिषद ने की सीबीआई जांच की मांग

**लखनऊ।** विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में 43454 करोड़ खर्च कर सिस्टम में व्यापक बदलाव के जरिये 42 जिलों के 51 प्रतिशत शेयर निजी घरानो को बेचने की साजिश की जा रही है। इस संबंध में उपभोक्ता परिषद ने प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति शिकायती प्रस्ताव भेज कर कहा कि इसमें केंद्र का धन भी शामिल है जिसके कुछ नौकरशाहों की भूमिका संदिग्ध है। उन्होने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि यह देश का पहला ऐसा मामला जहां पर सरकारी धन का उपयोग करके निजी घरानो को उपकृत करने की साजिश चल रही है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा की तरफ से एक साक्ष्य आधारित प्रस्ताव राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजते हुए सरकारी धन का दुरुपयोग बताते हुए पूरे मामले पर हस्तक्षेप करते हुए इस भ्रष्टाचार से पर्दा उठाने के लिए सीधे सीबीआई जांच की मांग उठाई गई है और कहां गया है इसमें ऊर्जा सेक्टर के कुछ नौकरशाह की भूमिका संदिग्ध है। श्री वर्मा ने कहा कि आरडीएसएस योजना में बिजली कंपनियों पर जो लगभग 43454 करोड़ खर्च हो रहा है उसका ज्यादातर भाग भारत सरकार के खजाने से आ रहा है इसलिए इस पर भ्रष्टाचार के मामले में सीधे भारत सरकार सीबीआई की जांच करा सकती है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पीएम ने तय की परफॉर्मेंस ऑफ पॉलिटिक्स की नई संस्कृतिः धामी

■ बदला सरकार का अर्थ, जन सहभागिता शासन की आत्मा बनी ■ कहा -पीएम मोदी के नेतृत्व में वैश्विक शक्ति बना भारत ■ मोदी सरकार ने जन आकांक्षाओं को धरातल पर उतारने का काम कियाः सीएम



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीएम मोदी ने देश की राजनीति मे परफॉर्मेंस ऑफ पॉलिटिक्स की एक नयी संस्कृति स्थापित की है। अब सरकार का अर्थ बदल गया है। अब सरकार रिफॉर्म, परफॉर्म तथा ट्रांसफॉर्म की भावना से संचालित हो रही है। वहीं जन सहभागिता शासन की आत्मा बन गयी है।

मोदी सरकार के शानदार 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा मुख्यालय मे आयोजित कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के इतिहास में पीएम मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा। भारत ने वैश्विक मंच पर आज सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में अलग पहचान बनाई है । विकसित भारत निर्माण में योगदान के लिए हम भी उत्तराखंड को विकसित बना रहे है, जिसमें प्रत्येक ग्राम, तहसील, शहर का उत्थान शामिल है। वहीं इस अवसर कर प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट ने कहा, विकसित भारत संकल्प सिद्धि तक पीएम मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ देशवासियों का यह प्रयास अनवरत जारी रहेगा।

सीएम ने प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के साथ वहां केंद्र की 11 वर्ष की उपलब्धि आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि, मोदी सरकार का कार्यकाल श्विकसित भारतश और श्आत्मनिर्भर भारतश के ष्संकल्प की सिद्धिष का स्वर्णिम काल बन रहा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ कार्य किये जा रहे हैं। बीते 11 वर्षों की यह यात्रा मोदी जी ने अकेले नहीं बल्कि खुद को तपा कर 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम, त्याग और सपनों को परवाज देते हुए की है।

उन्होंने कहा, 2014 से अब तक का कालखंड भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नीवं रखने का है। धामी ने कहा कि इन 11 साल में विकास और विरासत के इस सफर ने देश की तस्वीर और देशवासियों की हालात बदलने का ऐतिहासिक काम किया है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नए भारत की सोच में जहाँ तकनीक है, वहाँ तरक्की है, वहीं गरीबों का कल्याण है और यह सब वहां है जहां जहाँ भाजपा की सरकार है। हमारी सरकार में शासन ही सेवा है और सुशासन ही संस्कृति है। 11 वर्षों में भारत को विकसित बनाने के अमृतकाल की शुरुआत की गई है। 2014 से पहले यह धारणा थी कि काम कैसे होगा, ये नहीं हो पायेगा, ये हो ही नहीं सकता जबकि आज की सोच है ये होगा और जरुर होगा क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है। मोदी सरकार देश की राजनीति में पालिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस की संस्कृति लेकर आई है। अब सरकार का मतलब रिस्पोंसिव गवर्नमेंट, रिस्पॉन्सिबल गवर्नमेंट, अकाउंटेबल गवर्नमेंट है। ये रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म गवर्नमेंट वाला पब्लिक पार्टिसिपेशन का शासन है।पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक कुलदीप कुमार, प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान मौजूद रहे।

## पूरी दुनिया में बज रहा ऑपरेशन सिंदूर का डंका

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में ऑपरेशन सिंदूर का डंका बज रहा है। अब भारत सिर्फ शांति की बात नहीं करता है बल्कि जरूरत पड़ने पर हर में घुसकर मारता है।श्ऑपरेशन सिंदूरश से मोदी ने दुनिया को स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ घर में घुसकर बदला लिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को भी संदेश दिया गया है कि किसी भी आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर सैन्य शक्ति बना है। अब भारत रक्षा उपकरण बन रहा है वह निर्यात कर रहा है। 23600 करोड़ का सैन्य उपकरण निर्यात बढ़ा है।

## मोदी सरकार में 27 करोड़ से ज्यादा लोग आ गए गरीबी रेखा से बाहर

सीएम पुष्कर धामी ने कांग्रेस पर निशाना साधा कि कांग्रेस के राज में इंदिरा से लेकर मनमोहन तक सिर्फ गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते थे, लेकिन अब आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार में 27 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। आज भारत का गरीब सिर्फ आंकड़ों में नहीं है, बल्कि नीति निर्माण का केन्द्र बन गया है। आज हम देख सकते हैं कि केन्द्र सरकार की योजनाओं में गरीब केन्द्र बिन्दु है जैसे पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास, जल जीवन मिशन, पीएम जनधन योजना, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि आदि अनेक योजनाओं के माध्यम से गरीबों का कल्याण हो रहा है।

## अब सोचना नहीं पड़ता, आयुष्मान भारत योजना से होता है मुफ्त इलाज

पीएम मोदी के नेतृत्व में अब सरकार जनता के स्वास्थ्य की सीधे चिंता कर रही है। क्योंकि पहले इलाज के लिए सोचना पड़ता था, अब आयुष्मान भारत योजना से अस्पतालों में मुफ्त इलाज होता है। पहले हम इंपोर्ट पर आश्रित थे, आज मेक इन इंडिया की ताकत से एक्सपोर्ट में लीड कर रहे हैं। रक्षा क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भर बन रहा है, आज भारत मेक इन इंडिया पाकिस्तान में टेस्टेड और दुनिया में ट्रस्टेड बन गया है। पहले हम दुनिया की अस्थिर अर्थव्यवस्था में आते थे, आज दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।

## आज देश का हर नागरिक बदलते भारत को देख रहा

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि ये 11 साल विकास, विश्वास और बदलाव के रहे हैं, आज देश का हर नागरिक बदलते भारत को देख रहा है और अनुभव कर रहा है। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश सशक्त निर्णय लेने में सक्षम हो रहा है। अब आतंकवाद जैसे हमले पर युद्ध जैसे कार्यवाही की जायेगी। धामी ने कहा, सुखद संयोग है कि विकसित भारत के अमृत काल के 11 वर्ष तब पूरे हो रहे हैं।

## अब होती हैं विकास, अविष्कार व नवाचार की बातें

मुख्यमंत्री धामी ने सरकारों की तुलनात्मक चर्चा करते हुए कहा, 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी, लेकिन अब मोदी सरकार में विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं।

## पंचायतों में आरक्षण का नोटिफिकेशन जारी

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** उत्तराखंड शासन ने पंचायतों में प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ाने के बाद अब आरक्षण का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। मंगलवार को पंचायतों में आरक्षण का नोटिफिकेशन जारी करते हुए पंचायती राज सचिव चंद्रेश यादव ने कहा कि सेवानिवृत न्यायाधीश बीएस वर्मा की अध्यक्षता में गठित एकल सदस्य समर्पित आयोग ने 27 फरवरी 2025 को प्रदेश के 12 जिलों में सभी स्तरों की पंचायत में पद और स्थान का आरक्षण निर्धारण से संबंधित रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी थी। ऐसे में प्रदेश के हरिद्वार जिले को छोड़ बाकी 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के लिए पद और स्थान पर आरक्षण का निर्धारण साल 2011 की जनगणना के आधार पर किया जाएगा। आरक्षण की सूची, अनुसूचित जनजातियों की महिलाएं, अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों की महिलाएं, अनुस. ूचित जातियां, पिछड़े वर्गों की महिलाएं, पिछड़े वर्ग और महिलाएं के क्रम में जारी किए जाएंगी। जिला पंचायत अध्यक्ष के पदों का आरक्षण, अनुसूचित जनजाति के शून्य पद, अनुसूचित जाति के 02 पद और अन्य पिछड़ा वर्ग के दो पद आरक्षित किये जायेंगे।

**50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा आरक्षण**



**केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सीएम धामी ने चारों धामों का प्रसाद भेंट किया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के देवभूमि उत्तराखण्ड से प्रस्थान पर उन्हें चारों धामों का प्रसाद भेंट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों का अम्ब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के मिलेट्स उत्पाद भी भेंट किए।

# विकसित भारत की दिशा में तेज कदमों से काम कर रही सरकारः भट्ट

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा ,सभी जिलों में होंगी प्रेस वार्ता

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि मोदी शासन के 11 सालों के कार्यकाल को लेकर सभी जिलों में कार्यक्रम शुरू कर दिए गए हैं।

11 जून से राज्य से सभी जिलों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया जाएगा। साथ ही सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की जाएंगी। जिसमें सरकार के मंत्री, सांसद और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। इसके अलावा प्रमुख सम्मेलन भी आयोजित किए जाने हैं, जिसमें 19 संगठनात्मक जिलों में 57 वक्ताओं को भेजा जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हर वर्ग के लिए विकसित भारत की दिशा में तेज कदमों से सरकार काम कर रही है। इन 11 वर्षों में वैश्विक स्तर पर पहचान के साथ सुशासन, सुरक्षा और आर्थिक मोर्चे पर ऐतिहासिक कार्य हुए हैं।

## 11 साल के कार्यकाल पर लगाई प्रदर्शनी का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रेस वार्ता से पूर्व पार्टी प्रदेश मुख्यालय में मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों ,परियोजनाओं और विकास कार्यों पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में 11 साल की कार्यों की झलक दिखाई गई है। उन उपलब्धियां को भी दर्शाया गया है जो मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल में केंद्र सरकार ने हासिल की हैं।वहीं केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी में प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, विधायक खजान दास, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बिष्ट, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, प्रदेश कार्यालय सचिव कुस्तुभानंद जोशी, सरकार में दायित्वधारी ज्योति गैरोला, विनोद उनियाल, हेमंत द्विवेदी, सुभाष बड़थ्वाल के अतिरिक्त अजयेंद्र अजेय, राजेंद्र सिंह नेगी, मानिक निधि शर्मा, संजीव वर्मा, कमलेश रमन, सुनीता विद्यार्थी, डॉ आर पी रतूड़ी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जनअदालत के दोषी हरदा को भगवान की अदालत से भी नहीं मिलेगी राहत : भगत

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को गोल्ज्यू मंदिर में न्याय की अर्जी लगाने के बजाय जनता के सामने पश्चाताप और अपराधिक स्वीकारोक्ति करने की सलाह दी है। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं वरिष्ठ विधायक बंशीधर भगत ने तंज किया कि जनअदालत में कई बार दोषी साबित होने के बाद, अब उन्हें भगवान की अदालत से भी राहत नहीं मिलने वाली है। क्योंकि यही दाग वर्ग विशेष के बीच उन्हें अच्छे लगते हैं और वहां इस मुद्दे पर उन्हें सांप सूंघ जाता है। विभिन्न माध्यमों पर पूछे मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने, पूर्व सीएम हरीश रावत के मुस्लिम यूनिवर्सिटी और नमाज की छुट्टी के मुद्दे पर मंदिर में अर्जी लगाने को उनकी राजनैतिक हताशा बताया। कहा कि, जिस प्रकार हरदा इन दोनों प्रकरणों पर जनता के बीच स्वयं को दोष मुक्त साबित करने की बार बार कोशिश में लगे रहते हैं, वो इस बात का इशारा करता है कि उनकी दाल पूरी तरह काली है। क्योंकि आज के इस हाईटेक युग में प्रदेश की बुद्धिमान जनता को कोई भी गलत मुद्दों से बरगला नहीं सकता है। उन्होंने चुनाव जीतने के लिए तुष्टिकरण की नीति पर चलते हुए यह सब किया और कहा, तभी मीडिया और सोशल मीडिया में उनपर आरोपों की विश्वसनीयता बनी।

# महाराज के एक्शन के बाद कंपनी का अनुबंध निलंबित



■ गुमखाल से सतपुली एनएच 119 पर हुए विवाद में युवक की हत्या के मामले में हुई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के लोकनिर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने एनएच 119 (नया एनएच-534) के किमी 175. 00 से किमी 196.00 (गुमखाल से सतपुली) तक पक्की सड़क के साथ दो लेन का पुनर्वास और उन्नयन और सुदृढ़ीकरण का कार्य करवाने वाली मेसर्स कल्याण-शिवालिक इंफ्रा (जेवी) के पोकलैंड चालक की ओर से मलबा हटाने और सड़क खोलने को लेकर हुए विवाद के बाद डांडामंडी, दुगड्डा निवासी युवक की हत्या का संज्ञान लेते हुए उक्त कंपनी का अनुबंध तत्काल निलंबित करने के एनएच अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

लोकनिर्माण मंत्री महाराज ने मे सर्स कल्याण-शिवालिक इंफ्रा (जेवी) के पोकलैंड चालक की और से मलबा हटाने और सड़क खोलने को लेकर हुए विवाद के बाद डांडामंडी, दुगड्डा निवासी युवक सुमन देवरानी की हत्या का संज्ञान लेते हुए उक्त कंपनी का अनुबंध तत्काल निलंबित करने और दोषी पोकलैंड चालक के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि 7 जून 2025 की रात्रि में पहाड़ कटान के पाश्चात मार्ग को खोले जाने के सम्बन्ध में मेसर्स कल्याण-शिवा. लिक इंफ्रा (जेवी) के पोकलेन चालक और आवागमन करने वाले यात्रियों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई जिसके बाद पो. कलेन वाहन चालक की और से 01 यात्री को पोकलेन मशीन द्वारा क्षति पहुंचाई गई जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गयी। उक्त प्रकरण का लोक निर्माण मंत्री महाराज ने विस्तृत संज्ञान लेते हुए कहा कि कार्यदायी कंपनी को अपने कर्मचारियों द्वारा या उनके बीच किसी भी गैरकानूनी, उपद्रवी या अव्यवस्थित आचरण को रोकने के लिए तथा कार्य स्थल के आसपास के क्षेत्र में शांति और लोगों तथा संपत्ति की सुरक्षा बनाए रखने के लिए हर समय सभी उचित सावधानियां बरतनी चाहिए थीं लेकिन वह ऐसा करने में असफल रही है।

# एनएच-7 व 34 के सुधार कार्यों के लिए 720 करोड़ मंजूर

■ सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून जिले में सड़क कनेक्टिविटी और यातायात सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग-7 के देहरादून-लाल टप्पर-नेपाली फार्म खंड और राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के नेपाली फार्म-मोतीचूर खंड (कुल लंबाई 36.82 किमी) के सुधार कार्य के लिए 720.67 करोड़ की लागत की परियोजना को स्वीकृति दी है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल देहरादून-हरिद्वार-ऋषिकेश के बीच तेज और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगी, बल्कि चारधाम यात्रा मार्ग को भी अधिक सुलभ एवं सुगम बनाएगी।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य मौजूदा व्यस्त जंक्शनों पर ग्रेड सेपरेशन और स्थानीय यातायात को मुख्य मार्ग के ट्रैफिक से अलग कर सड़क सुरक्षा में व्यापक सुधार करना है। इसके अंतर्गत अतिरिक्त सर्विस रोड का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यातायात का दबाव कम होगा।

धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में बुनियादी ढांचे का तीव्र विकास हो रहा है और यह परियोजना राज्य के विकास की दिशा में एक और मजबूत कदम है।

# आईएसबीटी फ्लाईओवर के नीचे युवक ने चलाई गोली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आईएसबीटी फ्लाईओवर के नीचे एक व्यक्ति ने उसे वक्त अफरा तफरी का माहौल बना दिया जब युवक युवती के बीच हो रही कहा सूनी के बीच कूद कर तमंचे से फायरिंग कर दिया। फायरिंग के बाद वहां मौजूद लोगों ने खट्टा होकर युवक के साथ मारपीट की।

सूचना पर पहुंची पुलिस में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा बरामद किया। आईएसबीटी चौकी प्रभारी हर्ष अरोरा के मुताबिक फ्लाईओवर के नीचे लड़का और एक लड़की का आपसी बातों को लेकर वाद विवाद हो रहा था।जिसमे ऑटो वाले व आसपास खड़े अन्य लोग लड़की की ओर से बीच बचाव करने लगे। शोर गुल सुनकर आयुष राठी भी मौके पर चला गया और बीच बचाव करने लगा तभी वहां खड़ी भीड़ ने आयुष राठी पुत्र नरोत्तम सिंह निवासी बिजनौर उत्तरप्रदेश को लड़के का साथी समझ कर उसके साथ भी वाद विवाद किया व आयुष राठी पर हावी होने लगे जिस पर युवक ने बचाव में अपने पास रखा देसी कट्टा निकाल के हवा में फायर कर दिया।युवक द्वारा केवल हवाई फायर किया गया। तत्काल मौके पर जा कर पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा जिससे कुछ लोगों द्वारा मारपीट की जा रही थी। पुलिस द्वारा उस व्यक्ति को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो एक देसी तमंचा बरामद हुआ। पकड़े गए यारों पीके विरुद्ध पुलिस में कानूनी कार्यवाही कर उसे जेल भेजा।

# जोशी ने की केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत से मुलाकात



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट की।

मंत्री जोशी ने केंद्रीय मंत्री शेखावत को गंगाजलि और उत्तराखण्ड के पारंपरिक औद्योनिक उत्पाद भेंट की। मुलाकात के दौरान राज्य में पर्यटन सुविधाओं को बेहतर बनाने और नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार से सहयोग मांगा। कृषि मंत्री जोशी ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि राज्य के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जैसे मसूरी और नैनीताल पर पर्यटकों का अत्यधिक दबाव है। उन्होंने इस समस्या को कम करने और पर्यटकों को अधिक विकल्प प्रदान करने के लिए इन स्थलों के आसपास के क्षेत्रों में भी पर्यटन गति. विधियों को बढ़ावा देने का आग्रह किया। जिस पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया।

**मुख्य सचिव ने राज्य से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न केंद्रीय सचिवों से की भेंट**

# पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण जल्द



■ छह माह के भीतर निविदा प्रक्रिया की जाएगी प्रारंभ ■ हेलीकॉप्टर क्रॉस लैंडिंग पर डीजीसीए से सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों से मुलाकात कर राज्य से जुड़े अहम विकास मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने एयर कनेक्टिविटी, ट्रैफिक मैनेजमेंट, पर्यावरणीय स्वीकृतियाँ, आपदा राहत, एमएसएमई सेक्टर, पर्यटन और ब्रांड प्रमोशन जैसे विषयों पर सहयोग का अनुरोध किया।

मुख्य सचिव ने नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा से मुलाकात कर पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार पर चर्चा की। सचिव ने आश्वस्त किया कि छह माह के भीतर टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। देहरादून एयरपोर्ट पर देर रात लैंडिंग की सुविधा, हेली एम्बुलेंस सेवा की बहाली और पिथौरागढ़ एयरपोर्ट को सुदृढ़ करने की मांग भी की गई। मुख्य सचिव ने केदारनाथ में हाल में हुई हेलीकॉप्टर क्रॉस लैंडिंग की घटना को लेकर डीजीसीए से सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।

## रोपवे और जलविद्युत परियोजनाओं को मंजूरी की अपील

वन एवं पर्यावरण सचिव सचिव तनमय कुमार से त्यूणी-प्लासू, सिरकारी भ्योल और ऋषिकेश-नीलकंठ रोपवे जैसे प्रोजेक्ट्स को वन एवं पर्यावरणीय क्लीयरेंस देने का अनुरोध किया गया। शहरी कार्य मंत्रालय सचिव श्रीनिवास कटिकिथला से आरआरटीएस का विस्तार ऋषिकेश तक करने और देहरादून में ट्रैफिक समस्या के समाधान को सहयोग की मांग की गई। पेयजल सचिव सचिव अशोक केके मीणा से राज्य के लिए लंबित धनराशि जल्द जारी करने और चारधाम यात्रा के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में विशेष सहायता की अपील की गई। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंहसे आग्रह किया गया कि आपदा के दौरान वायुसेना सेवाओं के लिए लिया जाने वाला शुल्क माफ किया जाए।

## एमएसएमई को पूर्वोत्तर की तर्ज पर प्रोत्साहन की मांग

सचिव सुभाष चंद्र लाल दास से उत्तराखंड में एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए 90 प्रतिशत तक लागत सहायता देने और टूल रूम, फ्लैट फैक्ट्री जैसे उद्योग केंद्र विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया। ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह से 'हाउस ऑफ हिमालय' को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने और देश के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट्स पर इसके आउटलेट खोलने का अनुरोध किया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू से राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल की मेजबानी और शूटिंग को बढ़ावा देने के लिए सहयोग मांगा गया। वहीं, वित्त मंत्रालय के सचिव व्यय सचिव वी. वुअलनम से हरिद्वार कुंभ 2027 के लिए विशेष सहायता की मांग की गई।

# सहकारी बैंकों में शीघ्र होगी बंपर भर्ती



■ युवाओं को मिलेंगे रोजगार के मौके ■ सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दी भर्ती प्रस्ताव को मंजूरी ■ आईबीपीएस के माध्यम से 177 पदों पर आयोजित की जायेगी परीक्षा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के बेरोजगार युवाओं के लिये खुशखबरी है। प्रदेश के सहकारी बैंकों में शीघ्र ही भारत सरकार के उपक्रम आईबीपीएस के माध्यम से 177 पदों पर भर्ती होने जा रही है। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस भर्ती प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने और शीघ्र ही भर्ती विज्ञापन जारी करने के निर्देश दिये।

सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि सहकारिता विभाग के अंतर्गत जिला सहकारी बैंकों एवं राज्य सहकारी बैंकों के वर्ग-1, 2 एवं 3 के कुल रिक्त 177 पदों पर शीघ्र भर्ती की जायेगी।

जिसमें वर्ग-1 के अंतर्गत वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के 8 पद, वर्ग-2 में कनिष्ठ शाखा प्रबंधक के 65 पद और वर्ग-3 के तहत लिपिक/कैशियर के 104 पद शामिल हैं। विभागीय मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने इस भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिये इंस्टीटयूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सलेक्शन (आईबीपीएस) को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय उपक्रम आईबीपीएस के माध्यम से पारदर्शिता तरीके से सहकारिता विभाग में दो बार भर्ती हो चुकी है। आईबीपीएस भारत सरकार का एकमात्र संस्था है जो राष्ट्रीयकृत बैंकों के कार्मिकों की भर्ती करती है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जो सहकारी बैंक के कार्मिकों की भर्ती के लिये इसी संस्था को चुना है ताकि पारदर्शिता तारीके से भर्ती की जा सके और योग्य युवाओं को मौका मिल सके।




# जनपद विकास में मीडिया की अहम भूमिका:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी टिहरी नितिका खंडेलवाल ने मंगलवार को जिला सभागार नई टिहरी में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता पर बल दिया, बल्कि जनपद के समग्र विकास में मीडिया की भूमिका को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। बैठक की शुरुआत में न्यू टिहरी प्रेस क्लब अध्यक्ष सहित पत्रकारों ने जिलाधिकारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



जिलाधिकारी ने संवाद के दौरान कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक सुगमता से पहुंचे, इसके लिए सेवाओं की प्रक्रिया को और सरल बनाना होगा, जिससे लोगों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली योजनाएं जैसे कि रीप और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को धरातल पर प्रभावी रूप से उतारना प्राथमिकता है।

उन्होंने मीडिया से अपील की कि वे अपने संस्थानों के माध्यम से सरकार की योजनाओं और नीतियों का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें, ताकि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंच सके। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा प्रबंधन में मीडिया की भूमिका निर्णायक हो सकती है, ऐसे में समय पर सूचना का आदान-प्रदान और प्रशासनिक सहयोग बेहद आवश्यक है।

**■ नवाचार, पारदर्शिता और संवाद से मजबूत होगा प्रशासन: नितिका खंडेलवाल**
**जनहित में योजनाओं का प्रचार-प्रसार जरूरी, मीडिया से सहयोग की अपील**

जिलाधिकारी ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह तंत्र न केवल समाज का मार्गदर्शन करता है, बल्कि प्रशासन की आंख और कान भी बनता है।

उन्होंने बताया कि जनपद टिहरी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से बेहद समृद्ध है और यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने इसे ष्टूरिज्म हबष् के रूप में विकसित करने की दिशा में मिलकर प्रयास करने की बात कही।

उन्होंने मीडिया से यह भी आग्रह किया कि वे प्लास्टिक मुक्त अभियान, स्वच्छता, कूड़ा निस्तारण और ट्रैफिक प्रबंधन जैसी जनजागरूकता से जुड़ी पहल को सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों के जरिए जन-जन तक पहुंचाएं। साथ ही, उन्होंने पत्रकारों से जनपद की प्रमुख समस्याओं को चिन्हित करने और प्रशासन को आवश्यक सुझाव देने की बात भी कही, ताकि जनहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा सके।

## हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया हरियाणा से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददातो**

**कोटद्वार ।** बीते सात जून को रात्रि 11रू30 बजे सुमन देवरानी अपने साथी के साथ गुमखाल से सतपुली की ओर आ रहे थे, रोड़ खोलने हेतु किसी बात को लेकर जेसीबी ऑपरेटर के साथ सुमन देवरानी की बहस हो गई जिसमें पोकलैन्ड ऑपरेटर द्वारा पोकलैन्ड के बकेट से सुमन देवरानी पर हमला कर दिया जिससे सुमन देव. रानी की मृत्यु हो गई और पोकलैन्ड ऑपरेटर प्रवीण सिंह निवासी-जोशीमठ, चमोली घटनास्थल से फरार हो गया। जिस सम्बन्ध में थाना सतपुली पर हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया। युवक की हत्या की घटना को गम्भीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौडी लोकेश्वर सिंह द्वारा घटना के सम्बन्ध में ठोस साक्ष्यों का संकलन कर हत्यारोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया। निर्गत निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार चन्द्रमोहन सिंह व पुलिस उपाधीक्षक सदर त्रिवेन्द्र सिंह राणा के पर्यवेक्षण, थानाध्यक्ष सतपुली जगमोहन सिंह रमोला के नेतृत्व में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों द्वारा ठोस साक्ष्यों का संकलन किया गया साथ ही फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्यों का भी संकलन किया गया है। पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस व मेनुअल पुलिसिंग के द्वारा अथक प्रयासों से उक्त अभियोग में संलिप्त अभियुक्त प्रवीण सिंह बर्थवाल को चन्द घण्टों के अन्दर सोमवार रात्रि में यमुनानगर हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता में कोटद्वार के बोक्सरों का रहा दबदबा

**कोटद्वार ।** देहरादून में सात से नौ जून तक आयोजित राज्य स्तरीय बालक-बालिका बाक्सिंग प्रतियोगिता में राजकीय स्टेडियम कोटद्वार के बाक्सरों ने स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। मंगलवार को स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी ने बताया कि प्रतियोगिता में वंश खाती ने 52 से 54, लक्की बगडवाल ने 54 से 57, प्रत्यूष डोभाल ने 57 से 60, अभय धामी ने 63 से 66 और मयंक नेगी ने 66 से 70 किलोभार में स्वर्ण पदक जीता जबकि रक्षिता जोशी ने 60 से 63 किलोभार वर्ग में रजत, युवराज आर्य ने 46 से 48, शिवम चौधरी ने 63 से 66 और प्रिया नेगी ने 66 से 70 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

# यूसीसी प्रावधानों के खिलाफ टिहरी के अधिवक्ता आक्रोशित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कुछ प्रावधानों को लेकर जिला बार एसोसिएशन टिहरी के अधिवक्ताओं में तीव्र रोष देखा गया। मंगलवार को अधिवक्ता यूसीसी के उन प्रावधानों के विरोध में कार्य से विरत रहे, जिन्हें वे अपने व्यवसाय के लिए प्रतिकूल मान रहे हैं। कलक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की और डीएम अंकिता खंडेलवाल के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया।

बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि यूसीसी के तहत वसीयतनामा, विक्रय पत्र, विवाह पंजीकरण आदि प्रक्रियाएं मेल के माध्यम से दर्ज कराने की व्यवस्था की गई है, जिससे न केवल अधिवक्ताओं के पेशे पर संकट उत्पन्न हुआ है, बल्कि मुंशी, टाइपिस्ट और स्टांप वेंडरों की आजी. विका भी प्रभावित हो रही है। अधिवक्ताओं का कहना है कि यह व्यवस्था उनके व्यवसाय पर कुठाराघात के समान है और इससे उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।



ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से मांग की गई कि यूसीसी के उन प्रावधानों को पुन: विचार में लिया जाए, जिनसे अधिवक्ताओं और न्यायिक कार्यों से जुड़े अन्य सहयोगी वर्गों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। अधिवक्ताओं ने कहा कि यह एकतरफा व्यवस्था न्याय के बुनियादी ढांचे को कमजोर करने वाली है और इससे न्याय प्रक्रिया पर भी असर पड़ेगा।

अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि वे यूसीसी के उक्त प्रावधानों का घोर विरोध करते हैं और यदि सरकार ने इन पर पुनर्विचार नहीं किया, तो उन्हें आंदोलन की राह पकड़नी पड़ेगी। प्रदर्शन में शामिल अधिवक्ताओं ने इस कानून को जनविरोधी बताते हुए इसे तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की।

**■ व्यवसाय पर संकट का आरोप, राज्यपाल को डीएम के माध्यम से भेजा ज्ञापन, बार एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन, कहा -अधिवक्ता, मुंशी, टाइपिस्ट और स्टांप विक्रेता हो रहे प्रभावित**

इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन टिहरी के अध्यक्ष अनिल शर्मा, सचिव चंद्र भान राणा, सचिव कविता भट्ट, दिनेश उनियाल, मतेंद्र बहुगुणा, दिनेश सेमवाल, आनंद सिंह बेलवाल, संजय घिल्डियाल, शांति प्रसाद भट्ट, राजेंद्र सिंह असवाल, केशर सिंह राणा, जयेंद्र सकलानी, ज्योति प्रसाद भट्ट, प्रेम सिंह बिष्ट, जयवीर सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह रावत, सोहन सिंह राणा, विक्रम सिंह राणा, ओम प्रकाश भट्ट, रतन पाल, संजय बहुगुणा, चिरंजी नौटियाल, मृदुला जैन, बीना राणा, बीना सजवाण, लाखी राम नौटियाल, किशन रावत, महावीर नेगी, सुरेश डोभाल, गीता राम डोभाल, राजेंद्र उनियाल, सोहन सिंह बिष्ट सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने चेताया कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं हुआ, तो यह आंदोलन प्रदेश स्तर तक विस्तार ले सकता है।

## एक नजर .......

### जाखणी में माधव बाल शिक्षण संस्कार केन्द्र का शुभारम्भ

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ देवप्रयाग ने सेवा कार्य के अंतर्गत दैवी आपदा पीड़ित सहायता समिति के तत्वावधान में विकासखंड कीर्तिनगर के जाखणी में माधव बाल शिक्षण संस्कार केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। केंद्र खोलने का मुख्य उद्देश्य बाल संस्कार शिक्षण संस्थान में बच्चों के अंदर संस्कार का भाव लाना है। साथ ही संघ के सेवा कार्य का उद्देश्य समाज के लोगों को आत्मनिर्भर बनाना तथा सामाजिक सहभागिता सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर जिला सेवा प्रमुख मुकेश लखेड़ा, संचालिका ज्योति बडोनी सहित आदि मौजूद थे।

### श्रीनगर में भाजपा का जिलास्तरीय प्रबुद्धजन सम्मेलन 12 को

**श्रीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 जून को नगर क्षेत्र में जिलास्तरीय प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों और विकसित भारत की दिशा में किए गए कार्यों को समाज के प्रबुद्धजनों तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा पौड़ी जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा कार्यक्रम का जिला संयोजक गणेश भट्ट को नियुक्त किया गया है। सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश नेता ज्योति प्रसाद गैरोला, उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत तथा राज्य मंत्री रमेश गड़िया बतौर मुख्य वक्ता शामिल होंगे। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए मंगलवार को श्रीनगर मंडल कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में जिला संयोजक गणेश भट्ट, जिला महामंत्री गिरीश पैन्यूली, श्रीनगर मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, महामंत्री दिनेश पटवाल, मीडिया प्रभारी प्रकाश सती, नगर निगम के पार्षदगण एवं अन्य मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विद्युत आपूर्ति ठप होने से कीर्तिनगर के ग्रामीण परेषान



**श्रीनगर।** विधानसभा देवप्रयाग के अंतर्गत बागवान में 33 केवी सब स्टेशन ट्रांसफार्मर खराब होने से हिंसरियाखाल, कडाकोट और चंद्रबदनी पट्टी के गांवों में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप पड़ी हुई है। देवप्रयाग के तीन पट्टियों के हजारों ग्रामीण 24 घंटे से अंधेरे के सांये में जी रहें है। मंगलवार को आम आदमी पार्टी के नेता गणेश भट्ट के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विद्युत वितरण खंड श्रीनगर को ज्ञापन प्रेषित कर जल्द ट्रांसफार्मर बदलकर विद्युत आपूर्ति सुचारू किए जाने और अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाएं जाने की मांग की। इस मौके पर गणेश भट्ट ने कहा कि बागवान पावर हाउस सब-स्टेशन में फॉल्ट आने से सैकड़ों गांवों की बिजली और पानी की सप्लाई प्रभावित हुई। कहा कि विगत दिवस 9 जून दोपहर 3 बजे बागवान में स्थित 33 केवी पावर सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर में खराबी आने से हिंसरियाखाल पट्टी, कड़ाकोट पट्टी और चंद्रबदनी पट्टी के हजारों ग्रामीणों के घरों में अंधेरा छा गया। सामाजिक कार्यकर्ता गणेश भट्ट ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बेहद महत्वपूर्ण पावर स्टेशन में ट्रांसफार्मर के खराब होने पर विद्युत विभाग के पास कोई भी वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध नहीं है। भट्ट ने कहा कि लाइट न होने से इस भीषण गर्मी एक तरफ जनता परेशान रही तो दूसरी तरफ अंधेरे में जंगली जानवरों के डर के साए में लोग रात को जागते रहे। कहा कि अगर एक दिन और लाइट की व्यवस्था न हुई तो बागवान हिंडोलाखाल पंपिंग योजना और हड़ीम की धार पेयजल पंपिंग योजना से जुड़े सेकडो गांवों में पेयजल संकट भी पैदा होगा। कहा कि यदि दजर सांय तक विद्युत आपूर्ति नहीं होती है तो ग्रामीण बुधवार को विद्युत विभाग श्रीनगर का घेराव करेंगे। ज्ञापन देने वालों नरेश कोठियाल, टीकाराम रतूड़ी, अनिल लिंगवाल, विनोद रौथान, हरेंद्र असवाल, ज्योति बंगवाल, मनोज राणा, सुधीर रतूड़ी, रंगी लाल, संजय लाल, प्रवीण रतूड़ी आदि शामिल रहे।

## स्वच्छ वातावरण में भक्तों को कराए जा रहे हैं बाबा के दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में हर रोज हजारों की संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक भक्त पैदल यात्रा मार्ग से बाबा केदार के दर्शनों के लिए जा रहे हैं। धाम पहुंच रहे भक्तों को स्वच्छ माहौल में दर्शन हों, इसके लिए पैदल यात्रा मार्ग सहित केदारनाथ मंदिर परिसर, आस्था पथ और पूरी केदारनगरी को हर समय साफ किया जा रहा है। खासकर घोड़े-खच्चरों की लीद का त्वरित गति से निस्तारण किया जा रहा है और प्लास्टिक कूड़े को अलग एकत्रित किया जा रहा है। साथ ही समय-समय पर यात्रा मार्ग सहित धाम में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

केदारनाथ यात्रा के मुख्य पड़ाव सीतापुर से लेकर बेस कैंप तक सफाई का जिम्मा सुलभ इंटरनेशनल को दिया गया है, जबकि केदारनाथ का जिम्मा नगर पंचायत संभाल रही है। सुलभ की ओर से हर दिन गौरीकुंड, सोनप्रयाग, सीतापुर व अन्य यात्रा पड़ावों से 12 टन के करीब कूड़ा एकत्रित कर निस्तारण को लेकर रैंतोली भेजा जा रहा है।

नियमित रूप से तीन पाली में शौचालय की सफाई का कार्य भी किया जा रहा है। यात्रा मार्ग पर सुलभ इंटरनेशनल के पांच सौ पर्यावरण मित्र तैनात किए गए हैं, जिससे केदारनाथ पैदल मार्ग और केदारपुरी हर समय स्वच्छ नजर आ रही है, जिससे धाम पंहुच रहे भक्त स्वच्छ वातावरण में बाबा केदार के दर्शन कर रहे हैं।

# केदारनाथ में मांस पहुंचा रही नेपाली मूल की महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** ऑपरेशन लगाम के तहत पुलिस ने एक नेपाली महिला से 40 किग्रा मांस बरामद किया। पुलिस ने बरामद मांस में फिनाइल व नमक डालकर विनष्टीकरण की कार्यवाही की।

तथा उसके विरुद्ध उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की गई। केदारनाथ यात्रा में अवांछित गतिविधियों की रोकथाम के लिए पुलिस स्तर से निरन्तर चे. कंग की कार्यवाही चल रही है।

कोतवाली सोनप्रयाग क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान पुलिस ने नेपाली महिला रामकली निवासी नेपाल, हाल मजदूर गौरीकुण्ड के कब्जे से दो कट्टों के अन्दर छोटे-छोटे थैलों में रखा तकरीबन 40 किग्रा चिकन बरामद किया।



पूछताछ में पता चला कि चिकन का उपयोग अन्य नेपाली मजदूरों व घोड़ा-खच्चर संचालन का कार्य कर रहे व्यक्तियों को विक्रय करना था।

**■ पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ा, मांस को किया नष्ट, महिला को दी चेतावनी**

बरामद हुए चिकन को गड्ढों में डालकर आवश्यकतानुसार फिनाइल व नमक डालकर विनष्टीकरण किया गया। इस महिला को कड़ी हिदायत देकर उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की गई। अब तक पुलिस स्तर से 320 किग्रा मांस के विनष्टीकरण की कार्यवाही करते हुए इस कार्य में संलिप्त 24 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई।

# नरेंद्रनगर में भूमि बंदोबस्त की मांग तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नरेंद्रनगर में भूमि बंदोबस्त की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों ने साम. दायिक भवन में एकजुट होकर बैठक की और भूमि बंदोबस्त संघर्ष समिति के बैनर तले आवाज बुलंद की। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1949 में टिहरी रियासत के भारत में विलय के बाद से अब तक नरेंद्रनगर शहर का भूमि बंदोबस्त नहीं हो पाया है, जिससे नगरवासियों को आज तक भूमि स्वामित्व अधिकार नहीं मिल सका है।

मंगलवार को आयोजित इस बैठक में संघर्ष समिति ने स्पष्ट रूप से कहा कि भूमि स्वामित्व के अभाव में न केवल स्थानीय नागरिकों को कानूनी अधिकारों से वंचित रहना पड़ रहा है, बल्कि उन्हें भूमि संबंधित विकास कार्यों, ऋण, आवासीय निर्माण और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी कठिनाई हो रही है। समिति ने मुख्यमंत्री, वन मंत्री और जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित कर नरेंद्रनगर में तत्काल भूमि बंदोबस्त कराए जाने की मांग की है।

**■ 76 वर्षों से भू-स्वामित्व से वंचित नरेंद्रनगर, संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**
**टिहरी रियासत के विलय के बाद भी नहीं हुआ भूमि का बंदोबस्त, नगरवासियों में आक्रोश**

बताया कि टिहरी रियासत के भारत में विलय के 76 वर्ष बीत जाने के बावजूद नरेंद्रनगर का भू-राजस्व बंदोबस्त अधर में लटका हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1963-64 और 1992 से 2020 के बीच कई बार भूमि बंदोबस्त प्रक्रिया की कोशिशें की गईं, लेकिन वर्ष 1938 के मूल भू-राजस्व अभिलेख उपलब्ध न होने के कारण यह कार्य रुक गया। परिणामस्वरूप आज भी नरेंद्रनगर नगरवासियों को न तो जमीन के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज मिले हैं और न ही स्थायी समाधान।

समिति ने मांग की है कि प्रदेश सरकार द्वारा जिन चार शहरी क्षेत्रों और पांच नदी किनारे गांवों का सर्वेक्षण कार्य शुरू किया गया है, उसमें नरेंद्रनगर को भी शामिल किया जाए, ताकि यहां के नागरिकों को लंबे समय से प्रतीक्षित भूमि स्वामित्व का अधिकार मिल सके। वक्ताओं ने इसे सामाजिक और आर्थिक न्याय का विषय बताते हुए कहा कि यह केवल एक तकनीकी कार्य नहीं, बल्कि हजारों लोगों की बुनियादी जरूरतों और अधिकारों से जुड़ा विषय है।

बैठक में संघर्ष सचिव रघुवीर सिंह भंडारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेंद्रनाथ रैगमी, हर्षमणी भट्ट, जगत सिंह भंडारी, श्यामलाल थपलियाल, धर्म सिंह चौहान, पुष्पा नेगी, रेखा रमोला, पूनम नेगी, पुरुषोत्तम डंग, सोनू, मुक. श भंडारी, राजेंद्र सिंह नेगी सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि जब तक भूमि बंदोबस्त की मांग पूरी नहीं होती, संघर्ष जारी रहेगा।

## अधिवक्ता रहे न्यायिक कार्यों से विरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** रजिस्ट्री, वसीयत और विवाह पंजीकरण आन लाइन करने के विरोध में बार संघ देहरादून के आह्वान पर मंगलवार को कोटद्वार बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। इस दौरान उन्होंने सिम्भलचौड़ स्थित सिविल न्यायालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए राज्य की भाजपा सरकार से इस फैसले को वापस लेने की मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार एक तरफ जीरो टॉलरेंस की नीति को अपना रही है दूसरी ओर रजिस्ट्री, विवाह पंजीकरण तथा वसीयत को ऑनलाइन कर फर्जीवाड़े को बढ़ावा दे रही है। इससे जो अधिवक्ता इस कार्य से जुड़े हुए हैं उनकी आजीविका पर फर्क पड़ेगा ।कहा कि यह फैसला अधिवक्ताओं के खिलाफ है। चेतावनी दी कि जब तक राज्य सरकार इस फैसले को वापस नहीं ले लेती तब तक आन्दोलन जारी रखा जायेगा। बार संघ के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार पंत ने कहा कि राज्य सरकार अधिवक्ताओं का दमन कर रही हैं जिसका वे विरोध करते हैं। कहा कि अगर सरकार ने अपना यह फैसला वापस नहीं लिया तो राज्य के समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्यों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने पर मजबूर होंगे। प्रदर्शन करने वालों में अरविंद वर्मा, प्रवेश रावत, अनिल खंतवाल, रंजीत कौर, योजना शर्मा, रविन्द्र जजेडी, सरिता रानी, अरविंद चौधरी, सलीम अहमद, गिरीश कुमार, सुनीता थापा, सागर बिष्ट और शिवदयाल भारती आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

## गढ़वाल विवि में वर्ष 2026 से शुरू होगा एक वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत 2026-27 में एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम लागू किया जायेगा। गढ़वाल विवि के 80 प्रतिशत विभागों में स्नातक स्तर के चार वर्षीय पाठ्यक्रम एनईपी के तहत ही लागू हो चुके हैं। शिक्षासत्र 2025-26 से गढ़वाल केंद्रीय विश्व. विद्यालय में दो वर्षीय पीजी में एनईपी का पाठ्यक्रम ही लागू होगा। एनईपी के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम को लेकर गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय का पहला बैच जून 2026 में पासआउट होगा। गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के एनईपी प्रकोष्ठ के कोआर्डिनेटर प्रो. प्रशांत कंडारी ने बताया कि विश्वविद्यालय में एनईपी के तहत केवल कृषि, विधि और फार्मेसी के स्नातक पाठ्यक्रम एनईपी के तहत अभी लागू नहीं हो पाए हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च द्वारा कृषि से सम्बन्धित, बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा विधि से सम्बन्धित, फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा फार्मेसी से सम्बन्धित पाठ्यक्रम बनाया जाता है। इनके द्वारा एनईपी के तहत सम्बन्धित सैलेबस बना देने पर उसे भी विश्वविद्यालय में लागू कर दिया जाएगा। एनईपी के तहत स्नातक स्तर पर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में उत्तीर्ण होकर पढ़ाई छोड़ने वाले छात्र को सर्टिफिकेट प्राप्त होगा। जबकि दूसरे वर्ष उत्तीर्ण होने पर पढ़ाई छोड़ने वाले छात्र को डिप्लोमा प्राप्त होगा। एनईपी के समन्वयक प्रो. प्रशांत कंडारी ने कहा कि ऐसे छात्रों को चार क्रेडिट का कौशल पाठ्यक्रम भी करना होगा।

# श्रद्धालुओं ने किए माणिनाथ गुफा के दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** कोटी फैगुल क्षेत्र में आस्था और परंपरा से ओतप्रोत ऐतिहासिक गुरुमाणिक नाथ मेला एवं यात्रा का दो दिवसीय आयोजन सोमवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हो गया। समापन अवसर पर क्षेत्रभर के श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने लगभग साढ़े 5 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई चढ़कर माणिनाथ गुफा के दिव्य दर्शन किए और परिवार तथा पूरे क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

यात्रा के संयोजक रिटायर्ड कर्नल रघुवीर सिंह भंडारी ने बताया कि मेले की शुरुआत रविवार को मगरौं-पौखाल में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुई थी, जबकि सोमवार को तड़के श्रद्धालु माणिनाथ गुफा के लिए रवाना हुए। कठिन पहाड़ी मार्ग पर श्रद्धा के साथ आगे बढ़ते ग्रामीणों ने गगनभेदी जयकारों के साथ गुफा तक की यात्रा पूरी की।

**■ गुरुमाणिक नाथ यात्रा का भव्य समापन, श्रद्धालुओं ने की गुफा दर्शन की कठिन चढ़ाई ,आस्था और परंपरा का संगम बना कोटी फैगुल क्षेत्र, तय हुई रोपाई की तिथि 300 से अधिक ग्रामीणों ने लिया भाग, सात्विक जीवनशैली अपनाकर की पवित्र यात्रा**

इस यात्रा की विशेष बात यह है कि इसमें भाग लेने वाले ग्रामीण तीन दिन पहले से ही लहसुन, प्याज व अन्य तामसी भोजन का त्याग कर सात्विक जीवनशैली अपनाते हैं। गांव के डॉ. वीर सिंह रावत ने बताया कि गुरुमाणिक नाथ यात्रा सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि शुद्धता, संयम और श्रद्धा का प्रतीक भी है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और इसे हर वर्ष 8 व 9 जून को विशेष श्रद्धा के साथ आयोजित किया जाता है। यात्रा के दौरान गुफा में केवल पुरुष श्रद्धालुओं को प्रवेश की अनुमति होती है, जबकि महिलाएं गुफा के बाहर ही पूजा-अर्चना करती हैं। ग्रामीणों ने हाथों में चावल और पिठाई (पिठ्ठू) लेकर यात्रा की और सामूहिक रूप से गुफा तक पहुंचे। यात्रा में शामिल वीरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि यह आयोजन ग्रामीण संस्कृति, आस्था और एकता का अनूठा उदाहरण है।

इस धार्मिक यात्रा के दौरान देवता के पश्वा दयाल सिंह रावत ने इस वर्ष क्षेत्र में रोपाई का शुभ मुहूर्त घोषित किया। मान्यता है कि गुरुमाणिक नाथ की गुफा में देवता की कुंडली देखकर रोपाई का दिन तय किया जाता है। इस बार बिज्वाड़ क्षेत्र में 8 गते आषाढ़ और शेष क्षेत्र में 9 गते से रोपाई शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

कार्यक्रम में पुजारी मूर्ति सिंह भंडारी, ललिता प्रसाद कोटनाला, कृष्णा भंडारी, सुरेंद्र भंडारी, रमेश रमोला, दयाल सिंह भंडारी, प्रेम सिंह, जयवीर रावत, सतीश रावत, खेम सिंह, विक्रम सिंह, श्याम दास, आशीष, रो. हित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि इस परंपरा को आने वाले वर्षों में और अधिक भव्यता के साथ मनाने का संकल्प लिया गया है, ताकि युवाओं में भी अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जुड़ाव बना रहे।

## कोटी गांव में सैनिक मेला और स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड पूर्व सैनिक संगठन द्वारा टिहरी जनपद की घनसाली तहसील के ग्राम कोटी में सैनिक मेले और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांव के देवी स्थल पर बाबा गुरु माणिक नाथ की पूजा अर्चना से हुआ, जिसके बाद मेले और शिविर की गतिविधियों की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नल रघुवीर सिंह भंडारी ने बताया कि यह आयोजन न केवल पूर्व सैनिकों के लिए, बल्कि आम ग्रामीणों के लिए भी उपयोगी रहा। शिविर में 250 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाओं का लाभ लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज के प्रति सैनिकों की जिम्मेदारी और योगदान को दर्शाते हैं, साथ ही आम नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

गढ़वाली रेजीमेंट के कमांडेंट विना. द नेगी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि सैनिक समुदाय को संगठित कर इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करना अनुकरणीय पहल है, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय गुनसोला ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच मजबूत होती है, जो अक्सर इन क्षेत्रों में सीमित रहती हैं।

# यूसीसी व ऑनलाइन रजिस्ट्री के खिलाफ सड़कों पर उतरे अधिवक्ता

**■ दून में वकीलों ने सचिवालय कूच कर सरकार को दी चेतावनी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में लागू की गई समान नागरिक संहिता और ऑनलाइन रजिस्ट्री अधिनियम 2025 को लेकर अधिवक्ता समाज में तीव्र असंतोष व्याप्त है। मंगलवार को देहरादून के अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर सचिवालय कूच किया, मगर पुलिस प्रशासन ने उन्हें रस्ते में ही रोक दिया, जिससे गुस्साए वकीलों ने वही धरना प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि इन कानूनों के कुछ प्रावधान उनके हितों के विरुद्ध हैं और उनके पेशेवर अधिकारों को सीमित करते हैं।

मैदान से लेकर पहाड़ तक के अधिवक्ता आज एकजुट नजर आए। सरकार की ऑनलाइन रजिस्ट्री व्यवस्था व यूसीसी के खिलाफ हजारों अधिवक्ताओं ने मोर्चा खोलते हुए देहरादून में सचिवालय घेरने की कोशिश की, मगर पुलिस ने रास्ते में ही बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन रजिस्ट्री से न सिर्फ उनकी रोजी-रोटी प्रभावित होगी, बल्कि आम जनता को भी तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। वहीं अधिवक्ताओं का कहना है कि हम सभी यूसीसी के विरोध में नहीं हैं। लेकिन यूसीसी में कुछ बदलाव की मांग है और बदलाव अधिवक्ताओं को साथ लेकर किया जाए। जिला बार एसोसिएशन देहराद.ून की ओर से 3 जून 2025 को राज्य सरकार को पत्र भेजा गया था, जिसमें कानून के आपत्तिजनक प्रावधानों पर पुनर्विचार करने की मांग की गई थी।

उक्त पत्र के आधार पर बार काउन्सिल उत्तराखण्ड, नैनीताल ने 5 जून 2025 को एक वर्चुअल आकस्मिक आमसभा आयोजित की थी जिसमें सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि जिला बार एसोसिएशन देहरादून के आह्वान पर 10 जून को अधिवक्ताओं की ओर से सचिवालय कूच किया जाएगा, जिसके चलते मंगलवार को सचिवालय कूच किया गया। देहरादून बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल ने कहा कि पांच मार्च को गढ़वाल मंडल के सभी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव और बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के सदस्यों ने बैठक की थी। प्रदर्शन में अधिवक्ताओं के अलावा, टाइपिस्ट, स्टांप वेंडर और बस्ते वाले भी शामिल हुए।

### प्रदेश भर में कोर्ट से जुड़ा कोई भी काम नहीं हुआ

बार एसोसिएशन के नेतृत्व में वकीलों ने सचिवालय का घेराव करने की कोशिश की। इस विरोध प्रदर्शन का असर पूरे प्रदेश में दिखा, जहां न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप रहा। इससे पहले शुक्रवार 6 जून को सभी अधिवक्ता हड़ताल पर रहे थे, हालांकि 6 जून को हड़ताल सब रजिस्ट्रार कार्यालयों, एडीएम और एसडीएम कार्यालयों तक सीमित रही। वकीलों की हड़ताल के चलते कोर्ट परिसर सुनसान पड़ा रहा। वहीं सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार जल्द उनकी मांगों को नहीं मानती है तो पूरे प्रदेश में रजिस्ट्री संबंधित कामकाज चाहे वह ऑनलाइन हो या ऑफलाइन हो, ठप रहेंगे। अधिवक्ता रजत दुआ का कहना है कि सभी अधिवक्ता यूसीसी का विरोध नहीं कर रहे हैं। लेकिन ऑनलाइन रजिस्ट्री समेत शादी के रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन होने से वकीलों का काम छीन गया है और उनके सामने रोजी रोटी की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# सत्यापन रिपोर्ट न भेजने पर डीएम ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून ।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतों में कूडा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट मरम्मत एवं अन्य संविदात्मक कार्यो में लगे मजदूरों के आधार कार्ड सत्यापन आख्या आतिथि तक उपलब्ध न कराए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। डीएम ने सत्यापन आख्या सचिव गृह, उत्तराखंड शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए है।

शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी ने विगत 18 मई को नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतों में कूडा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट मरम्मत एवं अन्य संविदात्मक कार्यो में लगे मजदूरों के आधार कार्ड सत्यापन आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए थे। एडीएम केके मिश्रा ने बताया कि आतिथि तक निकायों से सत्यापन आख्या नही मिली है, जो शासकीय कार्यो में गंभीर लापरवाही है। जिलाधिकारी ने सभी निकायों को आज ही सत्यापन रिपोर्ट शासन को प्रेषित करने के निर्देश जारी किए है। जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार ने विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों के आधार कार्ड सत्यापन को अनिवार्य किया है। इसका उद्देश्य कर्मियों की पहचान और उनकी सेवाओं को नियमित करना है। संविदा कर्मियों के आधार कार्ड सत्यापन की प्रक्रिया महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह न केवल उनकी पहचान की पुष्टि करती है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती है कि वे सरकारी योजनाओं और लाभों के लिए पात्र हैं या नहीं। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर निगम, नगर पालिका व पंचायत आज ही संविदात्मक कार्यो में लगे मजदूरों के आधार कार्ड संबधी सत्यापन आख्या प्रस्तुत की जाय।

## चोरी की स्कूटी के साथ एक गिरफ्तार

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** पटेलनगर क्षेत्र में हुई वाहन चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद की। चन्द्रबनी रोड सेवला खुर्द पटेलनगर निवासी अम्बू पाण्डेय पुत्र देव पाण्डेय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि घर के बाहर खड़ी उसकी स्कूटी को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है जिसके चलते पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक वाहन चोर गिरोह के सदस्य उस्मान पुत्र शहीद अहमद निवासी कुंएवाली गली माजरा थाना पटेलनगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की स्कूटी को बरामद किया।

# त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था को कमजोर कर रही भाजपा: माहरा

**■ उत्तराखंड राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में उत्तराखंड राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. सुनील पंवार व उत्तराखंड प्रभारी दीपक राठौर उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संयोजक डॉ. सुनील पंवार ने कहा कि आज देश मे त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था की कमजोर किया जा रहा है। संगठन के कार्यकर्ता को पंचायत जनप्रतिनिधियों को संगठित करके जमीनी स्तर पर आंदोलन करने की जरूरत है। उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सद्भाव को महत्व दिया है। कांग्रेस स्वराज, सद्भावना और सत्य के साथ चलने वाला दल है, जो हमेशा लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास रखता है। उन्होंने कहा, भाजपा ने हमेशा लोगों को बांटने की कोशिश की है, लेकिन कांग्रेस सभी को जोड़ने का काम करती है। उत्तराखंड राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रदेश संयोजक ललित फर्सवाण ने कहा कि इतना समय बीतने के बाद भी सरकार पंचायत चुनाव कराने में असफल रही है। अगामी 16 जून को संगठन द्वारा प्रत्येक जिला मुख्यालय में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी दीपक राठौर, परवादून कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हेमा पुरोहित, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी, कांग्रेस एससी विभाग प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल आदि मौजूद रहे थे।

# प्रशासन ने 6 शराब की दुकानों पर जड़ा ताला



**■ हाईकोर्ट ने रिट की वापस आबकारी आयुक्त भी डीएम के फैसले से राजी ■ पुलिस, एसपी ट्रेफिक की संस्तुति पर यातायात में बाधक बनी ■ दुकानों को डीएम ने दिए थे शिफ्ट करने के आदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बसंल ने सड़क सुरक्षा समिति की सक्रियता व सुधारीकरण के जीवंत निर्णय के तहत 6 शराब की दुकानों के शिफ्टिंग के आदेश जारी किये थे। आदेश के विरूद्ध सम्बन्धित अनुज्ञापियों ने हाईकोर्ट में अपील की थी जिसको उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। वहीं आबकारी आयुक्त ने भी डीएम के निर्णय से राजी हैं। आदेशों की नाफरमानी पर जिला प्रशासन ने अब सभी 6 दुकानों के लाईसेंस निलिम्बित कर दिए है।

मुख्यमंत्री ने जनसुरक्षा जनजीवन में सुरक्षा में अवरोध, शराब की दुकानों, उप दुकानों के चलते स्थानीय विरोध, कानून व्यवस्था में बाधा, जनआक्रोश परिलक्षित होने पर डीएम को निर्णय लेने को अधिकृत किया गया है।

डीएम क अध्यक्षता में 27 मार्च को आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक यातायात ने शहर में बढ़ते सड़क हादसों व यातायात जाम के 6 स्थानों पर शराब की दुकानों को मुख्य वजह बताते हुए इन स्थानों जीएमएस रोड, बिंदालपुल चकराता रोड-2, डालनवाला निकट परेडग्रांउड, अधोईवाला चूना भट्टा देशी-विदेशी, करनपुर परेडग्राउंड स्थित मदिरा की दुकाने से यातायात व्यवधान से जनसुरक्षा के दृष्टिगत शराब की दुकानों का हटाने की प्रबल संस्तुति की गई थी। पुलिस के प्रस्ताव पर जनसुरक्षा के लिए खतरा तथा यातायात में बाधक बन रही शराब की दुकानों को डीएम ने 1 सप्ताह के भीतर स्थान्तरित करने के आदेश जारी किए थे। आदेशों की नाफरमानी पर जिला प्रशासन ने अब सभी 6 दुकानों के लाईसेंस निलिम्बित कर दिए है।

डीएम ने जनसामान्य, जनसुरक्षा से जुष्ड़े मुद्दो पर कड़ा रूख अपनाए हुए हैं। डीएम ने स्पष्ट किया है कि जनसुरक्षा, जनजीवन से की दिशा में कोई भी अवरोध बाधा बर्दाश्त नही की जाएगी। इसी क्रम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए अधिकारों से सशक्त जीवनदायनी सड़क सुरक्षा समिति जनहित में निरंतर नये-2 निर्णय कर रही है।

# नाबालिग के साथ दुराचार कर गर्भपात कराने वाला आरोपी पकड़ा

**■ मोहल्ले की ही नाबालिग के साथ किया था दुराचार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पटेल नगर थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म व गर्भपात के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। नाबालिगके साथ हुए दुष्कर्म के मामले को लेकर आसपास में चर्चाओं का बाजार गर्म हो रहा है।

मंगलवार को सेवर थाना पटेलनगर पुलिस को सूचना मिली थी कि दून हास्पिटल में पटेल नगर थाना क्षेत्र की नाबालिग बालिका को गम्भीर अवस्था में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि नाबालिग के पेट में 4 महीने का बच्चा था जिसे गिराने के लिए आरोपी ने दवाई पिलाई थी और नाबालिग की हालत बिगड़ गई थी। जिसके बाद उसे आनंन-फानन में अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।

पटेल नगर क्षेत्र में हुए इस प्रकरण को गम्भीरता लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जांच करने के साथ अपराध कारित करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। क्षेत्राधिकारी अंकित कंडारी ने बताया कि कि उक्त नाबा.लिग बालिका अपनी बड़ी बहन के साथ दुर्गा मन्दिर ब्राहमणवाला में रहती है। उन्हीं के पड़ोस में रहने वाले एक युवक कैफ पुत्र शहजाद निवासी ब्रहमपुरी द्वारा नाबालिग बालिका के साथ बहला फुसलाकर दुष्कर्म कर उसे गर्भवती कर दिया। पीड़िता के लगभग 04 माह की गर्भवती होने के सम्बन्ध में जानकारी होने पर अभियुक्त कैफ द्वारा बिना डाक्टरों के परामर्श के उसे गर्भ गिराने की दवाई खिलाई गई। बताया गया है कि बीती रात्रि नाबालिग का स्वास्थय खराब हो गया, जिसको गम्भीर अवस्था में उसके परिजनों द्वारा 108 के माध्यम से दून चिकित्सालय लाया गया। जहां पीडिता का उपचार चल रहा है।

# चार माह की गर्भवती नाबालिग पीड़िता से मिलने पहुंची राज्य महिला आयोग अध्यक्ष

**■ आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** दून हास्पिटल में एक नाबालिग किशोरी के चिकित्साल्य में अत्यंत गम्भीर अवस्था में भर्ती कराये जाने तथा नाबालिग के गर्भपात कराये जाने के सम्बन्ध में सूचना मिलते ही उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग एक्शन में आ गया।

मामले की जानकारी मिलने पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल पीड़िता से मिलने के लिए दून अस्पताल पहुंची। उन्होंने मामले की गम्भीरता को देखते हुए वहां उपस्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट सहित बाल कल्याण समिति देहरादून की टीम से मुलाकात कर जानकारी ली। मामले में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने उक्त प्रकरण में गम्भीरता से जांच करते हुए अपराधियों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही कराने के निर्देश दिये है।

# बाल आयोग अध्यक्ष ने दून अस्पताल पहुंच कर जाना 15 वर्षीय बालिका का हाल



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने अपूर्ण गर्भपात और अत्यधिक रक्तस्राव की गंभीर अवस्था में दून अस्पताल के प्रसूति विभाग में भर्ती कराई गई 15 वर्षीय बालिका का हाल-चाल जाना । उन्होंने कहा कि यह मामला बाल संरक्षण के दृष्टिकोण से अत्यंत संवे.दनशील एवं चिंता का विषय है।

बालिका को 108 एम्बुलेंस सेवा द्वारा अस्पताल लाया गया। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि बालिका को कथित रूप से गर्भनिरोधक दवा जबरन दी गई, जिससे उसकी स्थिति बिगड़ गई। बताया गया कि यह कृत्य मोहल्ले के एक युवक एवं उसकी माता द्वारा किया गया, जो घटना के समय बच्ची के पास में मौजूद थे। आरोपी युवक की माँ स्वयं एक अस्पताल में कार्यरत बताई जा रही हैं। डॉ. खन्ना ने समाज के सभी वर्गों से अपील की है कि वे बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति सजग रहें। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में समाज की चुप्पी सबसे बड़ा अपराध है और समय रहते हस्तक्षेप कर पीड़ितों को न्याय दिलाना हम सबका नैतिक दायित्व है।

# सी.पी. सिंह बने कांग्रेस प्रदेश समन्वयक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने अनुसूचित जाति वर्ग, अनुस.ूचित जनजाति वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस पार्टी से जोड़ने तथा इन वर्गों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से पार्टी के वरिष्ठ नेता सी.पी. सिंह को प्रदेश समन्वयक नियुक्त किया है।

जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन, सूर्यकान्त धस्माना ने बताया कि सी. पी. सिंह कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं तथा पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, संगठनात्मक रूचि व लम्बे अनुभव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने उन्हें अनुसूचित जाति वर्ग, अनुसूचित जनजाति वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में पार्टी संगठन से जोड़ने एवं इन वर्गों से बेहतर समन्वयक एवं संवाद हेतु प्रदेश समन्वयक नियुक्त करते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई है। माहरा ने सी. पी. सिंह से अपेक्षा की है कि वे अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी की भावना तथा कांग्रेस की गौरवशाली परम्पराओं के अनुरूप अनुसूचित जाति वर्ग, अनुसू.चत जनजाति वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों में बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे।

## टोयोटा ने दून में माइलेज रैली का किया समापन

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने देहरादून में अपनी माइलेज रैली का सफलतापूर्वक समापन किया। यह उत्तराखंड के प्रमुख शहरों में एक व्यापक पहल का हिस्सा था। इसका मकसद टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर हाइब्रिड की श्रेणी में सर्वोत्तम ईंधन दक्षता का जश्न मनाना था। इस आयोजन में मौजूदा ग्राहकों के साथ भावीखरीदरों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। सबने अपने ड्राइविंग कौशल का प्रदर्शन किया और साथ में हाइराइडर की उल्लेखनीय हाइब्रिड प्रौद्योगिकी को महसूस किया। 20 से अधिक प्रतिभागियों ने पहले से ईंधन भर हुए हाइराइडर हाइब्रिड वाहन चलाए।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. अग्रवाल हुए समर कैंप में शामिल

**■ श्री नित्यानंद स्वामी जन सेवा समिति कर रही आयोजन**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमच.ंद अग्रवाल ने श्री नित्यानंद स्वामी जन सेवा समिति की और से आयोजित समर कैंप में प्रतिभाग करते हुए बच्चों का मार्गदर्शन किया। बता दें कि 26 मई से 15 जून 2025 तक लगभग 700 बच्चों के समग्र विकास हेतु समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

देहरादून स्थित हिंदू नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप में डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि गर्मियों की छुट्टियों के चलते स्कूलों में बच्चों के लिए अलग-अलग प्रकार के समर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, खेल-कूद, और सामा.जिक कौशल को विकसित करता है। उन्होंने आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन आवश्यक है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि यह कैंप बच्चों को मोबाइल व टीवी से दूर कर उन्हें रचनात्मक गति.विधियों में व्यस्त रखने का अच्छा जरिया है। साथ ही बच्चों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने में भी सहायक हैं।

इस अवसर पर समिति के युवा विंग के अध्यक्ष विनायक स्वामी शर्मा, प्रशात गुसाई, श्रद्धा जैन, हिमानी राणा, बिस्वजीत, शगुन, रिया चव्हाण, नीरज नेगी, पार्थ भल्ला, अर्णव पोली आदि शामिल रहे।


### एक नजर .......

## अल्पसंख्यक मोर्चा ने लिया केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का संकल्प

**देहरादून( शाह टाइम्स ) ।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा महानगर देहरादून की एक बैठक महानगर अध्यक्ष यासमीन आलम खान के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में हुई । बैठक में यासमीन खान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 11 साल में गरीब कल्याण को समर्पित योजनाओं को जानकारी अंतिम छोर तक पहुंचे इसके लिए कार्यक्रम संयोजक एवं सहसंयोजकों की नियुक्ति की। प्रत्येक विधानसभा में केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प लिया गया । बैठक में महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा यासमीन आलम खान ने जिला संयोजक एवं सहसंयोजकों को जिम्मेदारी सौंपी। महानगर महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक शहजाद खान , सहसंयोजक उपाध्यक्ष महानगर महताब अली, मंत्री सोनू सरदार, कार्यालय प्रभारी अकबर कुरैशी को जिम्मेदारी दी गई । सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल कार्यक्रम को घर-घर मोदी सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

## ग्लोबल क्लाइमेट समिति के कार्यकारी अध्यक्ष बने राजेश

**देहरादून( शाह टाइम्स ) ।** ग्लोबल क्लाइमेट समिति के पदाधिकरियों की त्रैमासिक बैठक राजधानी देहरादून के नेहरू कॉलोनी में मंगलवार को हुई जिसमें समिति के उपाध्यक्ष राजेश को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई । इस मौके पर ग्लोबल क्लाइमेट समिति के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। त्रैमासिक बैठक में ग्लोबल क्लाइमेट समिति 16 जुलाई से सेल्फी विद ट्री अभियान की शुरुआत करने जा रही है इको फ्रेंडली लाइफस्टाइल पर फोकस किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को क्लाइमेट चेंज के बारे में जानकारी मिल सके। ग्लोबल क्लाइमेट समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश ने कहा कि समिति का फोकस क्लाइमेट चेंज के बारे में लोगों को जागरूक करने पर है। ग्लोबल क्लाइमेट के दुष्प्रभाव से आने वाली पीढियों को बचाया जा सकता है । समिति उत्तराखंड में सेल्फी विद ट्री की शुरुआत करेगी एक महीने तक लगातार कार्यक्रम का जगह-जगह आयोजन किया जाएगा। देहरादून में एक बड़े जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें कई विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं पर्यावरण विद् सोशल एक्टिविस्ट के साथ में कई बड़े संस्थानों के साइंटिस्ट और भू वैज्ञानिकों को भी आमंत्रित किया जाएगा।कार्यकारिणी की त्रैमासिक बैठक में ग्लोबल क्लाइमेट समिति के अध्यक्ष सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष कामिनी प्रचार महामंत्री सीमा यादव , विजय यादव,संदीप कुमार ,नरेंद्र राठी,अभिलाषा धामी, ज्ञानेंद्र तिवारी यशराज के साथ अन्य पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।



# गोल्डन कार्ड की विसंगतियां होंगी दूर: डॉ. रावत

**■ कर्मचारी संगठनों से सुझाव प्राप्त कर कैबिनेट में जाएगा प्रस्ताव ■ कहा, परिवार रजिस्टर की नकल से भी बन सकेंगे आयुष्मान कार्ड**





**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को गोल्डन कार्ड के माध्यम से उपचार में आ रही दिक्कतों को शीघ्र दूर किया जायेगा। इसके लिये दोनों संगठनों के साथ बैठक कर सुझाव प्राप्त करने के उपरांत ठोस प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट में रखा जायेगा। जिसमें विभिन्न बीमारियों के पैकेज में सुधार एवं राज्य के कुछ बड़े हॉस्पिटल्स को इम्पैनल किया जायेगा। इसके अलावा प्रदेशवासियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को दूर किया जायेगा। जिसके तहत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये परिवार रजिस्टर की नकल को भी मान्य किये जाने हेतु प्रस्ताव कैबिनेट में रखा जायेगा।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंगलवार को राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने गोल्डन कार्ड धारकों को उपचार में आ रही विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिये शीघ्र कर्मचारी एवं पेंशनर्स संगठनों के साथ बैठक कर सुझाव प्राप्त करते हुये कैबिनेट के लिए ठोस प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा गोल्डन कार्ड के माध्यम से उपचार में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया है। जिसको ध्यान में रखते हुये गोल्डन कार्ड के पैकेज में सुधार करने के साथ ही जिन पेंशनर्स व कर्मचारियों ने गोल्डन कार्ड योजना को छोड दिया था उन्हें दोबारा योजना में शामिल करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। डॉ. रावत ने कहा कि गोल्डन कार्ड योजना से प्रदेश के कुछ बड़े सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों को जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है ताकि राज्य कर्मचारियों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। इसके लिये भी अधिकारियों को इन हॉस्पिटल संचालकों से बैठक कर विचार-विमर्श करने के निर्देश दिये।

# परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र यादव ने श्री दरबार साहिब में टेका माथा

**■ कैप्टन यादव हैं देश के सबसे युवा परमवीर विजेता**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र सिंह यादव ने मंगलवार को श्री दरबार साहिब में माथा टेका। उन्होंने श्री दरबार साहिब के सज्जादे गद्दी नशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज के साथ शिष्टाचार भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव देश के सबसे युवा परमवीर विजता हैं और एक सेवा.निवृत भारतीय सैन्य अधिकारी हैं। कारगिल युद्ध के दौरान 4 जुलाई 1999 की कार्रवाई के लिए उन्हें उच्चतम भारतीय सेना सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। वह देश के युवाओं के बीच भारतीय सेना के एक जॉबाज स्थापित रोल मॉडल के रूप में जाने जाते हैं।

मंगलवार को श्री दरबार साहिब की परंपरा के अनुसार परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र सिंह यादव का स्वागत किया गया। श्रीमहंत देवेन्द्र जी महाराज के साथ भेंटवार्ता के दौरान उन्होंने सैन्य जीवन से जुड़े अनुभवों को सांझा किया। कारगिल युद्ध के हीरो योगेन्द्र सिंह यादव बुलंदशहर के निकट औरंगाबाद अहीर के रहने वाले हैं। कारगिल युद्ध के दौरान उनके शरीर में 17 गोलियां समा चुकी थीं।

# ढंग से कार्य न करने वालों पर होगी कार्रवाई : डीएम

## बैठक में डीएम ने अघोषित विद्युत कटौती रोकने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता यूपीसीएल को दिये

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सभी अधिकारी आगामी बैठकों में विभागीय योजनाओं की अद्यतन जानकारी के साथ स्वंय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ जिला कार्यालय सभागार में सामान्य बैठक लेते हुए दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि जनपद में चल रहे विभागीय कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की नवीनतम जानकारियों सहित स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि सक्षम अधिकारियों को कार्यो एवं योजनाओं की पूर्ण जानकारी हो, आगामी बैठकों में सहयक के रूप में किसी भी अधीनस्थ कार्मिक को प्रतिभाग करने नहीं दिया जायेगा। जिलाधिकारी की पूर्वानुमति के बिना प्रतिनिधियों को बैठक में प्रतिभाग नहीं करने दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि ढंग से कार्य न करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी योजनाओंय विशेषकर लाभार्थीपरक योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थी चयन में निष्पक्षता तथा पारदर्शिता बरती जाये तथा दरिद्र एवं अभावग्रस्त व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाये। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने विभागीय परिसम्पत्तियों से अतिक्रमण हटाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पारदर्शिता एवं समयबद्धता से कार्य सुनिश्चित करने हेतु ई-ऑफिस प्रणाली का उपयोग किया जाये। उन्होंने कहा कि विशेष परिस्थितियों में ही अत्यावश्यक फाइलें बिना ई-ऑफिस प्रणाली के स्वीकृत की जा सकेंगी। जिलाधिकारी ने पीआरडी स्वंय सेवकों का वेतन तत्काल आहरित करने के निर्देश जिला युवा कल्याण अधिकारी को दिये। डीएम ने अघोषित विद्युत कटौती रोकने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता यूपीसीएल को दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को कांवड़ मेला तथा मानसून से सम्बन्धित कार्यों को अपनी प्राथमिकता में शामिल करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि देवीय आपदा से सम्बन्धित आवश्यक एवं सही प्रस्तावों को सीधे डीएम कार्यालय में उपलब्ध कराये जाये ताकि प्रस्ताव पर तत्काल समीक्षा करते हुए बजट आंवटित किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो भी अधीनस्थ कार्मिक तीन साल या उससे अधिक समय से एक ही स्थान पर जमें हैं, उनका स्थानान्तरण तत्काल किया जाये तथा जिनका स्थानान्तरण शासन स्तर से होना है, उनकी सूची बनाकर शासन में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन कार्मिकों के खिलाफ शिकायते हैं, उनका भी स्थानान्तरण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने स्थानान्तरण से सम्बन्धित कार्यवाही करना का प्रमाणपत्र 15 जून तक जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों के द्वारा स्थानान्तरण की प्रक्रिया नहीं की जायेगी, उनका माह जून का वेतन रोक दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सभी अधिकारी कम्पलेंट सूची तैयार करना सुनिश्चित करें तथा यात्रा के दौरान समय का सदुपयोग करते हुए शिकायतकर्ता से फोन पर वार्ता करें और सरलीकरण, समाधान, निस्तारण तथा संतुष्टि के आधार पर समस्याओं का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विभिन्न महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों एवं योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को मार्गदर्शित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता, समयबद्धता तथा गुणवत्ता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि सुशासन की दिशा में कार्य न करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, सीएमओ डॉ आरके सिंह, परियोजना निर्देशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश, मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता, प्रोजेक्ट मैनेजर नमामि गंगे मीनाक्षी मित्तल, मुख्य वित्त अधिकारी अजय कुमार, डीपीआरओ अतुल प्रताप सिंह, डीएसओ तेजबल सिंह, ईई पेयजल निगम राजेश गुप्ता, ईई जल संस्थान विपिन चौहान, मुख्य कृषि अधिकारी गोपाल सिंह भण्डारी, जिला आपदा अधिकारी मीरा रावत, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रमोद चंद पांडे साहित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# समाज की रीढ़ की तरह होता है युवा : डा. पण्ड्या

## शांतिकुंज में तीन दिवसीय युवा जागरण शिविर का शुभारंभ, छग के सात सौ अधिक युवा शामिल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शांतिकुंज में तीन दिवसीय युवा जागरण शिविर का आज शुभारंभ हुआ। इस शिविर में छत्तीसगढ राज्य के सात सौ से अधिक युवा शामिल हैं। शिविर के पहले दिन युवाओं को संबोधित करते हुए देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के युवा आइकान डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि युवा समाज की रीढ़ की तरह है। उन्हें परिवार, समाज व राष्ट्र की प्रगति के लिए आगे बढकर नेतृत्व करना चाहिए। युवा आइकान ने परिवार के एक बड़े भाई की तरह युवाओं के विविध व्यक्तिगत व पारिवारिक शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या बड़ी नहीं होती, बल्कि उसे टालमटोल का रवैया ही बड़ी बना देती है। इससे पूर्व डॉ ओपी शर्मा, केपी दुबे एवं छत्तीसगढ के ओपी राठौर जी ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। डॉ ओपी शर्मा ने युवाओं को दुर्व्यसन से बचने व सृजन में जुट जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर शांतिकुंज कार्यकत्ताओं सहित छत्तीसगढ़ राज्य से आये युवक, युवतियाँ उपस्थित रहे।

# महानगर कांग्रेस ने शहर की ज्वलंत समस्याओं से कराया अवगत

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जिला महानगर कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त हरिद्वार जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से शिष्टाचार भेंट कर हरिद्वार की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग ने जिलाधिकारी को बताया कि कुंभ 2021 में करोड़ों की लागत से बने आस्था पथ पर असामाजिक तत्वों का कब्जा है जिससे शहरवासियों के लिए सुबह शाम की सैर करना भी दूभर हो गया है, जिस पर तत्काल कार्यवाही करने की आवश्यकता है। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि जिला चिकित्सालय में मोर्चरी में शवों से दुर्गंध के कारण जिला चिकित्सालय में खड़ा होना भी दूभर हो गया है, जिसमें सुधार करना बेहद जरूरी है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष महिला आयोग संतोष चौहान ने कहा कि हरिद्वार शहर में सूखे नशे ने पूरे शहर को गिरफ्त में लिया हुआ है, जिस पर प्रशासन को तत्काल कार्यवाही कर ऐसे समाज और युवा विरोधी तत्वों पर लगाम लगाने की जरूरत है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भूपतवाला में विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी के कारण शहरवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को स्थानीय निवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल चिकित्सको की तैनाती की जाए। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने कहा कि बरसात पूर्व सूरज कुंड की ओर से आने वाले बेलदेई नाले से आने वाली सिल्ट से होने वाली परेशानी से अवगत कराया। इस मौके पर मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा,प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस नलिनी दीक्षित,हिमांशु राजपूत उपस्थित रहे।

# रवि बजाज बने डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के चेयरमैन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** समाजसेवी रवि बजाज डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के चेयरमैन चुने गए हैं। मध्य हरिद्वार स्थित एक रेस्टोरेंट में अध्यक्ष ललित नैयर की अध्यक्षता में आयोजित एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से चेयरमैन चुने गए रवि बजाज का एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। सभी का आभार व्यक्त करते हुए रवि बजाज ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गयी है। उसका निष्ठापूर्वक पालन करते हुए बास्केटबॉल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के हित में काम करेंगे। उत्तराखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने नवनियुक्त चेयरमैन रवि बजाज को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा अक्टूबर में देहरादून में सब जूनियर अंडर-14 नेशनल बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें 8 टीम पुरूष वर्ग में और 6 टीम महिला वर्ग में प्रतिभाग करेंगी। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित नैयर व सचिव संजय चौहान ने कहा कि उत्तराखंड सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कदम उठा रही हैं। नवंबर में हरिद्वार में आयोजित किए जा रहे तीसरे इन्विटेशन बास्केटबॉल टूर्नामेंट में पहली बार महिला टीम भी प्रतिभाग करेंगी। बैठक में मुख्य संरक्षक संजय चतुर्वेदी, डा.अजय मलिक, बलराम कपूर, आलोक सिंह, अविनाश झा, शिवम आहूजा, योगेश शर्मा, अंकुश रोहिला, सुनील गुप्ता, दीपांशु विद्यार्थी, सुनील अग्रवाल, विवेक वशिष्ठ, इंद्रेश गौड़ सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

## एक नजर

### 11.4 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में एक नशा तस्कर को 11.4 ग्राम स्मैक व नगदी के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत चलाए गए अभियान को सफल बनाने के लिए उपनिरीक्षक यशवीर नेगी, कांस्टेबल अजीत तोमर,सुशील कुमार, के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया जिसमें वाहन चौकिंग के दौरान एक व्यक्ति को डांडी चौक से गिरफ्तार किया गया तलासी लेने पर व्यक्ति के पास से लगभग 11.4 ग्राम स्मैक व 8500 रुपये एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद हुआ पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जान आलम पुत्र मुस्तकीम निवासी इक्कड़ खुर्द बताया आरोपी स्मैक बेचने का काम करता है। पूर्व में भी बहादराबाद थाने में एनडीपीएस का एक मुकदमा दर्ज है। और स्मैक के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया एक व्यक्ति को लगभग 11.4 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है।



### बाइकों को रोक कर धीरे चलाने पर गाली गलौच व मारपीट

**बहादराबाद।** देर सायं तेज गति से बाइक को रोककर धीरे चलाने की बात पर गाली गलौच व मारपीट करने करने पर पीड़ित ने थाना बहादराबाद में आरोपितो के खिलाफ लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना बहादराबाद के गांव अहमद पुर ग्रंट निवासी अनिल ने थाना बहादराबाद में तहरीर देकर बताया कि देर सायं वह अपने परिवार के साथ घर के बाहर खड़ा था। उसी समय गांव के ही सुनील, दीपक, दिनेश, लक्की, अभी व सचिन बाइको से तेजी से आ रहे थे। उंसने उन्हें रोकते हुये कहा कि धीरे से चलाओ। उन्होंने अपनी बाइको को रोक नीचे उतरकर गाली गलौच करते हुये मारपीट करने लगे। उसकी बहन ने विरोध किया तो उसकी बहन के साथ गाली गलौच करते हुये मारपीट की। उंसने अपनी जान बचाने के लिये घर की ओर भागी। उन्होंने उसका पीछाकर घर के अंदर घुस गये। शोरगुल की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठे होते देख हमलावर मोके से फरार हो गये। उसकी बहन घायल हो गई। घटना की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मोका मुआयना किया। जिस पर पीड़ित अनिल ने थाना बहादराबाद में आरोपितो के खिलाफ तहरीर दी पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी से मिले द ह्यूमन राइट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** द ह्यूमन राइट्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव अनूप प्रकाश भारद्वाज एडवोकेट के नेतृत्व में एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अधिकारी मयूर दीक्षित से मिलकर उनका अभिनन्दन और स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था की और तीन सूत्रीय मांग पत्र भी जिलाधिकारी दिया गया। मांग पत्र में नशे पर रोक लगाने, गरीब बच्चों की शिक्षा और कल्याण के लिए प्रभावी कदम उठाने और कृषि भूमि को आवासीय भूमि में परिवर्तन करने पर रोक लगाने की मांग शामिल हैं। एडवोकेट अनूप भारद्वाज ने कहा कि जगह-जगह नशा बिकने से युवा पीढ़ी नशे की लत का शिकार हो रही है। नशे की खुलेआम बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस के साथ प्रशासन को भी कठोर कदम उठाने चाहिए। गरीब बच्चो की शिक्षा और कल्याण पर ध्यान देते हुए अभियान चलाया जाए तथा पर्यावरण ओर आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए कृषि भूमि को आवासीय भूमि में परिवर्तन करने पर रोक लगायी जाए। भू माफियाओं पर शिकंजा कसा जाए। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधि मंडल को मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में शिवाकांत पाठक, एसोसिएशन के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु सैनी, सुधांशु जोशी, अंशुल गोयल, सोहनलाल ऊर्फ सोम, राजेंद्र जिंदल, पवन कुमार, रविंद्र कुमार, हिमांशु सरीन एडवोकेट, रणविजय, मोहसिन अली शामिल रहे।



# मोदी सरकार में हुआ मुस्लिम समाज का सशक्तिकरण : एजाज हसन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष एजाज हसन ने केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं दी। प्रेस को जारी बयान में एजाज हसन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में और वैश्विक मंचों पर भारत का गौरव बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने मुस्लिम समाज के सशक्तिकरण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। एजाज हसन ने कहा कि केंद्र सरकार के हज यात्रा की व्यवस्थाओं को डिजिटल किए जाने से बिचौलियों की समस्या दूर हुई और हज कोटा में वृद्धि किए जाने से लाखों मुस्लिमों को हज यात्रा पर जाने का अवसर मिला। मुस्लिम शिल्पकारों, दस्तकारों और युवा उद्यमियों को बाजार, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता देने के लिए हुनर हाट को राष्ट्रीय स्तर पर मंच मिला। पीएम विकास (वर्सेटाइल स्किल) योजना के अंतर्गत लाखों युवाओं को तकनीकी शिक्षा व स्किल ट्रेनिंग प्रदान की गई। 11 वर्षों में 1.2 करोड़ से अधिक मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध व जैन छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गईं। जिससे शिक्षा को बढ़ावा मिला। एजाज हसन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड और हरिद्वार के विकास की दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाए गए। चार धाम ऑल वेदर रोड परियोजना ने केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री को सभी मौसम में सुगम पहुंच के साथ जोड़ दिया है। इससे तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों दोनों को लाभ मिला है। सुरक्षित और तेज यात्रा के लिए हेलीपैड, रेस्क्यू सेंटर, और डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम जैसी आधुनिक सुविधाओं का विकास किया गया। गंगा स्वच्छता मिशन, रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स से हरिद्वार की सूरत बदली है। एजाज हसन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा मुस्लिम समाज को भारत के विकास में भागीदार माना है, न कि अलग-थलग। उनकी नीति में समान अवसर, समान सम्मान और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया है।



# मेयर किरण जैसल ने जगजीतपुर में नाला सफाई कार्य का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल ने अधिकारियों के साथ जगजीतपुर में नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा शहर के सभी नालों की सफाई करायी जा रही है। मंगलवार को मेयर किरण जैसल ने एसएनए ऋषभ उनियाल, चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर विकास चौधरी, सफाई नायक राजेश के साथ जगजीतपुर में चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने कार्य में तेजी लाने और बरसात शुरू होने से पूर्व सभी नालों की तली झाड़ सफाई कराने के निर्देश दिए। मेयर ने कहा कि बरसात शुरू होने वाली है। इसलिए युद्धस्तर पर कार्य करते हुए सभी नालों कार्य सफाई जल्द पूरा किया जाए। जिससे लोगों को जलभराव या अन्य किसी समस्या का सामना ना करना पड़े। मेयर ने कहा कि जिन नालों की सफाई का कार्य चल रहा है। उनके अतिरिक्त भी ऐसे नाले जो जलभराव का कारण बन सकते हैं। उन्हें चिन्हित कर सफाई करायी जाए। मेयर ने अधिकारियों को सफाई से संबंधित लोगों की समस्याओं का संज्ञान लेकर त्वरित रूप से समाधान के निर्देश भी दिए। कहा कि लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# महंत शुभम गिरी ने की 113 वर्ष पुराने पुल का पुनर्निर्माण कराने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सपा नेता महंत शुभम गिरी ने ब्रिटिश शासन के दौरान 1913 में भागीरथी बिंदु पर निर्मित पुल का पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। महंत शुभम गिरी ने कहा कि 113 वर्ष पुराना पुल उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अधीन आता है। वर्तमान में पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। महंत शुभम गिरी ने बताया कि उत्तरी गंग नहर के निर्माण के दौरान पुल का निर्माण किया गया था। निर्माण सामग्री पहुंचाने के लिए एक छोटी रेल पटरी का निर्माण भी किया गया था। पुल का पुनर्निमाण होने से कांवड़ मेले व अन्य स्नान पर्वो पर इसका उपयोग किया जा सकता है। महंत शुभम गिरी ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने यूपी सिंचाई के अधिकारियों को भी अवगत कराया है। लेकिन विभाग की और से अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। यदि जल्द पुल का पुनर्निमाण नहीं किया गया तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। पुल की हालत खस्ता हो रही है। इस पुल का नगर वासियों द्वारा पैदल आने जाने के लिए भी प्रयोग किया जाता रहा है। हाईवे पर काफी भीड रहती है। लोगो की सुविधा को ध्यान में रखतें हुए पुल को ठीक किया जाना जनहित में होगा विभाग इस ओर ध्यान दे।

# केन्द्र की टीम ने किसानों से किया सीधा संवाद

शाह टाइम्स संवाददाता



**पथरी।** क्षेत्र के बहादरपुर जट में विकसित कृषि संकल्प अभियान आज से 12 जून तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत आज केंद्र सरकार की ओर से आई टीम ने ग्राम बहादुरपुर जट में किसानों से सीधा संवाद किया और उन्हें केंद्र सरकार द्वारा पोषित योजनाओं की जानकारी दी टीम के संचालक वैज्ञानिक शशि शेखर सेमवाल ने बताया कि केंद्र की कृषि योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा है या नहीं मिल रहा है इसके लिए टीम गठित कर सीधे किसानों के पास भेजी जा रही है जिससे कि किसानों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने किसानों से पूछा कि कया आपको किसान सम्मन निधि, किसान पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं उन्होंने क्षेत्र में होने वाली फसलों के बारे में भी जानकारी ली। किसान मुनफेद अली ने बताया कि यहां किसानों को समय पर खाद और बीज नहीं मिल पाता है जब डीएपी खाद की जरूरत होती है तो उसे समय डीएपी खाद उपलब्ध नहीं हो पाता हे किसान अनुराग शर्मा ने बताया कि उन्हें गन्ने का बीज धनोरी कृषि केंद्र से दिया गया था। जिसकी देखभाल और नर्सरी के लिए कोई सहयोग प्रदान नहीं किया गया। किसान सतबीर ने बताया कि किसान फसल बीमा योजनाओं का व्यापक प्रसार नहीं हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों की समस्याओं सुनने के लिए गांव-गांव में टीम भेजी जा रही है। जिससे कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि योजनाओं का सीधा लाभ किसान को मिल सके इस योजना के लिए उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की सराहना की। इस अवसर पर बीडीसी सदस्य चंद किरण सिंह, आयुष तोमर, सतबीर चौधरी, अनुराग शर्मा, बीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# किसानों से किए वादे पूरे करने में नाकाम रही केंद्र सरकार : चौ. अंबावता

## भाकियू अंबावता का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं चिंतन शिविर शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अंबावता ने कहा कि देश में किसानो की स्थिति चिंताजनक है। केंद्र सरकार किसानों से किए वादों को पूरा करने में पूरी तरह नाकाम रही है। अलकनंदा मैदान में शुरू हुए तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं चिंतन शिविर में आंध प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, यूपी, उत्तराखण्ड सहित तमाम राज्यों से आए हजारों किसानों को संबोधित करते हुए चौधरी ऋषिपाल अंबावता ने कहा कि आज तक सभी सरकारों ने किसानों का शोषण किया है। लेकिन भाजपा किसानों की सबसे बड़ी दुश्मन साबित हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों से एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी देने का कानून बनाने का वादा किया था। जिसे आज तक पूरा नहीं किया गया। फसलों का सही दाम नहीं मिलने से किसान कर्ज के जाल में फंस रहे हैं। अंबावता ने कहा कि किसानों की दशा सुधारने के लिए केंद्र और राज्यों में किसान हितैषी सरकारों का होना जरूरी है। इसके लिए अभियान शुरू किया जाएगा और यूपी और केंद्र में किसानों का हित सोचने वाली सरकार का गठन होगा। किसान मजदूर की दशा सुधारने के लिए देश में शिक्षा और चिकित्सा व्यवस्था को नि:शुल्क किया जाए। किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ किया जाए। वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर पांच हजार रूपए महीना किया जाए। चौधरी ऋषिपाल अंबावता ने कहा कि संगठन में अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ईमानदार लोगों को संगठन से जोड़कर किसान हितों में चलाए जा रहे अभियान को तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुधवार को महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कई अहम निर्णय लिए जाएंगे। अंबावता ने कहा कि महापंचायत में यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री डीपी यादव भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय महासचिव रामपाल सिंह अंबावता, प्रवीन अंबावता, उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी सचिन चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र प्रधान, दिल्ली प्रदेश अध्क्ष अनिल चौधरी, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग हुड्डा, हरियाण प्रभारी चुहड़ सिंह रावत, रमन पंवार, नसीर खान, परशुराम प्रधान, तौफीक आदि पदाधिकारियों ने भी किसानों को संबोधित किया। इसके पूर्व चौधरी ऋषिपाल अंबावता के अधिवेशन स्थल पर पहुंचने पर संगठन पदाधिकारियों और देश भर से आए हजारों किसानों ने उनका जोरदार स्वागत किया।



# ज्वालापुर कोतवाली में हुई हिस्ट्रीशीटरों की परेड



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मंगलवार को ज्वालापुर कोतवाली में हिस्ट्रीशीटरों की परेड करायी गयी। परेड में 20 हिस्ट्रीशीटर शामिल हुए। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने खुद हिस्ट्रीशीटरों से पूछताछ की और किसी भी गैरकानूनी गतिविधि में शामिल पाए जाने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। कोतवाली प्रभारी ने हिस्ट्रीशीटरों से विस्तृत पूछताछ करने के साथ आचरण में सुधार करने और आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी देने के साथ बीट आरक्षियों को परेड में शामिल नहीं हुए हिस्ट्रीशीटरों के बारे में जानकारी जुटाने ओर उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी ने चेतावनी दी कि परेड में अनुपस्थित पाए जाने पर गुंडा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मैंने अपने पुत्र शहबान व उसकी पत्नी फरहा को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इकबाल पुत्र शराफत, निवासी ग्राम गढ़ी संघीपुर, थाना कोतवाली लक्सर, हरिद्वार।

**सूचना ( नाम परिवर्तन )**

मेरे ड्राईविंग लाईसेंस सं. UK-0820100039039 में मेरे पिता का नाम भूलवश श्रीपक व पता मौहल्ला चाकलान ज्वालापुर हरिद्वार दर्ज हो गया था, जबकि सही नाम जाहिद हसन निवासी 01, घोसियान अहबाबनगर ज्वालापुर हरिद्वार है, मेहराज अली पुत्र जाहिद हसन निवासी 01, घोसियान अहबाबनगर ज्वालापुर हरिद्वार।

# क्रौंच पर्वत पहुंचा 69 सदस्यीय तीर्थ यात्रियों का दल

**■ विभिन्न राज्यों से कार्तिक स्वामी मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं का मंदिर समिति ने किया भव्य स्वागत**
**बद्री-केदार-कार्तिक स्वामी यात्रा पर निकला है यात्रियों का दल, गौरव मानसखण्ड एक्सप्रेस के माध्यम से कार्रवाई जा रही यात्रा**


शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के तत्वावधान में देवभूमि बद्री-केदार-कार्तिक स्वामी यात्रा को लेकर भारत गौरव मानसखण्ड एक्सप्रेस के माध्यम से विभिन्न राज्यों के 69 सदस्यीय तीर्थ यात्रियों के दल के कार्तिक स्वामी तीर्थ पहुंचने पर कार्तिकेय मन्दिर समिति के पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। दल में शामिल तीर्थ यात्री क्रौंच पर्वत की धार्मिक महत्ता व प्राकृतिक सौन्दर्य से अभिभूत हुए और उन्होंने अपने सुझाव साझा किए।

आज फिर विभिन्न राज्यों के 71 सदस्यीय दल तथा आगामी 13 जून को भी सैकड़ों तीर्थयात्रियों का दल क्रौंच पर्वत तीर्थ पहुंचकर महायज्ञ व पुराणवाचन में प्रतिभाग कर क्रौंच पर्वत तीर्थ की धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व पौराणिक परम्पराओं से रूबरू होगा।

बता दें कि उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के सहयोग से विगत वर्ष भी देवभूमि बद्री-केदार-कार्तिक स्वामी यात्रा को लेकर भारत गौरव मानसखण्ड एक्सप्रेस के माध्यम से विभिन्न राज्यों के लगभग 150 से अधिक तीर्थ यात्री क्रौंच पर्वत तीर्थ पहुंचे थे।

इस वर्ष भी भारत गौरव मानसखण्ड एक्सप्रेस के माध्यम से 69 तीर्थ यात्रियो के पहले दल के क्रौंच पर्वत तीर्थ पहुंचने पर कार्तिकेय मन्दिर समिति के पदाधिकारियों, व्यापारियों व स्थानीय जनता ने दल का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। दल में शामिल मध्य प्रदेश के विनोद मिश्रा ने बताया कि क्रौंच पर्वत जैसा तीर्थ अन्य कई नहीं है। भगवान शंकर के बड़े पुत्र का धाम उत्तर भारत



के एकमात्र तीर्थ क्रौंच पर्वत पर विरा. जमान है। कार्तिक स्वामी सभी भक्तों की रक्षा करते हैं। कहा कि कनकचौंरी से क्रौंच पर्वत तक प्रकृति के अदभुत नजारों के मध्य पैदल सफर करने में मन को परम शान्ति की प्राप्ति होती है। आगरा निवासी पायल ने बताया कि क्रौंच पर्वत के शिखर से प्रकृति का जो नजारा देखने को मिला, वह हमेशा अविस्मरणीय रहेगा तथा कार्तिक स्वामी तीर्थ के यातायात से जुड़ने से स्थानीय तीर्थाटन, पर्यटन व्यवसाय में भारी इजाफा हो सकता है। रायपुर छत्तीसगढ़ निवासी अशोक तिवारी ने बताया कि देव सेनापति कुमार कार्तिकेय की तप स्थली सच में स्वर्ग के समान है, लेकिन पैदल मार्ग को सुगम बनाने के साथ पैदल मार्ग पर तीर्थ यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाए भी जरूरी हैं। कार्तिकेय मन्दिर समिति अध्यक्ष बिक्रम सिंह नेगी ने बताया कि उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के सहयोग से विगत दो वर्षों से तीर्थ यात्रियों का दल कार्तिक स्वामी तीर्थ पहुंच रहा है। प्रदेश सरकार व पर्यटन विभाग क्रौंच पर्वत तीर्थ के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। सचिव बलराम नेगी ने बताया कि उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के सहयोग से आज 71 सदस्यीय व 13 जून को भी सैकड़ों तीर्थयात्रियों का दल क्रौंच पर्वत तीर्थ पहुंचेगा। इस दौरान प्रबंधक पूर्ण सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष चन्द्र सिह नेगी, उप प्रबन्धक रमेश सिंह नेगी, सुधीर नौटियाल सहित अन्य मौजूद थे।

# अनियंत्रित होकर खाई में गिरी बोलेरो कैंपर, चालक की मौके पर मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** मंगलवार सुबह करीब 4 बजे बनियान-मिंडाल मोटर मार्ग पर भंडाराथात के पास (नुडाड़ी नामक स्थल) एक बोलेरो कैंपर वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना में सिचाड़ गांव निवासी 27 वर्षीय चालक गजेंद्र सिंह पुत्र मातवर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जानक. ारी के अनुसार गजेंद्र सिंह बीती रात बनियान गांव से एक महिला मरीज को चकराता अस्पताल लाए थे। इलाज के बाद मरीज को वापस उसके गांव छोड़ने के बाद वह तड़के अपने गांव लौट रहे थे, तभी संभवत: नींद की झपकी आने से वाहन हादसे का शिकार हो गया।

मंगलवार सुबह करीब 9 बजे बनियान की ओर जा रहे ग्रामीणों ने



**■ एसडीआरएफ ने मृतक के शव को खाई से बाहर निकाला**

खाई में गिरी गाड़ी देखी और पुलिस व 108 को सूचना दी। पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को खाई से निकाला और पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

थाना चकराता के सब-इंस्पेक्टर युद्धवीर सिंह ने बताया कि वाहन में चालक अकेला था और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हुई। डॉक्टर आजाद सिंह के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। हादसे से सिचाड़ गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर है।

# सरकारी सस्ता गल्ला दुकानों में लगाई गई ई-पोश मशीन



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** विकासनगर क्षेत्र अंतर्गत सरकारी सस्ता गल्ला की दुकान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा क्षेत्र के समस्त सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं के दुकानों पर ई पोश मशीन लगाई गई है जिससे उपभोक्ताओं को राशन पूरा मिल सके।

दुकानों पर ई पोश मशीन के द्वारा खाद्यान्न वितरण किए जाने से खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता होगी और घटसोली का भी आशंका नहीं रहेगी उपभोक्ताओं को सही वजन के हिसाब से खाद्यान्न प्राप्त होगा। आज विक. ासनगर क्षेत्र के तोली भुड में सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता ज्ञान सिंह के यहां ई पोश मशीन के द्वारा राशन दिया जा रहा था उपभोक्ताओं से इस मशीन के संबंध में पूछा गया तो उनका कहना था सरकार के द्वारा जो मशीन लगाई गई है इससे हमें पूरा राशन दिया जा रहा है।

# धीरेंद्र प्रताप का 12 जून को उत्तरकाशी का दौरा स्थगित

**देहरादून।** उत्तराखंड को कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षण धीरेंद्र प्रताप का आगामी 12 जून को उत्तरकाशी का प्रस्तावित दौरा स्थगित हो गया है। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ विजेंद्र पोखरियाल ने यह जानक. ारी देते हुए बताया कि यद्यपि आंदोलनकारियों की बैठक यथावत होगी, मगर अपरिहार्य कर्ण की वजह से धीरेंद्र प्रताप का दौरा फिलहाल स्थगित हो गया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही उत्तरकाशी में राज्य आंदोलनकारियों का गढ़वाल मंडलीय सम्मेलन होगा जिसमें धीरेंद्र प्रताप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# डीएम की अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोपेश्वर।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दीर्घावधि से लंबित योजनाओं, समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने जनहित में आवश्यक, महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता वाली योजनाओं की सूची तैयार करने के साथ ही विभागों द्वारा तीन वर्ष में किए रिफॉर्म्स इनोवेशन कार्यो का विवरण देने के साथ ही विभागों द्वारा तैयार की जाने वाली विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को ईडीपीआर के रूप में तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी विभागों को लम्बे समय से लंबित प्रकरण विशेषकर बड़े प्रोजेक्टों की सूची कारण सहित व जनहित से जुडे पेयजल योजना,



सड़क से संबंधित मैटर जो फोरेस्ट में नोडल स्तर लंबित हैं उसकी सूची कल तक जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि प्रशासन से फालोअप किया जा सके। साथ ही सभी विभागों को बडे निर्माण कार्य करने से पहले संबंधित उप जिलाधिकारी के साथ मिलकर भूमि की उपयुक्ता को लेकर निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

वहीं उन्होंने सभी नगर निकायों को हाईटैक शौचालयों का कम्बांइड प्लान बनाने, जल संस्थान को सभी बडे नगरों का ड्रेनेज प्लान बनाने व सिंचाई विभाग को बाढ़ सुरक्षा के बडे़ कार्यो का प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, परियोजना निदेशक आनंद सिंह अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### सनेह क्षेत्र के कई गांवों में पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**कोटद्वार।** सनेह क्षेत्र के अंतर्गत कुंभीचौड़, बिशनपुर, जीतपुर, नाथूपुर आदि गांवों के गांववासी वर्तमान में पेयजल समस्या का सामना कर रहे हैं। हालत यह है कि लोगों के घरों के नलों में पिछले पांच दिनों से पानी की बूंद नहीं टपकी है। समस्या के समाधान के लिए गांवों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जल संस्थान के अधिशासी व कनिष्ठ अभियंता से मुलाकात कर उनको ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त गांवों की लगभग आठ हजार की आबादी पेयजल संकट से जूझ रही है। नाथूपुर में नया नलकूप बनने के बाद भी हालत नहीं सुधर रहे हैं। लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर की दौड़ लगानी पड़ रही है। क्षेत्र को पेयजल आपूर्ति करने वाले नलकूप की मोटर खराब होना तो आम बात हो गई है। कहा कि इतनी भीषण गर्मी में पेयजल के लिए इधर उधर भटकने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि समस्या का समाधान होने तक विभाग को प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति करनी चाहिए। इस पर अधिकारियों ने शीघ्र ही समस्या का समाधान करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में मोहन सिंह रावत, महानंद ध्यानी, वाचस्पति बहुखंडी, हरेंद्र सिंह नेगी, सतेन्द्र सिंह नेगी, पपेंद्र सिंह बिष्ट और जयपाल सिंह रावत आदि थे।

### आरएसएस ने मनाया हिंदू साम्राज्य दिवस

**कोटद्वार।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से सोमवार देर शाम को पदमपुर स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांत विद्यार्थी प्रमुख शीलनिधि ने कहा कि शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के उपलक्ष्य में इस दिवस को मनाया जाता है। यह दिवस केवल एक स्मृति ही नहीं है बल्कि यह आत्मसम्मान का प्रतीक है। कहा कि शिवाजी महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन देश व स्वराज के लिए समर्पित किया। कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदू समाज की सोई हुई चेतना को जगाया था और राष्ट्रीय एकीकरण के लिए अभूतपूर्व प्रयास किए। हमें उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जिला संघ चालक विष्णु, नगर संघ चालक बी एस रावत, विभाग कार्यवाहक संजय, जिला प्रचार प्रमुख अरविंद दुदपुड़ी और जिला शारीरिक प्रमुख नरेश सहित संघ से जुड़े सभी लोग मौजूद रहे।

### सहसपुर विधायक ने किया दो मार्गों के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता विकासनगर।** ग्राम पंचायत झाझरा के अंतर्गत विकास कार्यों को आगे बढ़ाते हुए सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने श्री राम कॉलोनी में दो महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण कार्य का पूजन कर शुभारंभ किया। लगभग 16.50 लाख की लागत से शिशुपाल के घर से प्रवीण नेगी के घर तक 150 मीटर तथा अमित चौधरी के घर से कुकरेती के घर तक 200 मीटर लम्बे मार्गों का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विधायक का आभार प्रकट किया और इस विकास कार्य के लिए धन्यवाद दिया। विधायक पुंडीर ने लोगों को बधाई देते हुए आश्वासन दिया कि क्षेत्र के समग्र विकास हेतु वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे और जनता की हर आवश्यकता को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान पिंकी देवी, अनिल नौटियाल, नरेश भंडारी, गौरी भंडारी, सचिन थापा, तमन्ना थापा, मिनाक्षी थापा, रजनी नेगी, मंजू शर्मा, इन्दु रावत, किरण ढौंढियाल आदि स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### प्रशासन की व्यवस्थाओं की यात्री भी कर रहे हैं जमकर तारीफ

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। धाम में बाबा केदार के प्रति भक्तों की अटूट आस्था देखने को मिल रही है। खराब मौसम के बावजूद बीते एक सप्ताह से उम्मीद से अधिक भक्त बाबा केदार के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में प्रशासन की ओर से पूर्व से ही तैयारी की गई हैं। बीते सोमवार को 27 हजार 912 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए हैं। अंदा. जा लगाया जा रहा है कि आगामी दिनों में और अधिक संख्या में भक्त बाबा केदार के दर्शनों के लिए पहुंचेंगे। ऐसे में प्रशासन सभी चुनौतियों से पार पाते हुए भक्तों को सुलभ दर्शन करवाने की कोशिशों में जुटा हुआ है। धाम पहुंच रहा हर भक्त बाबा केदार के दर्शन कर रहा है। भक्त प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाओं की जमकर तारीफ कर रहे हैं। मुंबई से आये भक्त अशोक मेहरा, उत्तर प्रदेश के चंदौली से पहुंचे उदय श्रीवास्तव, बंगाल के यात्री विश्वजीत कुमार सहित अन्य ने बताया कि बाबा केदार के अच्छे से दर्शन हो रहे हैं। लाइन में कुछ समय खड़े रहने के बाद ही दर्शन करने का नंबर आ रहा है। रहने खाने से लेकर साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था है। मेडिकल इमरज. ेंसी में सुरक्षा जवान मदद कर रहे हैं। पैदल यात्रा मार्ग पर पानी, शौचालय और साफ सफाई की अच्छी व्यवस्था है।

# महिलाओं के स्वरोजगार के लिए पीएनबीआरएसईटीआई देहरादून की पहल

शाह टाइम्स संवाददाता

**डोईवाला** ब्लॉक के आदर्श गांव मोतीचूर हरीपुर कला में महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए पीएनबीआरएसईटीआई देहरादून के निदेशक श्री ओ.पी. पंवार और ज आलम ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में ग्राम प्रधान श्रीमती गीतांजलि जी, सक्रिय महिला रीता जी और गांव की अन्य महिलाओं ने भाग लिया, जिसमें स्वरोजगार से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा

स्वरोजगार के अवसरों की पहचान और चर्चा- महिलाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न स्वरोजगार के अवसरों की पहचान की गई और इन अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई।



महिलाओं को इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया और उन्हें अपने कौशल और रुचि के अनुसार स्वरोजगार चुनने के लिए प्रेरित किया गया।

महिलाओं में कौशल विकास की आवश्यकता और इसके लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था: इस बिंदु पर, महिलाओं में कौशल विकास की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। पीएनबीआरएसईटीआई ने महिलाओं को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का आश्वासन दिया, जिससे वे स्वरोजगार के लिए आवश्यक कौशल प्राप्त कर सकें।

स्वरोजगार शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता के विकल्पों पर चर्चा: स्वरोजगार शुरू करने के लिए उपलब्ध विभिन्न वित्तीय सहायता विकल्पों पर चर्चा की गई। इसमें बैंक ऋण, सरकारी योजनाएं, और अन्य वित्तीय सहायता विकल्प शामिल थे उत्पादों और सेवाओं के लिए बाजार संबंधों की खोज: इसके तहत, उत्पादों और सेवाओं के लिए बाजार संबंधों की खोज पर विशेष जोर दिया गया। च्छठ त्मैज्प् ने महिलाओं को उनके उत्पादों और सेवाओं के लिए बाजार उपलब्ध कराने में सहायता करने का आश्वासन दिया, जिससे वे अपने उत्पादों को सफलतापूर्वक बेच सकें। स्वरोजगार के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण और इसके गांव के आर्थिक विकास: महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना और गांव के आर्थिक विकास में योगदान देना। ग्राम विकास: स्वरोजगार के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण से गांव के समग्र विकास में योगदान करना और गांव की आर्थिक स्थिति में सुधार लाना।

इस पहल के माध्यम से, पीएनबीआरएसईटीआई देहरादून मोतीचूर हरीपुर कला गांव की महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पहल से न केवल महिलाएं लाभान्वित होंगी, बल्कि इससे पूरे गांव के विकास में भी सकारात्मक योगदान होगा।

# बरसुड गांव में शुरू हुई सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

**नई टिहरी।** चंबा ब्लॉक की धार अकरिया पट्टी स्थित बरसुड गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। मंगलवार को कथा के पहले दिन ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भव्य कलश यात्रा निकाली, जिसमें महिलाओं और युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल तक पहुंची, जहां व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य विजय उनियाल ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया।कलश यात्रा के गांव पहुंचने पर आचार्य विजय उनियाल का ग्रामीणों द्वारा फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

# मसाण देवता को माना जाता है पहाड़ों का रक्षक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** भरदार पट्टी क्षेत्र के तिमली भरदार में नवनिर्मित मसाण देवता मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपंन हो गया है। कलश यात्रा और भंडारे के साथ धार्मिक अनुष्ठान का समापन हुआ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में प्रवासी ग्रामीण भी मौजूद रहे।बता दें कि देवभूमि उत्तराखंड के कण-कण में देवी-देवताओं का वास माना जाता है। यहां के लोग देवी-देवताओं के प्रति आस्था और उनके बनाए नियमों के अनुसार ही चलते हैं। यहां लोग जितना देवताओं को मानते हैं, उतना ही भूत-पिशाचों को भी मानते हैं। मसाण लगने को यहां की स्थानीय भाषा में छल लगना या परी लगना कहा जाता है। यहां कई जगहों पर भूतों से रक्षा के लिए उनके मंदिर भी बनाए गए हैं, जिन्हें पहाड़ों में मसाण बोला जाता है और हर गांव में इसके मंदिर (मसाण देवता मंदिर) भी देखे जाते हैं।

युवा सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद भट्ट ने बताया कि विकासखण्ड जखोली के तिमली गांव में मसाण देवता मंदिर का भव्य निर्माण करने के बाद मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन संपंन किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रवासी ग्रामीणों ने भी भाग लिया, जबकि धियाणियां भी अपने मायके पहुंची। पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गांव का माहौल काफी भक्तिमय बना रहा।

# केदारनाथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

**■ उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, देवदर्शन कर कमाया पुण्य लाभ**

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** जौनसार-बावर के लाखामंडल क्षेत्र स्थित भटाड़ गांव में चल रहे नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन विधिवत प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुआ। इस पावन अवसर पर क्षेत्रभर से भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और देवदर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2 जून को भटाड़ गांव से केदारनाथ धाम के लिए एक देवयात्रा प्रारंभ हुई थी, जिसमें ग्रामवासी बद्रीनाथ और केदारनाथ के दर्शन कर विभिन्न तीर्थ पड़ावों से होती हुई 9 जून को गांव लौटी। यात्रा की वापसी पर भटाड़ गांव में भव्य स्वागत किया गया।

इसके बाद कुल पुरोहित आचार्य विजय कृष्ण महाराज के सान्निध्य में



विधिवत प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई।

अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन हवन, कीर्तन, आरती और सत्संग का आयोजन किया गया, जिससे पूरे गांव में धार्मिक आस्था और भक्ति का वातावरण बना रहा।

आयोजन के अंतिम दिन भंडारे का आयोजन भी हुआ, जिसमें टिहरी, उत्तरकाशी, जौनसार-बावर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सफल संचालन में मंदिर समिति के अध्यक्ष चंडी प्रसाद नौटियाल, स्याणा सुनील नौटियाल, भंडारी रामदत्त नौटियाल, अतर दत्त उनियाल, गीताराम, खत स्याणा वीरेंद्र पंवार, श्यामदत्त डोभाल (कुना), हुकुम सिंह चौहान (मयूढ़ा), सूरत सिंह (कानडोई), राजपाल (छुलटाड), प्रीतम (नाडा), प्रताप रावत (गोठाड़), अनिल नौटियाल, लकी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों का विशेष सहयोग रहा।

# ऋण मेले के माध्यम से महिला समूहों को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहन

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** चकराता विकासखंड परिसर में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए एक दिवसीय उद्यमिता सृजन ऋण मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में अग्रसर कर आत्मनिर्भर बनाना रहा। कार्यक्रम में चकराता ब्लॉक की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मेले में डीसीबी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, और उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैंक अधिकारियों ने समूह की महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न उद्यमिता प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, ऋण प्रक्रिया, सब्सिडी की दरें, लाभों और योजना



का सही तरीके से लाभ उठाने संबंधी विस्तृत जानकारी भी साझा की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड अधिकारी राकेश बिष्ट ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। जनपद से आए आरएफसी अजय तिवारी ने वित्तीय साक्षरता एवं समावेशन विषय पर जानकारी दी। वहीं, ब्लॉक मिशन प्रबंधक डॉ. पूजा गौड़ ने 'लखपति दीदी' अभियान के तहत समूह की महिलाओं को छोटे-छोटे व्यवसाय स्थापित कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। मेले के दौरान करीब 114 महिलाओं ने ऋण के लिए आवेदन किया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि महिलाएं अब पारंपरिक भूमिकाओं से आगे बढ़कर उद्यमिता की ओर कदम बढ़ा रही हैं।इस अवसर पर एनआरएलएम के समस्त ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी, रिप स्टाफ व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। मेले ने क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक नई ऊर्जा प्रदान की।

# रिकॉर्ड संख्या में केदारनाथ धाम पहुंच रहे भक्त

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा दिन प्रतिदिन नये-नये आयाम स्थापित कर रही है। इस बार की यात्रा ने पिछले वर्ष की यात्रा के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पिछले वर्ष की यात्रा की तुलना करें तो 39 दिन में जहां 9 लाख भक्तों ने बाबा केदार के दर्शन किए थे, वहीं इस बार की यात्रा में यात्रियों का आंकड़ा 9 लाख 35 हजार पार पहुंच गया है। अधिक संख्या में पहुंच रहे यात्रियों के लिए प्रशासन की ओर से लगातार स्वास्थ्य से लेकर रहने-खाने और साफ सफाई की व्यवस्थाओं में बढ़ोतरी की गई है। वहीं पहली बार लागू हुआ टोकन सिस्टम यात्रियों को खूब भा रहा है और धाम पहुंच रहे हर यात्री को एक घंटे के भीतर मंदिर के गर्भ गृह में जाकर दर्शन हो रहे हैं

# समग्र शिक्षा योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर बांलिकाओं को निशुल्क कोचिंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में समग्र शिक्षा उत्तराखंड द्वारा चल रही कोचिंग का दौरा किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड सरकार की इस पहल को नमन करती हूं और स्वागत करती हूं शिक्षा के क्षेत्र में यह एक अनूठी पहल है, उन्होंने बताया कि विकासखंड दुगड्डा के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों से चयनित पवन मेधावी छात्राओं के लिए भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित एवं जीव विज्ञान विषयों में विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा 15 दिवसीय आवासीय एवं गैरदृआवासीय कोचिंग को संचालित किया गया है।



**■ समय का सद्पयोग से विद्यार्थी संवारे अपना भविष्य ऋतु खण्डूडी भूषण**

जिसकी शुरुआत 3 जून से राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में हुई है। ऋतु खण्डूडी ने बताया कि कोचिंग कार्यक्रम के अंतर्गत 14 बालिकाओं के लिए निशुल्क आवश्यक सुविधा की व्यवस्था एवं सभी छात्राओं को शिक्षा, आवास, भोजन एवं आवश्यक शैक्षिक सामग्री निशुल्क प्रदान की जा रही है। अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने कहा कि इस पहल से न केवल बालि. काओं को उच्च शिक्षा व प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफल होने हेतु मार्गदर्शन मिलेगा बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी वंदना भारद्वाज, सहायक नोडल अधिकारी किशोर बडालिया, सहायक नोडल अधिकारी राजेंद्र सिंह पाल, शिक्षक पंकज चमोली, सरिता खर्कवाल, मनीष मधवाल, अमित खेतवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस सजग और सतर्कः एसएसपी

## कैंची धाम के मेले और पर्यटन सीजन के लिए ब्रीफिंग



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के कैंची में 15 जून रविवार को आयोजित होने वाले कैंची धाम मन्दिर मेले के सकुशल संचालन एवं पर्यटन सीजन की सफल व्यवस्था हेतु जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा मंगलवार को नैनीताल में बाहरी जनपदों से आए पुलिस बलों तथा जनपद नैनीताल के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस कप्तान मीणा ने अब तक की ड्यूटी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सभी पुलिस बल को बधाई दी तथा उनका उत्साहवर्धन किया और आगामी दिनों के लिए सतर्क एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने मित्रता एवं सुरक्षा के भाव से पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सहायता को प्राथमिकता देने का निर्देश दिए। पुलिस कप्तान मीणा ने डायवर्जन योजना एवं शटल सेवाओं' के समुचित उपयोग की जानकारी दी एवं सभी को पालन कराने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी थानों, चौकियों एवं अधिकारियों को पुलिस बल के रहने तथा खानपान आदि की पूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जाम की स्थिति की मॉनिटरिंग कर उच्च अधिकारियों को तत्काल सूचित करने हेतु बताया गया। सोशल मीडिया, टूरिस्ट मूवमेंट और भीड़ नियंत्रण जैसे विषयों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ड्यूटी के दौरान पूर्ण अनुशासन बनाए रखने एवं मोबाइल फोन के अनावश्यक प्रयोग से बचने के निर्देश दिए गए ताकि जनता की सहायता एवं ड्यूटी पर पूर्ण ध्यान केंद्रित किया जा सके। पुलिस कप्तान मीणा ने नैनीताल जिले ने सभी पुलिस कर्मियों को विजन क्लियर रखने तथा सजग एवं संवेदनशील रहते हुए ड्यूटी करने के निर्देश दिए। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस बल का मनोबल बढ़ाने के साथ यह संदेश भी दिया गया कि अगले 10 दिन न सिर्फ चुनौतीपूर्ण हैं बल्कि नैनीताल पुलिस के सेवा संकल्प को दर्शाने वाले दिन भी हैं। कहा कि जनपद नैनीताल पुलिस पूरी प्रतिबद्धता के साथ कैंची धाम मेला एवं पर्यटन सीजन को सुरक्षितए व्यवस्थित और श्रद्धालु, पर्यटक हित में संपन्न कराने हेतु कार्यरत है। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक क्राइम/यातायात डा. जगद. ीश चंद्रा सहित अन्य राजपत्रित अधिकारी तथा थाना व चौकी प्रभारी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# नैनीताल में पीक पर ग्रीष्म पर्यटन सीजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल का ग्रीष्म कालीन पर्यटन सीजन वर्तमान में अपने चरम पर पहुंच गया है। मंगलवार को होटलों तथा होम स्टे व गेस्ट हाउस के अधिकांश कमरे पैक रहे। पार्किंग स्थल भी पर्यटक वाहनों से पटी रही। नगर के पर्यटन स्थलों में मंगलवार को पर्यटकों की खासी रौनक देखने को मिली। पर्यटकों से मालरोड की रंगत में जबरदस्त निखार नजर आया। देर शाम तक नगर में दो हजार से अधिक पर्यटक वाहन पहुंचे गए। 10 हजार से अधिक सैलानी पहुंचे हैं। जिस कारण होटलों समेत तमाम गेस्ट हाउस के अधिकांश कमरे सैलानियों से भर गए। वाहनों की भीड़ उमड़ती देख पुलिस को नगर की सीमाओं से यातायात नियंत्रित किया गया। नगर के पर्यटन स्थलों में पूरे दिन भारी संख्या में सैलानियों की आवाजाही रही। स्नोव्यू, राजभवन, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन तथा हिमालय दर्शन व हनुमानगढ़ी की सैर पर सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचे। नौका विहार करने वाले सैलानियों का तांता लगा रहा। मालरोड भी सैलानियों से पटी नजर आई। हनुमानगढ़ी व नयना देवी मंदिर में भी सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचे। बाजारों में खरीदारी करने वाले सैलानियों की भीड़ रही। रेस्टोरेंट भी सैलानियों से भरे रहे। हल्द्वानी, भवाली व कालाढूंगी रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। उधर नगर के समीपवर्ती पर्यटन स्थलों में भी चहल पहल बढ़ गई है। जिस कारण पर्यटन कारोबारी बेहद खुश हैं।



## बॉटनी पर रिफ्रेशर कोर्स कल से

**नैनीताल।** एमएमटीटीसी द्वारा वनस्पति विज्ञान में रिसेंट एडवांसेज इन बॉटनी और प्लांट साइंसेज विषय पर रिफ्रेशर कोर्स 12 से 25 जून 2025 तक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। सहायक प्राध्यापकों को यह कोर्स को सीएएस के अंतर्गत तथा यूजीसी नियम के अंतर्गत करना अनिवार्य है। निदेशक एमएमटीटीसी प्रो. दिव्या उपाध्याय जोशी ने बताया कि उक्त कोर्स यूजीसी नए ऑनलाइन माध्यम से संस्तुत किया है तथा कोर्स में वनस्पति विज्ञान के विशेषज्ञ नए शिक्षकों से संवाद करेंगे तथा विषय की नवीन जानकारी देंगे। डा. रितेश साह ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों के 100 प्रतिभागी इस कोर्स में प्रतिभाग कर रहे है। कोर्स कॉर्डिनेटर व वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी ने बताया कि कोर्स में देश विदेश के विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे जिसमें फैलो ऑफ नेशनल अकादमी प्रो. एसपी सिंह, प्रो. डीके उप्रेती, पद्मश्री अनूप साह, कुलपति प्रो. वाई विमला, प्रो. एके पांडे, फैलो ऑफ नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज प्रो. जीएस रावत समेत कई शिक्षाविद् व वैज्ञानिक शामिल हैं।

## शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव 13 को

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव 13 जून शुक्रवार को होंगे। मुख्य चुनाव अधिकारी भारत भूषण जोशी के मुताबिक चुनाव अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष, सचिव, उप सचिव तथा कोषाध्यक्ष पदों के लिए होंगे। चुनावी प्रक्रिया के तहत 12 जून वीरवार को सुबह 11 बजे से लेकर अपराह्न एक बजे तक नामांकन होंगे। उसके बाद अपराह्न 1.30 बजे से लेकर 2.30 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच, उसी दिन नाम वापसी का कार्यक्रम 2.30 बजे से लेकर शाम को 3.30 बजे तक होगा। अगले दिन यानी 13 जून शुक्रवार को सुबह 11 बजे से लेकर अपराह्न एक बजे तक मतदान होगा जबकि अपराह्न 1.30 बजे से मतगणना होगी। मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशियों की घोषणा के बाद शपथ ग्रहण समारोह होगा। बताया कि नामांकन प्रक्रिया परिसर के सहायक लेखाधिकारी कार्यालय व निर्वाचन (मतदान) की प्रक्रिया परिसर के कक्ष संख्या 18 सेमीनार हाल में होगी। बताया कि हर पद के लिए नामांकन शुल्क 500 रुपया तय किया गया है। वर्तमान अध्यक्ष गणेश सिंह व सचिव राजेंद्र सिंह ने सभी कर्मचारियों से दो दिनी चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय, पौड़ी गढ़वाल**
**उत्तराधिकार वाद**
**सं0 65 सन 2025**

**प्रार्थी / वादी**- कौशलेन्द्र बागड़ी उम्र 28 वर्ष पुत्र स्व० बलवीर सिंह बागड़ी निवासी ग्राम कोटचुला कोठड़, एजेन्सी मोहल्ला बदरीनाथ मार्ग, थाना श्रीनगर, पट्टी कटूलस्यूं तहसील श्रीनगर, जिला पौड़ी गढ़वाल उत्तराखण्ड-246174

**बनाम**

**विरुद्धपक्ष**- 1. उप डाकपाल श्रीनगर एस०ओ० श्रीनगर, जिला पौडी गढ़वाल, उत्तराखण्ड-246174

2. हर आम व खास

चूंकि उपरोक्त प्रार्थी / याची द्वारा अपनी स्व० माता श्रीमती सरोजनी देवी पत्नी स्व० बलवीर सिंह बागड़ी एवं पिता स्व० बलवीर सिंह बागड़ी पुत्र स्व० साब सिंह निवासीगण ग्राम कोटचुला कोठड़, एजेन्सी मोहल्ला, बदरीनाथ मार्ग, थाना श्रीनगर, पट्टी कटूलस्यूं, तहसील श्रीनगर, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड द्वारा इस न्यायालय में एक वाद अन्तर्गत धारा 360 समान नागरिक संहिता 2024 के अधीन अपनी स्व० माता एवं पिता के संयुक्त बचत खाते पोस्ट ऑफिस श्रीनगर एस०ओ० में **आर0 डी0 खाता** सं0-**8359313318** में धनराशि **8,50,76-रू0 (आठ लाख पचास हजार सात सौ इकसठ रू0 )** एवं माता के नाम आर०डी० **खाता सं0- 4054672206** जिसमें धनराशि **9,95,996/-रू० ( नौ लाख पिच्चानवे हमार नौ सौ छियानवे रू0 )** हैं, तथा इसके अतिरिक्त माता पिता के नाम संयुक्त बचत **खाता सं०-8359238411** में **1,98,000/-**रू० **( एक लाख अठानवे हजार रू0 )** जमा हैं। इस प्रकार कुल जमा **धनराशि 20,44,757/-रू0 ( बीस लाख चवालीस हजार सात सौ सत्तावन रू0 )** चाहने बावत उपरोक्त वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसमें दिनांक 16-07-25 सुनवाई हेतु नियत है।

अत: आप आम व खास को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो वह उपरोक्त नियत तिथि पर न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखें। यदि ऐसा करने में कोई त्रुटि की गयी तो एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक 06-06-25 को न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**आदेशानुसार**
अपील क्लर्क, जिला जज पौड़ी
पौड़ी गढ़वाल

# नैनीताल को पहले जैसा सुन्दर बनाने की जरूरतः कपिल देव

## पूर्व क्रिकेटर के साथ प्रशंसकों ने ली सेल्फी



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा कि नैनीताल को पहला जैसा सुंदर बनाने की सख्त जरूरत है। कपिल देव ने मंगलवार को राजभवन में गोल्फ में हाथ दिखाए और नैनीताल की शान समझी जाने वाली माल रोड भ्रमण पर निकल पड़े।

### राजभवन में गोल्फ में हाथ आज़माए, मालरोड पर किया भ्रमण

बता दें कि भारतीय टीम को एक दिवसीय विश्वकप में जीत दिलाने वाले कपिल देव मंगलवार को सुबह गोल्फ खेलने राजभवन के गोल्फ कोर्स पहुंच गए। गोल्फ खेलने के बाद राजभवन पहुंचकर राज्यपाल लेज गुरमीत सिंह (सेनि.) से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात करने के बाद भोजन के लिए बोट हाउस क्लब पहुंच गए। भोजन के बाद माल रोड भ्रमण पर निकल पड़े। मदमस्त अंदाज में हाथों में डिस्पोजल गिलास लिए शीतल पेय की चुस्कियां के साथ प्रशंसकों से मिलते रहे और सेल्फी खिंचवाते रहे। इस दौरान कपिल देव को अपने करीब पाकर सैलानियों ने उन्हें घेरने की कसर नहीं छोड़ी और सेल्फी लेते चले गए। चारों ओर से प्रशंसकों से घिरे कपिल हल्की मुस्कान चेहरे पर लिए शांत स्वभाव लोगों का हृदय स्पर्श कर गया। इसके बाद उन्होंने माल रोड में सरदार संस प्रतिष्ठान में पहुंचकर जींस खरीदी। कपिल देव ने प्रतिष्ठान के संचालक बलबीर सिंह से कहा कि मेरी पत्नी आपके यहां से चार टी शर्ट ले गई थी और मैं स्वयं जींस लेने आया हूं। इस बीच संक्षिप्त बातचीत में कपिलदेव ने कहा कि वह पहले नैनीताल आ चुके हैं और पहले भी इस नगर की सुंदरता से कायल हो चुके हैं। नैनीताल को पहला जैसा सुंदर रखने व स्वच्छ बनाने की जरूरत है। इस बीच उनसे इंग्लैंड टेस्ट सीरीज खेलने जा रही भारतीय टीम के बारे में विचार व्यक्त करने को पूछा गया तो वह चुप्पी साध गए। इस बीच कपिलदेव के प्रशंसक उनसे मिलकर खूब खुश हुए। उनके प्रशंसकों में युवा ही नहीं बल्कि बच्चे भी नजर आए जिसे देख लगा कि कपिल के प्रति लोगों की चाहत आज भी बरकरार है।

## कार में काली फिल्म लगाने पर चालान

**नैनीताल।** यूपी के पर्यटकों की कार के सीसों में काली फिल्म निकालने के दौरान नैनीताल में हंगामा हो गया। मामले में पुलिस ने कार के सीसों से काली फिल्म निकालकर पर्यटक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक यूपी के लखनऊ शहर से वाहन में पर्यटक घूमने के लिए नैनीताल पहुंचे। तल्लीताल में ड्यूटी पर मौजूद एएसआई सुनील कुमार ने जब पर्यटकों की कार के शीशे से काली फिल्म देखी तो पर्यटकों से काली फिल्म निकालने को कहा लेकिन पर्यटकों ने उनकी बात को अनसुना कर दिया। जब पुलिस ने कार को रोका तो पर्यटक पुलिस से भिड़ने लगे। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने पर लखनऊ के राम किशोर के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# तीन दिन चलेगा बाल फिल्म मेला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** रचनात्मक शिक्षक मंडल उत्तराखंड की पहल पर नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक स्कूल में मंगलवार से तीन दिवसीय बाल फिल्म मेला विधिवत शुरू हुआ। मेले का उद्घाटन उत्तराखंड हाइकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता ने किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि सिनेमा आज शिक्षण का एक महत्वपूर्ण साधन बन गया है। बाल मनोविज्ञान केंद्रित सामाजिक सरोकारों की फिल्मों को बच्चों को समय समय पर दिखाते रहना आज की आवश्यकता बन गया है। विचारोत्तेजक फिल्में छात्रों के बीच कठिन, सामाजिक व सांस्कृतिक और नैतिक समस्याओं के बारे में बातचीत और बहस शुरू करने के लिए उत्प्रेरक का काम करती हैं। इससे न केवल छात्रों की आलोचनात्मक सोच क्षमताओं में सुधार होता है बल्कि सहानुभूति और विभिन्न दृष्टिकोणों का ज्ञान भी विकसित होता है। समारोह की शुरुआत 1857 के गदर के क्रांतिकारी विद्रोही अज़ीमुल्ला खां द्वारा लिखे प्रयाण गीत हम हैं इसके मालिक हिन्दुस्तान हमारा,पाक वतन है कौम का जन्नत से भी न्यारा से हुई। इसके पश्चात जवाहरलाल नेहरू लिखित पुस्तक भारत एक खोज पर श्याम बेनेगल निर्देशित सीरियल का पहला एपिसोड भारत माता की जय बच्चों को दिखाया गया।इसके पश्चात वरिष्ठ साहित्यकार आर के नारायण लिखित कहानी संग्रह मालगुडी डेज पर आधारित एपीसोड बच्चों को दिखाए गए। इस मौके पर इंस्पायर अवार्ड के जिला समन्वयक डा. हिमांशु पांडे ने प्रतिभागी बच्चों को जानकारी दी कि 15 जून रविवार से इंस्पायर अवार्ड के पंजीकरण शुरू हो रहे हैं। बच्चे उसमें पंजीकरण करा अपने नवाचारों को स्थान दें। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने अतिथियों को विद्यालय के बच्चों द्वारा बनाए गए ऐपण के चित्र भेंट किए। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक नवेंदु मठपाल, दिव्या ढेला, दीपक कोरंगा, शाहनवाज, नेहा आर्या, प्रवीण सती,आलोक कुमार तथा प्रकाश पौडियाल मौजूद रहे।



# राज्यपाल के सामने रखे पर्यटन के सुझाव

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने मंगलवार को राजभवन नैनीताल में बोट एसोसिएशन नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में नैनीझील के संरक्षण, पर्यटन सुविधाओं के विस्तार से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्यपाल के समक्ष कई सुझाव रखे। उन्होंने झील में बने बोट स्टैंड पर बारिश से बचाव के लिए शेल्टर निर्माण को यथाशीघ्र कराने, झील को जाने वाली सीढ़ियों की मरम्मत और उसमें सुरक्षा चौन लगाए जाने और टिकट काउंटर के जीर्णोद्धार की आवश्यकता पर जोर दिया। राज्यपाल ने सभी सुझावों को सुनते हुए कहा कि नैनीताल की झील न केवल प्रदेश, बल्कि देशभर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है, और इसका संरक्षण सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को बेहतर सुविधा देना हमारी प्राथमिकता है। राज्यपाल ने बताया कि नैनी झील का तकनीकी सर्वेक्षण नेशनल हाइड्रोग्राफर ऑफिस देहरादून द्वारा किया गया है और उसकी रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। राज्यपाल ने बैठक के दौरान कहा कि नैनीताल आने वाले पर्यटकों के लिए बोट चालक वास्तव में एक प्रकार के ब्रांड एंबेसडर होते हैं। उन्होंने कहा कि बोट चालक न केवल पर्यटकों को नैनी झील की सैर कराते हैं, बल्कि उन्हें नैनीताल की विशिष्टताओं, संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य की जानकारी भी देते हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम कमली देवी/कमली भट्ट (पुराना नाम) से बदलकर **कमली देवी भट्ट** (नया नाम) रख लिया है। भविष्य में मुझे कमली देवी भट्ट पुत्री शिव प्रसाद तथा पत्नी बेनी प्रसाद भट्ट के नाम से जाना-पहचाना जाए।

**शपथकर्ता:** कमली देवी भट्ट पत्नी बेनी प्रसाद भट्ट, पता: शिवपुरी कॉलोनी, मोहिनी रोड लास्ट, देहरादून- 248001, उत्तराखंड।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर, देहरादून**

पत्राक- 388/परिवार/2025-26 — 10 जून 2025

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर देहरादून द्वारा ऑफलाइन परिवार रजिस्टर को ऑनलाइन कर परिवार रजिस्टर की नकल हेतु सॉफटवेयर बनाने और छूटे हुए परिवारों का सर्वे कराकर उन्हे परिवार रजिस्टर में अंकित करने के लिए मान्यता प्राप्त संस्था/फर्मो से दिनांक 25-06-2025 को समय 2 बजे तक शीलबंद निविदायें आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन को समय 4 बजे उपस्थित निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा के साथ धरोहर धनराशि रू0 25,000.00 की एफ0डी0आर0 अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बन्धक कर देनी होगी, निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 1,000.00 + जी0एस0टी0 सहित पालिका कार्यालय में जमा कर निविदा प्रपत्र दिनांक 24-06-2025 को सायं 5:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। किसी एक या समस्त निविदाओं की स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**बी0एल0 आर्य** — **अधिशासी अधिकारी**

**नीरू देवी** — **अध्यक्ष**

# दिव्यांगों के लिए ठोस कदम उठाए सरकारः वार्ष्णेय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में दिव्यांगजन अब भी केंद्र और राज्य सरकार की तमाम योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है। उत्तराखंड दिव्यांगजन सशक्तिकरण के सक्रिय सदस्य दिलीप वार्ष्णेय ने कहा कि सरकार की योजनाएं कागज़ों में तो दिखाई देती हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर इनका लाभ दिव्यांगजनों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग समाज आज भी बुनियादी सुविधाओं, आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार जैसे मुद्दों पर संघर्ष कर रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा दिव्यांगजनों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जाती हैं, लेकिन इन योजनाओं की जानकारी का अभाव सबसे बड़ी बाधा है। वार्ष्णेय ने मांग की कि सरकार को प्रदेशभर में विशेष जागरूकता अभियान चलाना चाहिए, ताकि दिव्यांगजन न केवल योजनाओं के प्रति सजग हों, बल्कि उनके आवेदन और लाभ प्राप्ति की प्रक्रिया को भी सहज बनाया जा सके। इसके लिए जिला व ब्लॉक स्तर पर नियमित रूप से दिव्यांग जागरूकता और समाधान शिविर आयोजित किए जाएं, जहां चिकित्सा प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, पेंशन, ट्राईसाइकल, शिक्षण सहायता एवं अन्य सुविधाओं की प्रक्रिया एक ही स्थान पर पूरी की जा सके। उन्होंने कहा कि यह सरकार की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए।

**नाम परिवर्तन**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मुझे पहले **खुशीदा, खुर्शीदा खातुन , खुर्शीदा अहमद व खुश्रीद** के नामो से जाना व पहचाना जाता था यह तीनो नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे मेरे वास्तविक नाम **खुशीदा (KHUSHIDA)** से जाना व पहचाना जाए।

**शपथकर्ती:** खुशीदा
पत्नी श्री अयाज अहमद
निवासी 125, गढ़ी केन्ट,
जिला देहरादून

**कार्यालय नगर निगम रूड़की, जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड)**

पत्रांक :- 253/कर-अनु0/न0नि0रूडकी/टैण्डर खुली बोली/2025-26 — दिनांक :-10/06/2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम रूड़की में दिनांक 01-04-2025 से दिनांक 31-03-2028 (03 वर्ष हेतु) निगम क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सालियर साल्हापुर इब्राहिमपुर देह में स्थित सीवरेज फार्म खुली बोली के ठेके हेतु इच्छुक व्यक्तियों/ठेकेदारों को खुली बोली वास्ते निम्नानुसार आमन्त्रित करती है।

| क्र0 स0 | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | न्यूनतम खुली बोली मूल्य प्लाट संख्या | खुली बोली हेतु एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/नकद धनराशि जमानत जमा किये जाने हेतु दिनांक एवं समय | नगर निगम सभागार में टेण्डर खुली बोली के माध्यम से प्रतिभाग की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | भूमि फसल बिक्री | 40,000 | प्लाट संख्या-01 रू 3,85,500/-<br>प्लाट संख्या-02 रू 10,65,000/-<br>प्लाट संख्या-03 रू 9,93,000/-<br>प्लाट संख्या-04 रू 9,33,000/-<br>प्लाट संख्या-05 रू 4,87,500/-<br>प्लाट संख्या-06 रू 1,06,500/-<br>प्लाट संख्या-07 रू 4,02,000/-<br>प्लाट संख्या-08 रू 3,60,000/-<br>प्लाट संख्या-09 रू 10,47,000/-<br>प्लाट संख्या-10 रू 11,32,500/-<br>प्लाट संख्या-11 रू 7,74,000/-<br>प्लाट संख्या-12 रू 5,53,500/-<br>प्लाट संख्या-13 रू 4,02,000/-<br>प्लाट संख्या-14 रू 3,79,500/-<br>प्लाट संख्या-17 रू 7,87,500/-<br>प्लाट संख्या-18 रू 8,17,500/-<br>प्लाट संख्या-19 रू 7,36,500/-<br>प्लाट संख्या-20 रू 4,26,000/-<br>प्लाट संख्या-21 रू 1,80,000/-<br>प्लाट संख्या-23 रू 3,73,500/-<br>प्लाट संख्या-24 रू 4,15,500/- | दिनांक 10-06-2025 से दिनांक 19-06-2025 तक दोपहर 12:00 बजे तक। | दिनांक 19-06-2025 |

भूमि फसल बिक्री जमानत धनराशि एनएससी/एफ0डी0आर0/नकद धनराशि जमानत राशि के रूप में जो नगर आयुक्त नगर निगम रूड़की के नाम बन्धक हो प्रस्तुत करनी अनिवार्य है। तद्दिनांक को उच्चतम खुली बोली धनराशि को स्वीकृति हेतु निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा जिसको स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति में निहित होगा। उपरोक्त से सम्बन्धित अन्य शर्त किसी भी कार्य दिवस में कर-अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

नगर आयुक्त
नगर निगम रूड़की।

मा0 महापौर
नगर निगम रूड़की।

**।। कार्यालय कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी कोटद्वार गढवाल ।।**

पत्रांक: 300/कृ0भू0स0अ0को0/भण्डार/छानस/2025-26/ — दिनांक: 05/06/2025

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में वर्ष 2023-24 में रखी बीज उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्पादित गेंहू बीज की छानस की नीलामी दिनाक 06.06.2025 को अपराहन 2:00 बजे से की जानी थी जोकि अपिहार्य कारणों निरस्त करते हुए नीलामी कृषि एवं भूमि सरक्षण अधिकारी कार्यालय कोटद्वार में दिनांक 17.06.2025 को अपराहन 2:00 बजे गठित नीलामी समिति के सम्मुख सम्पन्न की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता उक्त नीलामी में निर्धारित तिथि एवं समय पर पहुंचकर स्वंय भाग ले सकता है। गेहूं बीज की छानस का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किसी भी कार्य दिवस पर बफर प्रभारी से सम्पर्क कर किया जा सकता है।

**नीलामी की शर्ते**

1. प्रत्येक बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने से पूर्व बफर प्रभारी के पास मु0 1000.00 (एक हजार) रूपये मात्र अर्नेस्ट मनी के रूप में जमा करना आवश्यक है। अर्नेस्ट मनी की धनराशि जमा न करने की दशा में सम्बन्धित व्यक्ति नीलामी में प्रतिभाग नहीं ले सकेगा और न ही नीलामी परिसर में उपस्थित रह सकता है। अर्नेस्ट मनी के रूप में मु0 1000.00 (एक हजार) रूपये मात्र नीलामी से पूर्व समय अपराहन 12.00 बजे दोपहर तक जमा करनी होगी तदोपरान्त धनराशि स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. गेंहू बीज की छानस अनुमान के अनुसार उच्चतम बोली प्राप्त होने पर ही नीलामी स्वीकार की जायेगी। अनुमान से कम बोली प्राप्त होने की दशा में उक्त की स्वीकृति पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. उच्चतम बोलीदाता को बोली गई धनराशि का सम्पूर्ण भुगतान तत् समय बोली धनराशि स्वीकार्य होने पर एक मुश्त बफर प्रभारी के पास जमा करनी होगी, ऐसा न करने पर सम्बन्धित उच्चतम बोलीदाता की अर्नेस्ट मनी की धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा द्वितीय उच्चतम बोलीदाता द्वारा बोली गई बोली पर विचार किया जायेगा।
4. गेंहू बीज की छानस के लिये बोली गई उच्चतम बोलीदाता की अर्नेस्ट मनी की धनराशि तब तक रोक दी जायेगी जब तक बोलीदाता द्वारा पूर्व नीलामी हेतु बीज छानस का पूर्ण रूप से उठान बिना किसी भी विवाद के नहीं किया जाता है। नीलामी सम्पन्न होने के उपरान्त अन्य असफल बोलीदाताओं की अर्नेस्ट मनी की धनराशि वापिस की दी जायेगी।
5. अध्यक्ष नीलामी समिति को यह अधिकार रहेगा, कि बिना किसी कारण बताए बोली को स्वीकार / अस्वीकार कर सकते है एवं नीलामी प्रक्रिया निरस्त कर दी जायेगी।

(भगबान दास)
कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी
कोटद्वार गढ़वाल।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## डब्ल्यूटीसी के फाइनल में रोमांचक होगी

# दक्षिण अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत

### दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है



**लंदन, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है। दक्षिणी अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनाई है। टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा। संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है। कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर ऑस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि लॉर्ड्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है।



मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

# आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल महेन्द्र सिंह धोनी



**ये उपलब्धि पाने वाले 11वें भारतीय बने, सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए बोले-मेरे लिए गर्व की बात**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने हाल ऑफ फेम में शामिल किया है। सोमवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की। धोनी यह सम्मान पाने वाले 11वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। आईसीसी ने धोनी के करियर को लेकर कहा, ष17,266 इंटरनेशनल रन, 829 शिकार और 538 मैच, ये आंकड़े सिर्फ उनकी प्रतिभा ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतरता, फिटनेस और लंबे करियर का प्रमाण हैं।

वहीं, धोनी ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ष्आईसीसी हाल ऑफ फेम में नाम आना एक बहुत बड़ा सम्मान है। दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम देखना मेरे लिए गर्व की बात है। यह पल मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। आईसीसी की ओर से हाल ऑफ फेम 2025 की लिस्ट में कुल 7 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें 5 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ी हैं।

पुरुष खिलाड़ियों में दक्षिण अफीका के हाशिम अमला, भारत के महेंद्र सिंह धोनी, ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन, दक्षिण अफीका के ग्रीम स्मिथ और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी शामिल हैं। वहीं, महिला क्रिकेटरों में पाकिस्तान की सना मीर और इंग्लैंड की सारा टेलर को यह सम्मान मिला है। आईसीसी ने बताया कि 2007 में जब भारत वनडे वर्ल्ड कप में जल्दी बाहर हो गया था, तब मुश्किल परिस्थिति में टी-20 वर्ल्ड कप के लिए धोनी को कप्तान बनाया गया। उस युवा टीम में रोहित शर्मा, आरपी सिंह, दिनेश कार्तिक और राबिन उथप्पा जैसे नए चेहरे थे। धोनी ने इन खिलाड़ियों के साथ ऐसा आत्मविश्वास दिखाया कि भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि हाल ऑफ फेम के जरिए हम उन खिलाड़ियों को सम्मान देते हैं जिन्होंने शानदार खेल दिखाकर क्रिकेट को खास बनाया और नई पीढ़ियों को प्रेरित किया।

जय शाह ने कहा, ष्इस साल हमें 7 बेहतरीन खिलाड़ियों को आईसीसी हाल ऑफ फेम में शामिल करने का मौका मिला है। मैं आईसीसी की तरफ से सभी को दिल से बधाई देता हूं। उम्मीद है यह सम्मान उनके लिए एक यादगार पल होगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### तेम्बा बावुमा ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकादश घोषित की

**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अपनी एकादश की घोषणा कर दी है। यहां मीडिया के समक्ष एकादश के चयन को लेकर बावुमा ने कहा है कि मुल्डर काफी युवा हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मुल्डर के साथ खेलने, उन्हें देखने और पिछले दो वर्षों में लाल गेंद के प्रारूप में उनके प्रदर्शन को देखकर मुझे लगता है कि उनका एकादश में होना टीम के लिए मजबूती प्रदान करेगा। यह उनके आत्मविश्वास को बढायेगा, उसका समर्थन करते रहने और उसे वह करने देने के बारे में है जो वह सबसे अच्छा करता है। दबाव की स्थिति में खेलना उसके पास मौका है।

उन्होंने कहा कि केशव महाराज एकमात्र पूर्णकालिक स्पिनर हैं। वह इस गेंदबाजी लाइन. अप में लुंगी एनगिडी के साथ कैगिसो रबाडा, मार्को जेनसन भी शामिल हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शानदार फॉर्म में रहे डेन पैटरसन (पैटो) भी एकादश में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लुंगी का रिकॉर्ड भी बेहतर है वह पैटो से कुछ भी कम नहीं है। उसके पास अनुभव है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकादश इस प्रकार है:- एडन मारक्रम, रयान रिकेल्टन, वियान मुल्डर, टेम्बा बावुमा (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेट कीपर), मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी।

### ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए एकादश घोषित की

**लंदन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को लॉर्ड्स में बुधवार से शुरु होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए अपनी एकादश की घोषणा कर दी। यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मीडिया के समक्ष अपनी एकादश की घोषणा की। टीम में पूर्व नंबर वन रैंक वाले टेस्ट बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन के साथ उस्मान ख्वाजा सलामी जोड़ी के रूप में मैदान में उतरेंगी। गेंदबा. जी में जॉश हेजलवुड को बाएं हाथ के गेंदबाज मिशेल स्टार्क और कलमस के साथ एकादश में जगह दी गयी है। वहीं ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन पीठ की सर्जरी से उबरने के बाद अपना पहला टेस्ट खेलेंगे। ब्यू वेबस्टर ने एकादश में अपना स्थान बरकरार रखा है उसे मध्यम गति गेंदबाज के रूप में और स्पिनर के विकल्प के तौर पर टीम में रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका के साथ कल से शुरु हो रहे डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया एकादश इस प्रकार है:- उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाब. शेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन और जॉश हेजलवुड।

# हॉकी इंडिया ने जर्मनी में चार देशों के टूर्नामेंट के लिए जूनियर पुरुष टीम की घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को जर्मनी की मेजबानी में 21 से 25 जून तक होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। बर्लिन में होने इस टूर्नामेंट में भारत, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान जर्मनी की टीमें शामिल है। प्रत्येक टीम एक राउंड-रॉबिन पूल चरण में एक दूसरे के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद शीर्ष दो टीमों की फाइनल में भिड़ंत होंगी तथा तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेला जायेगा। यह टूर्नामेंट इस वर्ष के आखिर में चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप 2025 से पहले भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण तैयारी मंच के रूप में काम करेगा। भारतीय टीम की अगुवाई तेजतर्रार फॉरवर्ड अरिजीत सिंह हुंदल करेंगे। टीम के उप कप्तान की जिम्मेदारी अनुभवी डिफेंडर आमिर अली पर होगी। गोलकीपिंग विभाग की कमान बिक्रमजीत सिंह और विवेक लाकड़ा संभालेंगे। रक्षापंक्ति में, आमिर अली के साथ तालिम प्रियोबर्ता, शारदानंद तिवारी, सुनील पी बी, अनमोल एक्का, रोहित, रवनीत सिंह और सुखविंदर शामिल हैं। मिडफील्ड में, अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, रोहित कुल्लू, थोकचोम किंग्सन सिंह, थौनाओजम इंगलेंबा लुवांग, अद्रो. हित एक्का और जीतपाल है।

# टेस्ट डेब्यू के लिए तैयार अर्शदीप सिंह

**■ टेस्ट सीरीज से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे, जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके आएगा निखार**

**केंट, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट पहुंच गए हैं। उन्होंने यहीं काउंटी क्रिकेट खेला था। अब वह टेस्ट सीरीज से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। बता दें कि, इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम पहुंच चुकी है।

शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ी जमकर पसीना बहा रहे हैं। 26 वर्षीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी। भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिए भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा- आज के अभ्यास सत्र में मेरा लक्ष्य लय हासिल करना ही था। हम लगातार सफेद गेंद का प्रारूप खेल रहे थे तो अब लाल गेंद से खेलकर अच्छा लगा। आगे हम और बेहतर होते जायेंगे और बल्लेबाजों के लिए गेंद को खेलना आसान नहीं होगा। अर्शदीप ने आगे कहा कि गेंदबाजी में मजा आया। हम अभ्यास के लिए खेल रहे थे लेकिन पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी भाव के साथ। इससे और भी मजा आया। हमने पुख्ता रणनीति बनाकर उन्हें आउट करने की कोशिश की। साइ (सुदर्शन) पहली बार टीम से जुड़ा है और शानदार फार्म में भी है।

हमने उसे आउट करने की काफी कोशिश की। इस दौरान अर्शदीप ने कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके अपने कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जब भी मैं गेंद पकड़ता हूं तो मुझे लगता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। लेकिन सभी को पता है कि जब आपके गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह हैं तो तुलना जैसा शब्द तो हो ही नहीं सकता। फोकस इसी पर है कि हम अपने खेल में कैसे निखार लायें और एक दूसरे की, टीम की मदद कैसे करें। भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा।

वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लार्ड्स में खेला जाएगा, जबकि चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरुआत भी हो जाएगी।

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम**

**शुभमन गिल** (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुम. राह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

### पीएम ने खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख को किया साझा

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गये पिछले 11 वर्षों में देश में खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाला एक लेख साझा किया। श्री मोदी ने आज पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख साझा करते हुए कहा कि यह परिवर्तन भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर करता है। डॉ. मांडविया द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने इस बात पर प्रकाश डाला है।

# तनुष कोटियान-अंशुल काम्बोज के नाबाद अर्द्धशतक, मुकाबला रहा ड्रा

**नार्थम्पटन, वार्ता।** तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल काम्बोज (नाबाद 51/ दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला गया दूसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे दिन ड्रा रहा। कोटियान और काम्बोज की जोड़ी ने इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों की खूब परीक्षा ली और की आठवें विकेट के लिए 149 रनों की अविजित साझेदारी कर इंडिया ए के लिए 92 ओवर में सात विकेट पर 417 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी।

इंग्लैंड लायंस को जीत के लिए 439 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड लायंस की शुरुआत खराब रही और उसने एक के बाद एक 26 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। टॉम होंज (सात), एमिलियो गे (पांच) और जार्डन क्रॉक्स (शून्य) पर आउट हुये। इंग्लैंड के 11 ओवर में तीन विकेट पर 32 रन बनाए जाने के बाद मैच को ड्रा घोषित कर दिया गया। अंशुल काम्बोज ने दो विकेट लिए और तुषार देशपांड़े ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंडिया ए ने कल के चार विकेट पर 163 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। इंडिया ए का पांचवां विकेट ध्रुव जुरेल (28) के रूप में गिरा। इसके बाद नीतीश कुमार रेढी (42), शार्दुल ठाकुर (34) रन बनाकर आउट हुये। रेढी और ठाकुर को जॉर्ज हिल ने बोल्ड किया। इंडिया ए ने 92 ओवर में सात विकेट पर 417 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। तनुष कोटियान (90) और अंशुल काम्बोज (51) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड लायंस की ओर से जॉर्ज हिल ने तीन विकेट लिए। क्रिस वोक्स और एडवर्ड जैक को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले इंडिया ने पहली पारी में 348 रन और इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी में 327 रन बनाए थे।

### राहुल द्रविड़ ने बेंगलुरु भगदड़ को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बेंगलुरु भगदड़ हादसे पर दुख जताया और इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को मिली खिताबी जीत के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई थी और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर 18 साल का खिताबी सूखा समाप्त किया था और पहली बार इस टूर्नामेंट को जीता था। आईपीएल टीम राजस्थान रायल्स के कोच द्रविड़ ने कहा कि शहर की खेल संस्कृति को देखते हुए यह घटना और भी दर्दनाक है। भारत के पूर्व कोच और कप्तान द्रविड़ ने एक चौनल से कहा, यह काफी निराशाजनक है।

# निकोलस पूरन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा



**त्रिनिदाद, वार्ता।** वेस्टइंडीज टीम के बांये हाथ के तूफानी बल्लेबाज एवं पूर्व कप्तान निकोलस पूरन ने महज 29 वर्ष की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। पूरन ने सोमवार को सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा कि बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। जिस खेल से हम प्यार करते हैं, उसने हमें बहुत कुछ दिया है और देता रहेगा। इसके साथ खुशी, उद्देश्य और वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने की यादें है। मैरून रंग पहनना, राष्ट्रगान के लिए खड़ा होना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सबकुछ देना शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना एक ऐसा सम्मान है जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों को अटूट प्यार के लिए धन्यवाद। आपने मुश्किल समय में मेरा साथ दिया और अच्छे पलों का बेजोड़ जुनून के साथ जश्न मनाया। मेरे परिवार, दोस्तों और साथियों को, मेरे साथ इस सफ़र पर चलने के लिए धन्यवाद। आपके विश्वास और समर्थन ने मुझे इस सब से ऊपर उठाया। भले ही मेरे करियर का यह अंतर्राष्ट्रीय अध्याय बंद हो गया हो, लेकिन वेस्टइंडीज़ क्रिकेट के लिए मेरा

**■ कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना एक ऐसा सम्मान है, जिसे मैं हमेशा दिल के करीब रखूंगा**

प्यार कभी कम नहीं होगा। मैं टीम की सफलता के अलावा कुछ नहीं चाहता। पूरन ने 167 बार वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें एकदिवसीय मैचों में 99-15 की स्ट्राइक रेट से 39-66 की औसत से 1983 रन बनाए और 136-39 की स्ट्राइक रेट से 2275 टी20 रन बनाए, जो वेस्टइंडीज के किसी खिलाड़ी का सर्वाधिक रिकॉर्ड है। पूरन ने 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ यूएई में अंतर्राष्ट्रीय टी-20 पर्दापण किया था, इसके ठीक तीन साल बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में शुरुआत की थी। वर्ष 2018 में उन्होंने वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया और बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को वेस्टइंडीज क्रिकेट विश्व कप 2019 टीम में शामिल किया गया। उन्हें वर्ष 2022 में वेस्टइंडीज का सफेद गेंद कप्तान नियुक्त किया गया था लेकिन उसी साल ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी-20 विश्वकप में विंडीज के लचर प्रदर्शन के बाद उन्होंने कप्तानी छोड़ दी।

# अर्जेंटीना के खिलाफ खेलने को तैयार: हरमनप्रीत

### टीम हर दिन कड़ा अभ्यास कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है




**एम्स्टर्डम, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरा. पीय लीग की शुरुआत में नीदरलैंड से मिली हार को भूलकार अर्जेंटीना के खिलाफ चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

आगामी मैचों से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि हम अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले मैचों में आने वाली चुनौतियों से वाकिफ हैं। टीम हर दिन कड़ा अभ्यास कर रही है और हमें अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा है। अर्जेंटीना एक मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई भी मैच आसान नहीं होता। हरमनप्रीत ने कहा कि हम किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। हमने इस टूर्नामेंट के लिए अच्छी तैयारी की है और लीड-अप में विभिन्न संयोजनों और रणनीतियों को आजमाया है। हमें अर्जेंटीना के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करने का भरोसा है। उन्होंने कहा कि टीम का अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड रहा है, लेकिन हम किसी भी चीज़ को हल्के में नहीं ले रहे हैं। वे परिणाम अतीत की बात हैं। हमें विश्वकप क्वालीफिकेशन के लिए वर्तमान में अच्छे प्रदर्शन करने की जरुरत है। टीम कड़ा अभ्यास कर रही है और कोचिंग स्टाफ हमें बहुत प्रोत्साहित कर रहा है। मुझे भरोसा है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों में दोनों टीमों के बीच हुई भिड़त में अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। पेरिस 2024 ओलंपिक में दोनों टीमों के बीच खेला गया रोमांचक ड्रॉ रहा था। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया। भारत को दूसरी जीत शूटआउट में मिली थी।

### पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं है: अल्फारो

**साओ पाउलो, वार्ता।** पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्वकप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कोरिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा कि यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं जिसके लिए हम प्रयासरत रहे हैं। यह एक ऐसा सपना है जो 15 वर्षों से पूरा नहीं हुआ है।

# यॉर्कशायर के लिए खेलेंगे गायकवाड़




**लंदन, वार्ता।** राणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रहे रुतुराज गायकवाड़ काउंटी क्लब यॉर्कशायर के लिए क्रिकेट खेलेंगे। ऋतुराज गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने के लिए अनुबंध किया है।

वह सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और चेतेश्वर पुजारा के बाद चौथे भारतीय बल्लेबाज है जो कि यॉर्कशायर की ओर से काउंटी खेलने वाले है। ऋतुराज जुलाई में सरे के खिलाफ रोथसे काउंटी चैम्पियनशिप से पहले यॉर्कशायर टीम से जुड़ेंगे। 28 वर्षीय गायकवाड़ ने भारत के लिए छह एकदिवसीय और 23 टी-20 मैच खेले हैं और वर्तमान में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारत ए टीम का हिस्सा हैं। उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में औसत 41-77 है, जिसमें सात शतक शामिल हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में 16 शतकों के साथ उनका औसत 56-15 रहा है। गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने को लेकर कहा कि मैं इंग्लैंड के बाकी घरेलू सत्र के लिए यॉर्कशायर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। इस देश में क्रिकेट का अनुभव करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है और इंग्लैंड में यॉर्कशायर से बड़ा कोई क्लब नहीं है। मुझे पता है कि मैं सत्र के महत्वपूर्ण हिस्से में शानदार प्रदर्शन करना है।

# आईजी राजीव स्वरूप ने किया सिविल लाइंस कोतवाली का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने सिविल लाइंस कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधीनस्थों के साथ बैठक की। वहीं व्यापारियों ने भी उनका स्वागत किया और यातयात एवं अतिक्रमण संबंधी समस्याओं से अवगत करवाया।

बताया गया है कि आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप दिल्ली से वापस लौट रहे थे तभी अचानक वह सिविल लाइंस कोतवाली पहुंच गए। वहीं आईजी के दौरे के दौरान अधीनस्थों में भी हलचल रही। आईजी ने अधीनस्थों के साथ वार्ता की। वहीं उनके आने की जानकारी पाकर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी भी कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने अपनी समस्याएं बताई और उनके समाधान की मांग की। आईजी की ओर से



उन्हें सकारात्मक आश्वासन दिया गया। वहीं कुछ देर रुकने के बाद वह वापस चले गए।

## पक्की दीवार तोड़ने का विरोध करने पर
# आधा दर्जन ने घर में घुसकर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के केशव नगर गोवर्धनपूर रोड निवासी रविन्द्र सिंह ने अपने भाई जितेंद्र. और उसकी पत्नी पूजा तथा चार अन्य लोगों पर घर में घुसकर उसकी दीवार को तोड़ने का आरोप लगाया है।

पुलिस को दी तहरीर में रविन्द्र ने बताया कि वह पाच भाई है। उनका विधिवत बंटवारा हो चुका हैउसने केशव नगर के गोवर्धनपुर रोड स्थित अपनी रहने के लिए आवास बना रखा है तथा फ्रंट पर स्थित अपनी दुकान में से अपने आवास में जाने का रास्ता बना रखा है। आंगन के अंतिम छोर पर उसने दीवार बना दी थी। रविंद्र का आरोप है कि उसका सगा भाई जितेंद्र और उसकी पत्नी पूजा व अन्य भाई  दीवार का लगातार विरोध कर रहे थे जितेंद्र और पूजा ने चार बाहरी युवक बुलाकर उनके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी तथा उसके आंगन में बनी दीवार को जबरदस्ती तोड़ दिया। रविंद्र ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई



करने की मांग की है उसने यह भी कहा कि यह जो मेरे भाई है यह बहुत पहले से मेरे साथ दुश्मनी रखे हुए हैं।

# चोरी के माल सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस के हाथ एक बडी सफलता लगी है। आज पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक चोर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से शत प्रतिशत माल बरामद कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 09/06/2025 को वादी मुकदमा आशा शर्मा पत्नी डॉक्टर राकेश शर्मा निवासी नेहरू नगर रुड़की हरिद्वार द्वारा एक प्रार्थना पत्र बावत अज्ञात चोर द्वारा वाडिया के घर से इनवर्टर की बैटरी चोरी कर ले जाने के संबंध में कोतवाली गंगनहर पर 'मु0अ0स0 246/25 धारा 305(1) बीएनएस' में अभियोग पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा उपरोक्त चोरी कि घटना का शीघ्र अनावरण करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंग नहर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा पुलिस टीमो का गठन कर घटनास्थल के आस पास के कैमरो को चौक करते हुए, मुखबिर मामूर किये तथा क्षेत्र में पूर्व में चोरी कि घटना में शामिल अभियुक्त को तस्दीक किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम में नियुक्त उपनिरीक्षक नवीन कुमार, हेड कांस्टेबल दुर्गा प्रसाद, कांस्टेबल राकेश राणा द्वारा आशीर्वाद एंक्लेव रुड़की के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी की हुई इनवर्टर बैट्री को बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर 'धारा 317(2) ठछै' की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम साहिब पुत्र अनीश निवासी ग्राम कलियर थाना पिरान कलियर जनपद हरिद्वार है।

# शूटिंग बाल खेल समीक्षा को खेल मंत्री से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड में शूटिंग बॉल खेल के विस्तार और विकास को लेकर शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तराखंड के सचिव चैंपियन  सूरज रोड के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने खेल मंत्री उत्तराखंड सरकार रेखा आर्य, खेल निदेशक प्रशांत आर्य तथा विशेष प्रमुख सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तराखंड, अमित सिन्हा से देहरादून में शिष्टाचार भेंट की, और 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन में उनके अमूल्य योगदान हेतु सम्मानित किया।

बैठक के दौरान उत्तराखंड में शूटिंग बॉल खेल को राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाने, खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने, तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में इस खेल के प्रचार-प्रसार हेतु अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए। खेल मंत्री रेखा आर्य ने शूटिंग बॉल खेल के प्रति गहरी रुचि दिखाते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इस खेल के सर्वांगीण विकास हेतु हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि राज्य के युवा विभिन्न खेलों में उत्कृष्टता हासिल करें और शूटिंग बॉल जैसे उभरते



खेलों को भी मजबूत मंच मिले। खेल निदेशक प्रशांत आर्य ने प्रतिनिधिमंडल को खेल से जुड़ी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि भविष्य में शूटिंग बॉल खेल को राज्य स्तरीय खेलों में सम्मिलित करने हेतु विभाग सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएगा। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा से भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। विशेष प्रमुख सचिव ने सुझाव दिया कि शूटिंग बॉल खेल के लिए एक दीर्घकालिक विकास योजना तैयार कर विभाग को प्रस्तुत की जाए, जिससे इसे सरकारी मान्यता और संस्थागत समर्थन प्राप्त हो सके। इस अवसर पर शूटिंग बॉल कोच सैम अली तथा उत्तराखंड शूटिंग बॉल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी अभिषेक मंडरवाल ने भी खेल से जुड़े तकनीकी पहलुओं, प्रशिक्षण मॉड्यूल तथा खेल के प्रति युवाओं में बढ़ती रुचि पर प्रकाश डाला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में शूटिंग बॉल के लिए विशेष कोचिंग कैंप, प्रतियोगिताएं तथा टैलेंट हंट प्रोग्राम आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखा, जिसे संबंधित अधि कारियों ने सकारात्मक रूप से स्वीकार किया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और इसके साथ ही उत्तराखंड में शूटिंग बॉल खेल को नई दिशा और नई ऊर्जा मिलने की उम्मीदें जगी हैं।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऑपरेशन लगाम के तहत शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 अभि0 को किया गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा दिनांक 10/06/25 को अभियुक्त नीरज कुमार पुत्र जबर सिंह निवासी ग्राम पनियाला चंदापुर कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार को शांति भंग करने पर अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही न्यायालय पेश किया जाएगा। 'गिरफ्तार आरोपी नीरज कुमार को पकडने वाली पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक कांता प्रसाद व कांस्टेबल मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाया जाएगा आर्य समाज का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत इमलीखेड़ा में आर्य समाज का वार्षिकोत्सव 11 व 12 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा। आर्य समाज की ओर से एक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

आर्य समाज के प्रधान योगेंद्र आर्य ने बताया कि नगर पंचायत इमलीखेड़ा में आर्य समाज का 112 वां वार्षिकोत्सव बड़े धूमध ाम से मनाया जा रहा है।मंगलवार को इमलीखेड़ा नगर पंचायत की गलियों में एक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान आर्य समाज गुरुकुल की बालिकाओं ने अपने



शारिरिक कौशल दिखाया। नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज सैनी ने शोभायात्रा में भाग लेने वाले सदस्यों ओर बालिकाओं का स्वागत कर प्रोत्साहित किया। शोभायात्रा में स्वामी दयानंद जी के विचारों का वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि आचार्य वीरेंद्र शास्त्री व रणवीर शास्त्री ओर भजनोपदेशक राजवीर आर्य कल्याण सिंह वेदी आदि के सान्निध्य में भजनों व प्रवचनों का कार्यक्रम 11 व 12 जून सुबह आठ बजे से 11 बजे तक किया जाएगा ।इस मौके पर प्रधान योगेंद्र आर्य,धन प्रकाश,सत्यवीर, बलवान सिंह आर्य,वीरेंद्र आर्य,अजय आर्य,पप्पू कश्यप, रणवीर आर्य, डाक्टर विजयपाल,ओमप्रकाश शर्मा, रामकुमार आर्य,वरुण आर्य,विपिन सैनी सुनील सैनी,आयुष आर्य,मौजूद रहें।

# ऑपरेशन लगाम के तहत शांति व्यवस्था भंग करने में दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कोतवाली गंगनहर पुलिस ने ऑपरेशन लगाम के तहत शांति व्यवस्था भंग करने पर 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आवयश्यक कार्यवाही करते हुए न्यायालय पेश किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा दिनांक 09/06/25 को  थाना भगवानपुर पुहाना क्षेत्रातर्गत अभियुक्त गण राजन पुत्र राजेंद्र निवासी पुहना थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार द्वारा अपने भाई सन्नी पुत्र राजेंद्र निवासी पुराना थाना भगवानपुर के साथ  मिलकर अपनी पत्नी के साथ मार पिटाई पर उतारू होने व लड़ झगड़ कर शांति भंग करने पर  राजन व सन्नी उपरोक्त को अंतर्गत धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही न्यायालय पेश किया जाएगा। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त राजन व सनी को पकडने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल लखपत सिंह, कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# चोरी की बाइक के साथ युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नहर किनारे से चोरी की गई बाईक के साथ एक यूवक को पुलिस ने गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि रोशनाबाद निवासी रामगोपाल ने आठ जून को तहरीर देकर बताया था कि वह अपनी बाईक से किसी काम से कलियर आया था।इस बीच वह अपनी बाईक को नहर पटरी  सड़क किनारे खड़ी कर गंगनहर में स्नान करने के लिए चला गया।जैसे ही वह वापस लौटा तो उसकी बाईक वहां नही थी।पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी।पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बाईक चोर की तलाश शुरू कर दी थी।पुलिस ने सोमवार की रात को चेकिंग के दौरान दानिश निवासी सलेमपुर कोतवाली रानीपुर को बेड़पुर  चौक के पास से चोरी की गई बाईक के साथ गिरफ्तार किया है।आरोपी पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका हैं।टीम में थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार , एएसआई राम अवतार, सुनील चौहान, राहुल चौहान, अजब सिंह शामिल रहे।

# झगड़े की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों के साथ की बदसलूकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** रास्ते के लिए दो पक्षों में विवाद हो गया। मौके पर पहुंचे चेतक पुलिसकर्मियों के साथ एक पक्ष के लोगों ने बदसलूकी की। सूचना मिलने पर कोतवाली से पुलिस बल भी पहुंच गया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों पक्षों के लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस आरोपियों को चिह्नित कर रही है।

कोतवाली के हारजौली जट्ट में सोमवार सुबह रास्ते को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे से मारपीट पर उतारू हो गए। सूचना पर चेतक पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान एक पक्ष के लोगों ने चेतक पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता की। चेतक पुलिसकर्मियों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों पक्षों के लोग मौके से फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी शांतिकुमार गंगवार ने बताया कि झगड़े की सूचना पर पुलिसकर्मी मौके पर गए थे। आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है।

# पानी निकासी के विवाद में युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** गंदे पानी निकासी को लेकर पड़ोसी ने एक युवक की पिटाई कर दी। मामले में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पनियाला रोड निवासी कुलदीप का पड़ोसी से नाली के पानी की निकासी को लेकर विवाद चल रहा है। काफी समय से दोनों के बीच तनातनी चल रही है। सोमवार को कुलदीप के घर के बाहर नाली में गंदा पानी जमा हो गया था। कुलदीप ने नाली की सफाई शुरू कर दी। इस दौरान उसने पड़ोसी को भी कुछ कह दिया। इससे दोनों के बीच बहस हो गई। इसके बाद गाली-गलौज शुरू हो गई। आरोप है कि पड़ोसी ने कुलदीप के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। दोनों पक्षों के लोग इकट्ठा हो गए और हंगामा शुरू हो गया। परिजनों ने कुलदीप का अस्पताल में उपचार कराया। साथ ही पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# ऑनलाइन स्कीम का झांसा देकर महिला से 37 हजार रुपये ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** मोबाइल की ऑनलाइन खरीदारी करने पर पुराने ग्राहक के लिए स्कीम का हवाला देकर 37 हजार रुपये ठग लिए गए। छूट पाने के लिए महिला ने मोबाइल पर आए लिंक पर क्लिक किया तो रकम निकल गई। महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के ढंडेरा निवासी रितु का शहर के एक बैंक में खाता है। महिला काफी समय से ऑनलाइन शॉपिंग करती है। महिला ने कुछ दिन पहले ऑनलाइन मोबाइल खरीदा था। महिला के मोबाइल पर सोमवार सुबह कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि वह एक ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी का कर्मचारी बोल रहा है। कंपनी से नियमित ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले ग्राहकों के लिए एक स्कीम शुरू की गई है। इसमें कंपनी की तरफ से ऑनलाइन शॉपिंग पर अपने ग्राहकों को 30 से 40 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। उसने बताया कि कंपनी की यह स्कीम पुराने ग्राहकों के लिए है। उसने बताया कि कंपनी की इस स्कीम का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन कुछ औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। उसने महिला के मोबाइल के व्हाट्सएप पर एक लिंक भेज दिया। लिंक पर क्लिक करते ही महिला के खाते से 37 हजार रुपये की रकम साफ हो गई। मैसेज आने पर महिला के पैरों तले जमीन खिसक गई। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर रकम वापस कराने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस ने एक फरार वारंटी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** वारँटियो के विरुद्ध कोतवाली गंगनहर पुलिस की धर पकड़ लगातार जारी है। इसी के तहत न्यायालय के आदेशानुसार लगातार फरार चल रहे 01 वारंटी को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार न्यायालय से प्राप्त गैर जमानतीय वारण्टो की शत प्रतिशत तामील किये जाने हेतु एसएसपी हरिद्वार द्वारा निर्देशित किया गया है। आदेश के अनुपालन में कोतवाली गंगनहर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 09-06-2025 को दबिश देकर '01 वारंटी' को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता गिरफ्तार वारंटी1-अरुण पुत्र ज्ञानचंद निवासी ग्राम सालियर कोतवाली गंगनहर है। पुलिस टीम में कोतवाली गंगनहर उप निरीक्षक पंकज कुमार,  कानि0 पवन नेगी कांस्टेबल अर्जुन रहे।

# भूमि के विवाद में एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** सालियर गांव में विवादित भूमि पर निर्माण को लेकर एक व्यक्ति ने झगड़ा कर लिया। इससे मौके पर हंगामा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार इस विवादित भूमि पर सोमवार को मकान के निर्माण का कार्य शुरू हुआ। इसे लेकर गांव के ही इसरार का दूसरे पक्ष के जाबिर के साथ विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आपस में गाली गलौज शुरू हो गई।आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने बीचबचाव का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। इसपर पुलिस ने इसरार को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसका शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया गया।

# भीम आर्मी ने एचआरडीए दफ्तर पर किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को हरिद्वार-रुड़की प्राधिकरण कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्राधिकरण के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। एएसडीएम प्रेमलाल ने आश्वासन देकर किसी तरह से मामला शांत कराया। उन्होंने एएसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

जानकारी के अनुसार रुड़की में गंगनहर किनारे हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण का कार्यालय है। सोमवार को आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय पर पहुंचे। उनके वहां पहुंचते ही हंगामा शुरू हो गया। महक सिंह ने आरोप लगाया कि प्राधिकरण में भ्रष्टाचार हो रहा है। अधि कारियों ने कुछ एजेंट छोड़े हुए हैं जो नक्शा पास कराने के नाम पर लोगों से उगाही कर रहे हैं। वहीं रिश्वत नहीं देने पर कॉलोनियों पर जेसीबी चलाई जा रही है। आरोप लगाया कि उनके एक कार्यकर्ता से रिश्वत मांगी गई है। कार्यकर्ता ने भ्रष्टाचार करने वाले एक संविदा कर्मी की शिकायत की थी जिसे हटा दिया गया था। इसके बाद से कार्यकर्ता को परेशान किया जा रहा था।

इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। हंगामे की सूचना मिलने पर एएसडीएम प्रेमलाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच का आश्वासन देकर किसी तरह से मामला शांत कराया। उन्होंने एएसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। इसमें 15 जून तक का समय दिया गया है। सुध ार नहीं होने पर अनिश्चित धरने की चेतावनी दी गई।

# पागल कुत्ते ने 10 लोगों को काटा

**रूडकी।** कस्बे के दो मोहल्ले में एक कुत्ते ने सुबह-सुबह उत्पात मचा दिया। उसने 10 लोगों को काट लिया। उसने दूसरे कुत्तों और उनके बच्चों को भी नुकसान पहुंचाया। इससे लोग घर से बाहर निकलने में भी घबरा रहे हैं। सुबह जैसे ही लोग अपने रोजमर्रा के कामों के लिए घर से बाहर निकले तो न जाने कहां से एक पागल कुत्ता आ ध मका। उसने घात लगाकर 10 लोगों को काटकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। खेत के काम से निकले रियासत जैसे ही घर से बाहर निकले तो कुत्ते ने उनपर हमला बोल दिया और उनका हाथ चबा दिया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गए। परिजनों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया और प्राथमिक उपचार दिलाया।

# भगवानपुर क्षेत्र में बेखौफ चल रहा अवैध खनन का खेल

**राव तौसीफ अली**

**भगवानपुर।** भगवानपुर क्षेत्र में खनन माफिया बेखौफ होकर खनन कर रहे हैं। प्रशासन जिनको नजर अंदाज कर बैठा है ऐसे में बड़ा ही सवाल प्रशासन पर खड़ा होता है। आखिर इन माफियाओं से प्रशासन का क्या नाता है। खनन माफियाओ पर इनकी कलम क्यों नहीं चलती।

मिट्टी के सौदागर कानून की धज्जियां उड़ाकर, बेखौफ होकर रात के अंधेरे मे धड़ल्ले से अवैध खनन कर रहे हैं , प्रशासन भले ही अपनी ईमानदारी का सिरो पर ताज लगाए बैठा हो, लेकिन मिट्टी के सौदागरों के आगे पूरी तरह  से अनजान बना हुआ है। चल रहे अवैध खनन  के सौदागरो के खिलाफ लगातार मुद्दा जारी रहेगा।

जानकारी के अनुसार भगवानपुर क्षेत्र के चुड़ियाला शनि मंदिर के पास लगभग 23 बीघा जमीन में बनने वाली कंपनी  में बिना अनुमति लिए भराव का कार्य चल रहा हैं। स्थानीय तहसील प्रशासन व स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से कानून को ताक पर रख कर अवैध खनन कराया जा रहा है  प्राप्त सूत्रों के अनुसार इसमें कुछ



सफेद पोस नेता भी सम्मिलित बताए जा रहे हैं। खनन माफियाओं ने सरकार में बैठे सफेद पोस नेताओं का फोन करा कर प्रशासन पर दबाव बनाने का पूर्णतया प्रयास कर रहे हैं जिससे अधिकारी कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं। जो मिट्टी भराव कार्य चल रहा है वह उत्तर प्रदेश के फकरेडा गांव से मिट्टी उठाकर उत्तराखंड में लाई जा रही है जिससे उत्तराखंड राजस्व को लाखों रूपए का नुकसान हो रहा है। रात के अंधेरे में उत्तर प्रदेश से अवैध रूप से उत्तराखंड में जो मिट्टी लाई जा रही है वह पुलिस चौकी तेजजूपुर के सामने को आ रही है जिससे पुलिस की कार्यशीली पर बड़ा सवाल उठता है। प्रदेश की धामी सरकार अपनी ईमानदारी के ढोल पीट रही हैं  अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के खिलाफ  लगातार कार्यवाही हो रही है जिनमें कुछ ऐसे भी अधिकारी है जिन पर सरकार का कोई  अंकुश नहीं है जो अपने मन मर्जी से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगे हैं।प्रदेश बैठे कुछ अधिकारी उत्तराखंड राजस्व को लाखों रुपए का चुना लगाकर अपनी संपत्ति को बढ़ाने में लगे हैं। भगवानपुर नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि अवैध खनन की सूचना पर हमने पहुंचकर जा ंच की है। जिसकी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधि कारियों को भेज दी गई जो भी उचित कार्रवाई होगी की जाएगी।

# कूटनीति कितनी कामयाब

ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख से विश्व समुदाय अवगत कराने गया ऑल पार्टी डेलिगेशन का आखिरी ग्रुप भी मंगलवार को भारत लौट आया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में यह डेलिगेशन 5 देशों- अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया गया था। शशि थरूर ने दिल्ली एयरपोर्ट पर मीडिया से कहा कि जिन पांच देशों में हम गए थे, वहां हमारा स्वागत अच्छे से हुआ। हमनें उन देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति और दूसरे सीनियर लीडर्स से हाई लेवल मीटिंग की। उन लोगों ने समझा कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर क्यों किया। ऑपरेशन सिन्दूर के बाद सरकार ने राजनयिक संदेश पहुंचाने की जिम्मेदारी जिन सात प्रतिनिधिमंडलों, जिनमें ज्यादातर सांसद और कुछ पूर्व राजनयिक थे को दी थी, उन्होंने अपनी यात्राएं पूरी कर ली हैं। पहलगाम आतंकी हमले और पाकिस्तान से इसके तार जुड़े होने से उपजे आक्रोश पर देश का नजरिया, पाकिस्तान के आतंकी बुनियादी ढांचे पर भारतीय हमलों की सटीक प्रकृति और आतंकी हमलों के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए रुख की जानकारी देने के लिए 59 सदस्यों ने 32 देशों का दौरा किया। यह संदेश महज विदेशी सरकारों के लिए नहीं था, बल्कि कानून-निर्माताओं, विदेशी मीडिया और आम जनता के लिए भी था, खासकर उन देशों में जहां नई दिल्ली को यह महसूस हो कि उसे अपेक्षित समर्थन नहीं मिला है। जिन देशों का दौरा किया गया, उनमें से कई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्य हैं और वो देश भी शामिल थे, जो निर्वाचित गैर-स्थायी सदस्य हैं या अगले साल बनेंगे। यह अहम है, क्योंकि भारत को उस वक्त राजनयिक झटके का सामना करना पड़ा जब पाकिस्तान, जो साल 2025-26 के लिए निर्वाचित यूएनएससी सदस्य है, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएप) का जिक्र हटवाने के लिए यूएनएससी के बयान में संशोधन कराने में सफल रहा। टीआरएफ ने ही पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाकिस्तान तालिबान प्रतिबंध कमेटी का अध्यक्ष और संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-विरोधी कमेटी का उपाध्यक्ष चुने जाने में सफल रहा। यह इस हमले के लिए आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराए जाने का भारत का काम ज्यादा मुश्किल बनाएगा, चाहे वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामजदगी के जरिये हो या वित्तीय कार्रवाई कार्य बल में। एक और क्षेत्र जिस पर फोकस किया गया, वह इस्लामी सहयोग संगठन की सदस्य-मंडली है, जो भारत के प्रति विशेष रूप से आलोचनात्मक रही है। यह देखा जाना बाकी है कि राजनीतिक कूटनीति की ये यात्राएं कितनी कामयाब रही हैं। खासकर भारत में इस आलोचना को देखते हुए कि विदेश में वार्ताकारों को प्रभावित करने के बजाय, ज्यादा वक्त भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत में और साथ गए भारतीय मीडिया को साक्षात्कार देने में बिताया गया। इन प्रतिनिधिमंडलों को भारतीय नैरेटिव की काट के लिए पाकिस्तान द्वारा उठाए गए नकलची कदम से भी मुकाबला करना पड़ा।

## सशस्त्र बलों की बहादुरी को सलाम



पहलगाम आतंकी हमला केंद्र की लापरवाही का नतीजा था, हमले वाली जगह पर सुरक्षाकर्मी क्यों नदारद थे, भाजपा सशस्त्र बलों की वीरता का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रही है, भाजपा सरकार को चले जाना चाहिए, क्योंकि वह देश के लोगों को सुरक्षा देने में नाकाम है, पीएम मोदी केवल अपने बारे में विज्ञापन देने में बिजी हैं, आतंकवाद का कोई धर्म, जाति या पंथ नहीं होता, आतंकवादियों को सबक सिखाने की जरूरत थी, हम सशस्त्र बलों की बहादुरी को सलाम करते हैं, पाक पर किया की गई एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर पीओके वापस लेने का एक अच्छा मौका था।

-ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

# विलुप्त नदियों में फिर से बहाव की आस



निश्छल प्रेम बसत जिहि हृदय, बिना स्वार्थ सेवारत रहतीं, ज्योति जगातीं संस्कारों की, जगती उसको मां ही कहतीं। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां मां के स्वरूप को उद्घाटित करती हैं। मां जीवन -प्रदायिनी होने के साथ-साथ संतति के पालन-पोषण और संस्कारों के बीजारोपण के दायित्वों का सम्यक निर्वहन करती है। जननी के साथ मातृभूमि और नदियों को भी हमने मां कहा है। विचारणीय बिन्दु यह है कि हम नदियों को मां क्यों कहते है? नदियां जल का स्त्रोत है। जल जीवन का आधार है, मानव शरीर में 60 से 70 प्रतिशत जल होता है और जल के बिना मानवजीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, क्योंकि मानव को पीने के साथ ही नित्यकर्मादि हेतु जल की नितांत आवश्यकता होती है। साथ ही जल से पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा प्राण वायु-आक्सीजन उत्पादित करते है। बिना प्राणवायु के मानव धरा पर कुछ मिनटों का मेहमान है जिसको हमने कोरोना काल में अनुभव किया है। इस प्रकार नदियां हमारे लिए जीवनदायिनी है और हम नदियों को मां कहते है। नदियों ने मानवजाति के पालन-पोषण में अग्रिम भूमिका का निर्वहन किया है। अनेक सभ्यताओं का विकास नदियों के किनारे हुआ है, जिसमें सिंधु घाटी की सभ्यता नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। नगरों और महानगरों के निर्माण मे नदियों का विशेष योगदान है इसीलिए बड़े-बड़े शहर नदियों और समुद्र के किनारे बसे हुए हैं, क्योंकि नदियां मनुष्य की आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है और इसकी 50 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि को सिंचित करने, कृषि-भूमि को उपजाऊ बनाने के साथ पशुपालन में पशुओं को पानी पिलाने, नहलाने व चारा की उपलब्धता में नदियों का विशेष योगदान है।

हिन्दुओं में जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक संस्कार नदियों के किनारे ही सम्पन्न होते है जैसे मुण्डन संस्कार, मोर सिराना, कन्या विवाह के बाद स्नान, अन्तिम संस्कार में दाह संस्कार, राख व अस्थि विसर्जन और दसवां संस्कार नदियों के तट पर आज भी सम्पन्न होते देखे जाते हैं। इसके साथ ही पूजा -पाठ, यज्ञ-हवन, कथाओं के आयोजन के साथ ही जप, तप, ध्यान के लिए नदियों के घाटों को भारतीय धर्म-शास्त्रों में पुण्य प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन माना गया है क्योंकि ये शोर-शराबे से दूर शांत व सुरम्य वातावरण होते हैं, जो धार्मिक कृत्यों के लिए सर्वदा उपयुक्त हैं इसीलिए हमारे अनेक तीर्थ स्थल जैसे हरिद्वार, बृजघाट, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, काशी आदि पवित्र नदियों के तट पर अवस्थित हैं जो पुजारियों -पुरोहितों के अलावा छोटे दुकानदारों, व्यापारियों, होटल व्यवसायियों आदि अनगिनत लोगों के पालन-पोषण व धनार्जन का आधार है। इसके साथ ही पशु-पक्षी व जलीय जीव-जंतुओं को भोजन की व्यवस्था भी धार्मिक कृत्यों से होती रहती है। नदियां जल संरक्षण का प्राकृतिक रूप से सर्वोत्तम साधन हैं किन्तु आधुनिक समय में स्वार्थपरता, धन लोलुपता व भौतिकता की अंधी दौड़ में मानव जिस डाली पर बैठा है, वह बिना उसके परिणाम को जाने उसी को काट रहा। वह भूल रहा है कि इसका दुष्परिणाम हमारी संतति को किस विकराल रूप में भोगना पड़ेंगे। आज जल स्त्रोतों के अंधाधुंध दोहन, अवरोधन व अतिक्रमण के परिणामस्वरूप देश के विभिन्न क्षेत्रों में भूजल स्तर में तेजी से गिरावट दृष्टिगोचर हो रही है और उन्हें डार्क जोन घोषित किया जा रहा है जो मानवजाति के लिए खतरे की घंटी है। इस विकराल समस्या को समय रहते केंद्र और प्रदेश सरकार ने अनुभव किया और जल संरक्षण के अन्तर्गत जल की एक-एक बूंद बचानी है की भावना को अंगीकार करते हुए हर गांव व नगरों में अमृत सरोवरों के निर्माण को साकार रूप प्रदान किया जा रहा है जिसकी प्रथम पहल भी उत्तर प्रदेश के रामपुर के पटवाई ग्राम से हुई जिसका उल्लेख देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में किया। नदियां जल का प्रमुख प्रकृतिक स्त्रोत है किन्तु सहायक नदियां जो किसी नदी की झांड़ यानी मुख्य धारा से निकली जलधारा हैं या झरने, तालाब, पोखर से निकली हैं तथा सीमित क्षेत्र में प्रवाहित होकर उस क्षेत्र में नदी के समस्त दायित्वों को पूर्ण करती हैं किन्तु मानव की संकीर्ण भौतिकवादी सोच का शिकार होने के कारण यह सहायक नदियां नाले या नदी चिन्ह के रूप में दृष्टिगोचर हो रही थीं। किन्तु शासन की जल संरक्षण नीति के अन्तर्गत प्रशासन के अथक प्रयासों से विलुप्तप्राय नदियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी श्रंखला का एक उदाहरण है रामपुर जनपद की मिलक तहसील की नाहल नदी। जहां का मैं मूल निवासी हूं। 25-30 वर्ष पूर्व यह नदी के समस्त दायित्वों का निर्वहन करती थी। यद्यपि यह नदी भी रामपुर की प्रमुख नदी कोसी से निकली एक जलधारा हैं जो स्वार क्षेत्र से होते हुए सदर तहसील के चमरौआ ब्लाक के 5 गांवों में घूमती हुई मिलक क्षेत्र में प्रवेश करती है। स्वार और चमरौआ क्षेत्र में लोग इसे नदी -नाले के नाम से जानते है किन्तु मिलक क्षेत्र में यह नाहल नदी के नाम से विख्यात है। नाहल नाम नाले का अपभ्रंश रूप प्रतीत होता है। नाहल नदी मिलक ब्लाक में गंगापुर कदीम से निस्बी तक 51 किमी की दूरी में प्रवाहित होकर बरेली जनपद के मीरगंज में खंडिया नदी में मिलती है। किन्तु मानवजनित कुचेष्टाओं के कारण यह नदी मिलक नगर में लम्बे समय से नाले के रूप दृष्टिगोचर हो रही थी क्योंकि इसमें मिलक नगर के नालियों और नालों का गंदा पानी ही पहुंचता था, जबकि बचपन में हमने मिलक प्राइमरी स्कूल में पढ़ने जाते समय कल-कल करते स्वच्छ जल से युक्त इसके स्वरूप को देखा है। आज शासन की नीति और प्रशासन के अथक प्रयासों से विलुप्तप्राय 51 किमी लम्बी नाहल नदी को पुनर्जीवन मिला है ताकि जलस्त्रोतों को संरक्षित करके जलसंचयन के साथ गिरते भूमिगत जल स्तर को रोका जा सके और पर्यावरण को वृक्षारोपण करके हराभरा बनाने के साथ नदी तटों को कटान से सुरक्षित किया जा सके। इस हेतु जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह व पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र का प्रयास लाघनीय है जिन्होंने जमीनी स्तर पर नदी का स्थलीय निरीक्षण कर विकास, राजस्व, सिंचाई, पुलिस विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया। साथ ही नदी सम्बद्ध 29 ग्राम पंचायतों के लोगों से सीधा सम्पर्क स्थापित कर नदी के पुनर्जीवन की उपादेयता को समझाया। साथ ही कार्य में आ रही रुकावटों के निराकरण हेतु गांववासियों से बातचीत की और अतिक्रमणवादियों को चिन्हित कर सख्ती से नदी जमीन खाली करने हेतु आदेशित किया। नाहल नदी पुनर्जीवन में दोनों अधिकारियों ने श्रमिकों के साथ स्वयं फावड़ा चलाकर श्रमदान किया और एक सार्थक संदेश दिया। इस नदी के पुनर्जीवन से 29 ग्राम पंचायतों के किसानों को सिंचाई का सरलता से सीधा लाभ मिलेगा। जल बहाव को रोकने और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए नदी में जगहों को चिन्हित करके खंदकों का निर्माण किया गया। साथ ही नदी के दोनों ओर पटरी बनाई गई ताकि आवागमन और वृक्षारोपण का कार्य सुगमता से सम्पन्न हो सके। नदी का खुदाई कार्य मनरेगा द्वारा कराया गया और मनरेगा के कार्डधारक ही काम पर लगाए गए। नदियां चरैवेति-चरैवेति, मिलन, परमार्थ और पवित्रता की स्वत: साक्षात संदेशवाहक हैं। पूजा-पाठ के समय गायन किया जाने वाला पवित्रता- मंत्र -स बाह्याभ्यन्तर: शुचि अर्थात हम बाह्य और आंतरिक रूप से पवित्रता को धारण करें, मानव समाज को संदेश देता है कि हम अपने स्वयं के साथ -साथ अपने चारों ओर व्याप्त पर्यावरण को पवित्र, शुद्ध व स्वच्छ बनाने भी योगदान दें ताकि भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को भूजल स्तर की गिरावट आदि प्राकृतिक आपदाओं का सामना न करना पड़े।

-डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा

# योग की विरासत सहेजने को एक अनूठी वैश्विक पहल

**दरअसल, गिनीज बुक रिकॉर्ड की टीम कई महीने पहले से तैयारी करती है इस तरह के रिकॉर्ड दर्ज करने की। एक पूरा एग्रीमेंट बनाया जाता है। 90 दिन पहले प्रोसेस शुरू होता है। बाकायदा लाइसेंस इश्यू किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि अक्षर योग केंद्र के खाते में इससे पहले नौ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं। डेढ़ दशक पहले स्थापित अक्षर योग केंद्र इस समय आयुष योग इंस्टीट्यूशन सार्टिफेकशन बॉडी में शामिल है।**

यह सुखद संयोग ही है कि भारत की सिलकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरु से योग की अनूठी धारा दुनिया को हैरत में डालने वाली है। यूं तो बेंगलुरु आईटी हब है, लेकिन यहां आध्यात्मिक ज्ञान व योग की भी वैश्विक ख्याति है। आजकल बेंगलुरु स्थित अक्षर योग केंद्र इन देश-विदेश के हजारों योग साधकों की गहमा-गहमी का केंद्र बना हुआ है। आध्यात्मिक व योग गुरु हिमालय सिद्ध अक्षर के नेतृत्व में इतिहास रचने की तैयारी जारी है। जिसमें अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका व एशिया के हजारों प्रतिभागी 12 गिनीज बुक रिकॉर्ड के ऑफिशियल प्रयास की तैयारी में जुटे हैं। यह आयोजन इस बार 11वें विश्व योग दिवस पर होने जा रहा है। अन्य विधाओं के साथ योग में भी विश्व रिकॉर्ड बनाने की क्या जरूरत है। हिमालय सिद्ध अक्षर कहते हैं कि यह प्रयास हमारी प्राचीन विरासत के संरक्षण के साथ दुनिया को यह बताना है कि इसके असली वारिस हम ही हैं। उल्लेखनीय है कि इस बार 11वें विश्व योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ घोषित की है। उल्लेखनीय है कि साल 2010 में स्थापित अक्षर योग केंद्र यह आयोजन पहले ताइवान में करने जा रहा था। लेकिन भू-राजनीतिक कारणों की चुनौती के चलते इस आयोजन को बेंगलुरु में ही आयोजित करने का फैसला किया है। बता दें कि अक्षर योग केंद्र के नाम पहले ही योगासनों के नौ विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। जिसमें संस्थान के नाम वर्ष 2021 में वशिष्ठासन, 2022 में धनुरासन, वर्ष 2023 में उष्ट्रासन, हलासन तथा 2024 में चक्रासन, नौकासन, कौडिन्यासन, नटराजासन व सूर्य नमस्कार के लिए गिनीज बुक रिकॉर्ड दर्ज हो चुके हैं।

**रिकॉर्ड के लिए जुटेंगे देशी-विदेशी साधक**

दरअसल, पिछले डेढ़ महीने से दो हजार युवा योग साधक ट्रेंड हो रहे हैं। इस बार होने वाली प्रतियोगिता में हर रिकॉर्ड भाग लेने वाले साधकों के नंबर दिए जाएंगे। इस बार जहां कुछ रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, वहीं कुछ रिकॉर्ड टूटेंगे। उनकी संख्या में विस्तार किया जाएगा। इस बार की स्पर्धा का रोचक पक्ष यह है कि इसमें सेना व अर्द्ध सैनिक बलों के योग साधक रिकॉर्ड बनाने वाली टीम का हिस्सा होंगे। इसमें थल सेना, वायु सेना, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ व कर्नाटक पुलिस के युवा साधक शामिल होंगे। इनके हर विभाग के युवा होंगे। इसके अलावा कालेज के छात्र व मल्टीनेशनल कंपनियों के साधक भी शामिल होंगे। साथ ही, अक्षर योग केंद्र के साढ़े तीन सौ विदेशी साधक आएंगे। जिनमें फ्रांस, यूएसए, लंदन, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर, ताइवान, मलेशिया व जापान के योग साधक शामिल हैं। इन साधकों की पिछले दो महीने से ऑनलाइन ट्रेनिंग चल रही है। इन रिकॉर्ड की तार्किकता की पड़ताल के लिए गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की तरफ से दो सौ इंस्पेक्ट स्टुअर्ड तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड के तीन सीनियर ऑफिशियल भी मौजूद रहेंगे। इसमें एक विदेश से तथा दो भारत स्थित ऑफिशियल टीम का हिस्सा होंगे।

**ट्रेनिंग के लिए 70 योग शिक्षकों की टीम**


उल्लेखनीय है कि रिकॉर्ड दर्ज करने से इसकी लंबी प्रक्रिया में पहले आवेदन किया जाता है कि ऐसे रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, इसकी इतनी समय अवधि होगी। फिर टीम पूरे विश्व में जांच करती है कि क्या इससे पहले कोई रिकॉर्ड दर्ज तो नहीं है। समय, संख्या के अलावा बारह से अधिक पैरामीटर निर्धारित हैं। कुछ आसनों में छोटे बच्चे भाग नहीं ले सकते। जैसे बारह साल से कम के बच्चों को सुरक्षा कारणों से हैंड स्टैंड नहीं करने दिया जाता। वहीं अक्षर योग केंद्र की 70 योग शिक्षकों की टीम है, जिनकी मदद के लिए हैल्पर भी नियुक्त किए गए हैं। जो साधकों को योग सिखा रहे हैं। इस आयोजन का एक रोचक पक्ष यह है कि लगभग 50 दिव्यांग बच्चों की दो विशेष टीम भी आयोजन का हिस्सा होंगी। एक भारत से और दूसरी विदेशों से। ये दिव्यांग बच्चे बारह में से छह आसन पूरा करेंगे। ये देख- सुन नहीं सकते। ये बच्चे प्रतियोगिता वाले दिन मेन स्टेज पर प्रदर्शन भी करेंगे।

**80 दिनों तक 12 आसनों का प्रशिक्षण**

इस साल ग्यारहवें विश्व योग दिवस 21 जून को होने वाले इस आयोजन में देश-विदेश के हजारों योग साधक हिमालय सिद्ध अक्षर के मार्गदर्शन में पसीना बहा रहे हैं। इस साल बनने वाले रिकॉर्ड में जो आसन शामिल हैं उनमें भद्रासन, अधोमुख श्वानासन, शलभासन, गरुड़ासन , एक पाद पादांगुष्ठासन, उभय पादांगुष्ठासन, एक पाद राजकपोतासन प्रमुख हैं। वहीं जो पिछले रिकॉर्ड तोड़ने की तैयारी है, उनमें सेतुबंध, सर्वांगासन, वीरभद्रासन व उत्कटासन शामिल हैं। हिमालय सिद्ध अक्षर बताते हैं कि योग के इस महाकुंभ में करीब साठ देशों के योग साधक भाग लेगें। फिलहाल इसमें अमेरिका, यूरोप व एशियाई देशों के लगभग पांच-पांच सीनियर टीचर मूव करेंगे। ए सीनियर योग शिक्षक हैं। वहीं ट्रेंड योग साधकों की संख्या दो हजार के करीब रहेगी।

-साभार डीटी

# अंधविश्वास तथा आडम्बरों के घोर विरोधी थे कबीर दास






**मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 11 जून को मनाई जा रही है। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया।**

मध्यकालीन युग के महान कवि संत कबीर दास जी ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत कर दिया और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल था। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया।

मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष ज्एष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 11 जून को मनाई जा रही है। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया। संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे।

उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। एक दिन सत्संग खत्म होने के बाद भी एक व्यक्ति वहां बैठा रहा। कबीरदास ने उस व्यक्ति से इसका कारण पूछा तो उसने उत्तर दिया, महाराज! मुझे आपसे कुछ जानना है। दरअसल मैं एक गृहस्थ हूं और परिवार में सभी लोगों से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है। मुझे समझ ही नहीं आता कि आखिर मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह किस प्रकार दूर हो सकता है? संत कबीर कुछ देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी को आवाज लगाते हुए कहा कि जरा लालटेन जलाकर लाओ! दोपहर का समय था और बाहर तेज धूप निकली हुई थी लेकिन उनकी पत्नी बिना कोई सवाल पूछे चुपचाप उनके कहेनुसार लालटेन जलाकर ले आई।

वह आदमी भौंचक्का सा यह दृश्य देखते हुए विचार करने लगा कि आखिर संत ने इतनी दोपहर में भी लालटेन क्यों मंगाई है? कुछ मिनटों के बाद कबीरदास ने फिर पत्नी को आवाज लगाई और कहा कि जरा कुछ मीठा दे जाना। पत्नी आई और मीठे के बजाय थोड़ी नमकीन रखकर चली गई। वह व्यक्ति सोचने लगा कि ए संत और इनकी पत्नी शायद पागल हैं, तभी दोपहर के समय लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलती है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं। लेकिन कबीरदास ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है?

उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी। इसी प्रकार मेरे मीठा मंगवाने पर जब वह नमकीन देकर गई तो मैं भी उससे बहस कर सकता था लेकिन मैंने विचार किया कि संभवत: घर में कोई मीठी वस्तु नहीं होने पर ही वह नमकीन देकर गई है। आखिर गृहस्थ जीवन में ऐसे बातों को लेकर तकरार का क्या अर्थ? कबीरदास ने उसे गृहस्थ जीवन का मूल मंत्र समझाते हुए कहा कि अगर पति से कोई गलती हो जाए तो पत्नी संभाल ले और पत्नी से कोई गलती होने पर पति उसे नजरअंदाज कर दे। गृहस्थी में आपसी विश्वास से ही तालमेल बनता है और इससे विषम से विषम परिस्थिति भी स्वत: ही हल हो जाती है।

# गोलीबारी से ऑस्ट्रिया के स्कूल में 11 छात्रों की मौत

## हमलावर स्कूल के छात्र ने खुद को भी मारी गोली



**वियना।** ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में मंगलवार सुबह एक हाई स्कूल में फायरिंग की घटना हुई। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 28 घायल हो गए। उनमें से चार की हालत बेहद गंभीर है। कुछ लोगों के सिर में भी गोली लगी है।

पुलिस ने इलाके में बड़ा ऑपरेशन शुरू कर दिया है और लोगों से कहा गया है कि वे वहां से दूर रहें। ऑस्ट्रियाई मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेनगैस हाई स्कूल के अंदर गोलियों की आवाजें सुनी गईं। इसके तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध हमलावर शायद उसी स्कूल का छात्र था और उसने खुद को गोली मारकर जान ले ली। स्कूल के बाथरूम में उसकी बॉडी मिलने की भी सूचना है। ऑस्ट्रिया के गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मृतकों की वास्तविक संख्या अभी नहीं बताई जा सकती है, इसके साथ ही घायलों की संख्या की पुष्टि भी नहीं की जा सकती है। पुलिस प्रवक्ता सबरी योर्गुन ने बताया कि पुलिस अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वहां क्या हुआ था। फिलहाल स्पेशल फोर्स कोबरा को मौके पर तैनात किया गया है। ऑस्ट्रियाई चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर भी ग्राज के लिए रवाना हो गए हैं, जहां उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की योजना है। हाई स्कूल में घटी इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके को घेर लिया गया है और पुलिस ने लोगों से शांत रहने और अफवाहों से बचने की अपील की है।

ग्राज ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जो देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और वहां करीब 3 लाख लोग रहते हैं। यूरोपीय यूनियन के विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि ऑस्ट्रिया के स्कूल में गोलीबारी की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं। हर बच्चे को स्कूल में सुरक्षित महसूस करना चाहिए और उसे भय और हिंसा से मुक्त होकर सीखने में सक्षम होना चाहिए। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और ऑस्ट्रियाई लोगों के साथ हैं।

## कैलिफोर्निया: पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर चलाई रबर की गोलियां

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स शहर में पुलिस ने शोरगुल वाले ग्रेनेडों के बाद सबसे सक्रिय प्रदर्शनकारियों पर रबर की गोलियां चलाई है। समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने बताया कि इससे पहले सुरक्षा बलों ने फ्लैश-बैंग ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। बाद में कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने सक्रिय प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया। गौरतलब है कि हिंसा सात जून को तब भड़की जब लॉस एंजिल्स में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) सेवा की ओर से अवैध प्रवासियों के खिलाफ छापेमारी की गई, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं। इसी बीच प्रांत के लिए संघीय फंड में कटौती की खबरें भी सामने आईं। अगले दिन व्हाइट हाउस ने शहर में दो हजार नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती का ऐलान किया। लॉस एंजिल्स काउंटी के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने नेशनल गार्ड की तैनाती की मांग नहीं की थी।



कीव। रूसी ड्रोन हमले के दौरान बम आश्रय के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे मेट्रो स्टेशन पर आराम करते लोग।

## अमेरिका की राजधानी में सैन्य परेड की तैयारी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की राजधानी में सेना के 250वें जन्मदिन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 79वें जन्मदिन के सम्मान में शनिवार की सैन्य परेड की तैयारी हो रही है। सीक्रेट सर्विस के वाशिंगटन फील्ड ऑफिस के मैट मैककूल ने सोमवार को एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि हम भारी भीड़ के लिए तैयारी कर रहे हैं। अधिकारी के अनुसार 18 मील से अधिक 'एंटी-स्केल फेंसिग' लगाई जाएगी और कई ड्रोन का भी उपयोग किया जाएगा। कोलंबिया का पूरा जिला आम तौर पर ड्रोन के लिए नो-फ्लाई ज़ोन है। सेना के अधिकारियों ने शाम की सैन्य परेड में लगभग दो लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान लगाया है और मैककूल ने कहा कि वह इस समारोह में लाखों लोगों आगमन के लिए तैयार हैं। दिन के समय जन्मदिन समारोह और रात के समय परेड में प्रवेश को नियंत्रित करने वाली सुरक्षा चौकियों पर कुल 175 मैग्नेटोमीटर का उपयोग किया जायेगा।

# गाजा में उग्रवादी संगठन की मदद कर रहा इजरायल

## हमास का मुकाबला करने के लिए हाथयार भी दिए

**गाजा।** इजरायल सरकार पर गंभीर आरोप लगे हैं कि उसने गाजा में हमास का मुकाबला करने के लिए एक फलस्तीनी मिलिशिया को हथियार दिए हैं। गाजा में हमास का पिछले 2 दशक से कब्जा है।

इजरायल तमाम कोशिशों के बावजूद हमास का पूरी तरह से खात्मा नहीं कर पाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इजरायल ने गाजा में हमास को खत्म करने की जिम्मेदारी 'पॉपुलर फोर्सेज' को दी है। इसका लीडर यासर अबू शबाब है। अबू शबाब खुद को 'आतंकवाद को मिटाने वाला' कहता है, लेकिन कई मानवाधिकार संगठन इसे लुटेरों

### नेतन्याहू बोले: इसमें कोई बुराई नहीं

और अपराधियों का नेता मानते हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी पिछले सप्ताह माना था कि उन्होंने गाजा में हमास को कमजोर करने के लिए उनके विरोधी संगठनों को अपना समर्थन दिया है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर इससे इजरायली सैनिकों की जान बचती है, तो इसमें क्या गलत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अबू शबाब एक समय छोटे अपराधों में लिप्त था। कुछ साल पहले हमास की पुलिस ने उसे चोरी और ड्रग्स की तस्करी के आरोप में जेल में डाल दिया था। 2023 के अंत में जब इजरायल और हमास के बीच जंग छिड़ी, तो इजरायली हवाई हमलों की आड़ में वह जेल से फरार हो गया। जेल से भागने के बाद उसने खुद का एक सशस्त्र संगठन पॉपुलर फोर्सेज मिलिशिया खड़ा कर लिया। पॉपुलर फोर्सेज मिलिशिया दक्षिणी गाजा में एक्टिव है। इसमें 100 से ज्यादा मेंबर हैं। ये लड़ाके फलस्तीनी झंडे और 'काउंटर- टेररिज्म यूनिट' के पैच वाली वर्दी पहनते हैं। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि पॉपुलर फोर्सेज इजरायली सेना के नियंत्रण वाले इलाकों में काम कर रही है।

# कैटरीना कैफ बनी मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर

## भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने की कोशिश



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ अब मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर बन गई हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की गई। विजिट मालदीव ने इस खबर को शेयर करते हुए कहा कि वे कैटरीना कैफ को अपने ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पाकर बेहद खुश हैं।

गौरतलब है कि कैटरीना भारत में ब्रांड एंडोर्समेंट की दुनिया का बड़ा चेहरा हैं। कैटरीना ने इस मौके पर कहा कि मालदीव लग्जरी और नेचुरल ब्यूटी का शिखर है, ऐसी जगह जहां सादगी और शांति एक साथ मिलती है। 'सनी साइड ऑफ लाइफ' का फेस बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। इस कोलेबोरेशन के जरिए मैं दुनियाभर के लोगों को मालदीव की खासियत और बेहतरीन यात्रा अनुभव से परिचित कराने के लिए उत्साहित हूं। भारत-मालदीव रिश्तों में खटास के बीच आया यह कोलेबोरेशन यह कोलेबोरेशन ऐसे वक्त में हुआ है जब भारत और मालदीव के रिश्तों में पिछले साल जनवरी के बाद से कुछ कड़वाहट देखी गई थी। विजिट मालदीव ने हाल ही में समर सेल कैंपेन लॉन्च किया है ताकि दुनियाभर से ज्यादा से ज्यादा सैलानी मालदीव की खूबसूरती, समृद्ध समुद्री जीवन और लग्जरी अनुभवों को जान सकें। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने मालदीव की यात्रा पर जा सकते हैं। मालदीव नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों ने बढ़ाया था विवाद गौरतलब है कि 2024 की शुरुआत में दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई थी।

# यमन में 177 अफ्रीकी प्रवासियों को बचाया गया

**अदन।** यमन के सुरक्षा बलों ने सोमवार को रेड सी तट के बाब अल-मंडब क्षेत्र में मानव तस्करी गिरोह से 177 अफ्रीकी प्रवासियों को बचाया, जिसमें कई महिलाएं भी शामिल थीं।

यहां के एक सुरक्षा सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि यमन के सरकारी बलों ने तैज प्रांत के धुबाब तटीय जिले में मानव तस्करी नेटवर्क से कई इथियोपियाई प्रवासियों को मुक्त कराया। यह बचाव अभियान बाब अल-मंडब से लेकर प्रांत लाहज के रस अल-अरह तटीय क्षेत्र तक फैले एक व्यापक सुरक्षा ऑपरेशन का हिस्सा था। सूत्रों के अनुसार यमन की पश्चिमी तटरेखा पर अफीकी और यमनी तस्करों के सहयोग से मानव तस्करी के नेटवर्क सक्रिय हैं। ये गिरोह नाव से आये अवैध प्रवासियों को अपहरण कर निजी ठिकानों में कैद कर उनका शोषण करते हैं। यमनी न्यूज एजेंसी दो दिसम्बर ने इस सुरक्षा अभियान की पुष्टि करते हुए, इसे मानव तस्करी के खिलाफ जारी मुहिम का हिस्सा बताया। पश्चिमी तटीय सुरक्षा क्षेत्र के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल मुजाहिद अल-हजौरा ने कहा कि इस अभियान में धुबाब के विभिन्न हिस्सों में तस्करों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले ठिकानों और हिरासत स्थलों को निशाना बनाया गया तथा 123 पुरुषों और 54 महिलाओं को सफलतापूर्वक मुक्त कराया गया।

# पाक हुआ 76 हजार अरब रुपये का कर्जदार, वित्त मंत्री फिर भी संतुष्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार, 9 जून को इकोनॉमिक सर्वे 2024-25 जारी किया गया। इसे वित्तमंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने पेश किया। सर्वे के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में पाकिस्तान पर कर्ज बढ़कर 76000 अरब पाकिस्तानी रुपये हो गया।

इसमें से 51500 अरब रुपये लोकल बैंकों से और 24500 अरब रुपये देश के बाहर दूसरे देशों या बैंकों से लिया गया है। वित्तमंत्री ने कहा कि पिछले दो सालों से देश की अर्थव्यवस्था में सुधार आया है। मौजूदा वित्त वर्ष में इसमें स्थिरता और मजबूती आई है। नकदी के संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था इस साल 2.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। पाकिस्तान का वित्तीय वर्ष 1 जुलाई से शुरू होता है, जिसके लिए



### दो साल में अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटी

आज शाम पाकिस्तान का बजट पेश होगा। इससे एक दिन पहले इकोनॉमिक सर्वे पेश किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में औरंगजेब ने बताया कि साल 2023 में जीडीपी ग्रोथ 0.2 प्रतिशत थी, जो 2024 में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई है। वित्तमंत्री ने कहा, 2025 के लिए हमने 2.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। यह एक रिकवरी है और स्थाई विकास की दिशा में सही कदम है। अगला वित्तीय वर्ष एक बदलाव की कहानी होगा। वित्त वर्ष 2024-25 में जुलाई से अप्रैल के बीच चालू खाता (करंट अकाउंट) में 1.9 अरब डॉलर का सरप्लस दर्ज हुआ। इसकी मुख्य वजह आईटी सेक्टर से 3.5 अरब डॉलर का होने वाला निर्यात रहा। रेमिटेंस यानी जो लोग दूसरे देशों में पैसा कमाकर पाकिस्तान भेजते हैं, वो इस साल के अंत तक 37 से 38 अरब डॉलर पहुंच सकता है। दो साल पहले यह 27 अरब डॉलर था। 30 जून 2024 तक पाकिस्तान का फॉरेक्स रिजर्व्स यानी विदेशी मुद्रा भंडार 9.4 अरब डॉलर थे। 2023 में पाकिस्तान के पास सिर्फ दो हफ्ते के आयात के लिए ही विदेशी मुद्रा भंडार बचा था।

## अमेरिका में व्यापक यात्रा प्रतिबंध लागू

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से जारी व्यापक यात्रा प्रतिबंध सोमवार से लागू हो गया, जो ट्रम्प-प्रशासन की कड़ी आव्रजन नीति के बीच बढ़ते हंगामे के दौरान आया है। सप्ताहांत में, कैलिफोर्निया में आव्रजन छापों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लॉस एंजिलेस में प्रदर्शनकारियों की नेशनल गार्ड से झड़प हुई। न्यूयॉर्क सिटी में सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्पटॉवर पर कब्जा कर लिया और हाल ही में हिरासत में लिए गए प्रवासियों की रिहाई की मांग की। करीब 20 मिनट की तनातनी के बाद पुलिस ने करीब 20 लोगों को गिरफ्तार किया। पिछले सप्ताह ट्रम्प ने एक घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया।

## मेलबर्न में कार दुर्घटना में दो लड़कों की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी मेलबर्न में सोमवार देर रात एक कार दुर्घटना में दो लड़कों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी गिप्सलैंड क्षेत्र में मंगलवार को मेलबर्न से 300 किलोमीटर पूर्व में ओरबोस्ट शहर में एक कार के पेड़ से टकराने की सूचना पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। इस हादसे में 18 वर्षीय पुरुष चालक और 15 वर्षीय पुरुष यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।




# छात्र बदसलूकी पर अमेरिका ने दी सफाई

## अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं, वैध तरीके से आएं, तो स्वागत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूजर्सी में भारतीय छात्र को जमीन पर पटकने, हथकड़ी लगाने और डिपोर्ट करने के मुद्दे पर भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने मंगलवार को बयान दिया। दूतावास ने कहा कि अमेरिका में अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर लिखा-अमेरिका अपने देश में वैध यात्रियों का स्वागत करता है।

हम अवैध एंट्री, वीजा का दुरुपयोग या अमेरिकी कानून के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इससे पहले भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन कुणाल जैन ने रविवार को इस घटना वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जैन ने एक्स पर लिखा-मैंने न्यूअर्क एयरपोर्ट पर एक युवा भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर, रोते हुए, अपराधी की तरह ट्रीट होते देखा। जैन ने बताया कि छात्र हरियाणवी में कह रहा था कि मैं पागल नहीं हूं,

### एयरपोर्ट पर छात्र को पटका फिर इंडिया भेजा था

ये लोग मुझे पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। वीडियो में एयरपोर्ट अधिकारियों ने छात्र को जमीन पर पटका और उसे हथकड़ी लगाई। इसके बाद उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। अभी तक यह साफ नहीं है कि छात्र को किस वजह से डिपोर्ट किया गया। अधिकारियों ने भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर जमीन पर पटक दिया। छात्र ने कहा कि वो पागल नहीं है, उसे जबरदस्ती पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। कुनाल जैन ने कहा था कि बच्चे वीजा लेकर सुबह फ्लाइट से आते हैं। किसी कारण से इमिग्रेशन अथॉरिटीज को अपने आने का कारण समझा नहीं पाते और शाम की फ्लाइट से हाथ-पैर बांधकर, मुजरिमों की तरह भेज दिए जाते हैं। हर दिन 3-4 ऐसे मामले हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे केस ज्यादा बढ़ गए हैं। जैन ने भारतीय दूतावास, अमेरिका और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने लिखा था कि पता लगाना चाहिए कि इस छात्र का क्या हो रहा है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर एक्स पर लिखा कि अमेरिका में लगातार भारतीय नागरिकों को अपमानित किया जा रहा है। हर दिन ऐसी खबरें आ रही हैं और नरेंद्र मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। मोदी सरकार भारतीयों के सम्मान की रक्षा करने में नाकाम साबित हुई है। हमारी मांग है कि नरेंद्र मोदी को ट्रंप प्रशासन से भारतीयों के अपमान को लेकर बात करनी चाहिए।

